सेंसेक्स 71,595.49 ▲ +167.06
डॉलर 83.012 ▼ +0.036

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	27.0	12.0	16.0
धनबाद	26.0	12.0	18.0
जमशेदपुर	31.0	14.0	22.0
पलामू	27.0	11.0	17.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 02, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 11 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 116, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | रिजर्व बैंक उपभोक्ताओं की भी परेशानी समझे ...8 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | दलित-आदिवासी सरकार की कल्याण...12 | देश/विदेश

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,420
चांदी (किलो) 71,170

एक नजर

जेएसएससी पेपर लीक मामले में पलामू से दो युवक हिरासत में

मेदिनीनगर। झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के प्रश्न पत्र लीक के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने शनिवार को पलामू के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की है। इस दौरान एसआईटी ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। दोनों युवकों को एसआईटी की टीम अपने साथ रांची ले गई है। दोनों युवकों के मोबाइल पर जेएसएससी का प्रश्न पत्र मिला है। एसआईटी प्रश्न पत्र भेजने वालों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार एसआईटी पलामू में पिछले 24 घंटे से कैम्प कर रही थी। टीम ने मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र और हुसैनाबाद के इलाके में छापेमारी की है। पकड़े गये दोनों युवकों से मेदिनीनगर टाउन थाना में कई घंटे तक पूछताछ हुई है। पूछताछ के बाद दोनों युवक को टीम साथ ले गई है। एसआईटी पलामू के एक कोचिंग संचालक रवि किशोर की तलाश कर रही है। रवि के घर पर भी पुलिस अधिकारियों ने छापेमारी की है, लेकिन वह नहीं मिला। विदित हो कि कुछ वर्ष पहले पलामू में फोर्थ ग्रेड की भर्ती के दौरान भी रवि का नाम सामने आया था।

मुख्यमंत्री चम्पाई ने किया 456 करोड़ की पलामू पाइप लाइन सिंचाई योजना का शिलान्यास, कहा

पलामू को हरा-भरा रखना सरकार का लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सूबे के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना इस जिले के लिए महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के पूरा होने से पलामू के छोटे-बड़े सभी किसान लाभान्वित होंगे। पलामू अक्सर सुखाड़ के चपेट में रहता है। समय पर वर्षा नही होने के कारण अथवा कम बारिश के कारण सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न होती है। हमारी सरकार की सोच है कि पलामू पूर्ण रूप से हरा-भरा रहे। इसी के निमित्त आज इस पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना का शिलान्यास किया गया है। सीएम चम्पाई सोरेन शनिवार को शहर के शिवाजी मैदान में पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-दुनिया जब तेज गति से प्रगति कर रहा है तो हमारा झारखंड क्यों पीछे रहेगा। पलामू के किसानों के खेत में 12 महीना पानी पहुंचाएंगे,इस संकल्प के साथ हमारी सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच को हमारी सरकार आगे बढ़ा रही है। आज पलामू की धरती पर इस सिंचाई योजना का शिलान्यास होने से यहां के छोटे-बड़े डैम, चेक डैम, तालाब, आहर सहित विभिन्न जलाशयों में सिंचाई हेतु जल का संग्रह किया जा सकेगा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच के अनुरूप सभी योजनाओं को हम धरातल पर उतारने का हर संभव प्रयास करेंगे।

विस्तृत खबर पेज तीन पर...

किसानों को मिलेगी सिंचाई सुविधा : मंत्री

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि विकसित झारखंड, उभरता झारखंड, बढ़ता झारखंड और बदलता झारखंड की ओर सरकार अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में सुखाड़ की स्थिति बनी रहती थी। ऐसे में पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना से यहां के लोगों को सिंचाई सुविधा मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव-गांव में शिविर लगाकर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया गया है। अबुआ आवास योजना के लिए प्राप्त आवेदनों के आलोक में योग्य लाभुकों को गढ़वा जिले में लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम को गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, आयुक्त पलामू दशरथ चन्द्र दास, पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त पलामू शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन सहित अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

झारखंड में सभी गरीबों का होगा पक्का मकान : चम्पाई

जनता की उम्मीद और आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में बढ़ चुके हैं कदम

गढ़वा। झारखंड में हर वर्ग को सम्मान मिलेगा। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। सभी के साथ न्याय होगा। राज्य की जनता को पूरे मान-सम्मान के साथ हक -अधिकार देंगे। यह हमारी सरकार का संकल्प है। पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शनिवार को गढ़वा में आयोजित पलामू प्रमंडल स्तरीय अबुआ आवास योजना कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान यह बाते कहीं। इस अवसर पर उन्होंने इस योजना के तहत चयनित लाभुकों को सांकेतिक रूप से आवास का स्वीकृति पत्र एवं उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त की राशि हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य में सभी गरीबों व जरूरतमंदों का पक्का मकान होगा। अब किसी भी व्यक्ति का कच्चा और जर्जर घर नहीं होगा। राज्य सरकार अपने बलबूते 20 लाख लोगों को तीन कमरे का पक्का मकान देगी। इसका आगाज हो चुका है।

विकास की लकीर को लंबी करेंगे : मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पिछले 4 वर्षों के अपने कार्यकाल में जिस तरह विकास के कार्य किए हैं। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग और तबके को सशक्त बनाने का काम किया, वह अभी नहीं थमेगा । हमारी सरकार हेमन्त सोरेन द्वारा खींची गई विकास की लकीर को और लंबा करेगी। हम इस राज्य की तस्वीर और तकदीर को बदलेंगे।

विस्तृत खबर गढ़वा पेज 4 पर....

लातेहार में 10 लाख के इनामी माओवादी जोनल कमांडर

लालदीप गंझू ने किया सरेंडर

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। भाकपा माओवादी का जोनल कमांडर कलटू उर्फ लालदीप गंझू ने शनिवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। लालदीप 10 लाख रुपए का इनामी नक्सली है। इस पर लातेहार जिले के अलावे चतरा और बिहार के विभिन्न जिलों में कई नक्सली कांड से संबंधित मामले दर्ज हैं। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के कार्यालय के सभागार में लालदीप ने एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि नक्सली जोनल कमांडर लालदीप पिछले 20 वर्षों से माओवादी संगठन से जुड़ा हुआ था और विभिन्न बड़े नक्सलियों के साथ मिलकर हिंसक घटनाओं को अंजाम देता था। परंतु पुलिस के द्वारा इन दोनों चलाए जा रहे नक्सलियों के खिलाफ बड़े अभियान से माओवादी काफी कमजोर हो गए हैं। इसी बीच लालदीप ने सरकार के आत्मसमर्पण नीति का लाभ लेते हुए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करना चाहा।

एसपी ने बताया कि लालदीप को आत्मसमर्पण नीति के तहत मिलने वाले लाभ की पूरी जानकारी दी गई। इसके बाद लालदीप ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली लालदीप ने बताया कि वह 12 वर्ष की उम्र में ही नक्सली संगठन में शामिल हो गया था। 20 वर्षों तक वह कई बड़े नक्सलियों के संपर्क में रहा और नक्सली घटनाओं में शामिल भी रहा। परंतु अब नक्सली संगठन बाहर निकाल कर वह समाज के मुख्यधारा से जुड़कर रहना चाहता है। इसलिए उसने पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण किया है।

रांची के खलारी में कोयला कारोबारी पर फायरिंग, जख्मी

रांची। रांची जिले के खलारी थाना क्षेत्र में कोयला कारोबारी रवि कुमार दास पर अपराधियों ने शनिवार को दिनदहाड़े फायरिंग की। उसे जख्मी हालत में इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। कारोबारी की जांघ में गोली लगी है। हालांकि, उस पर पांच से छह गोलियां चलाई गईं, लेकिन उसने भागकर किसी तरह जान बचाई। वारदात नॉर्थ कर्णपुरा एरिया के केडीएच कांटाघर के पास की है। बताया गया कि रवि अपनी मोटरसाइकिल से कोयला लोडिंग कराने केडीएच कोल डंप जा रहा था। कांटा घर के समीप कच्चे रास्ते में पहले से घात लगाए तीन अपराधियों ने उस पर पिस्टल से फायरिंग कर दी। एक गोली उसकी पैंट में रखी मोबाइल में लगी, जबकि दूसरी गोली कमर को छूते हुए निकल गई। रवि ने बाइक छोड़ किसी तरह भागते हुए जान बचाई। सूचना पाकर सीआईएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे। वारदात के बाद इलाके में दहशत है। परियोजना में रोड सेल के माध्यम से कोयला उठाव पूरी तरह बंद हो गया है। बता दें कि 4 जनवरी को रांची में इसी इलाके के कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव को अपराधियों ने गोलियों से भून डाला था।

राम मंदिर का प्रस्ताव पारित कर सदन ने भावी पीढ़ी को शक्ति दी है

5 साल रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का रहा : पीएम

संविधान में जो दरार दिखाई देती थी, उसे धारा-370 हटाकर भर दिया

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 17वीं लोकसभा में कई बड़े फैसले हुए। यह पांच साल देश में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के थे। उन्होंने सदन के सभी सदस्यों का अभिवादन किया। पीएम मोदी ने कहा कि 17वीं लोकसभा में 5 वर्ष देश सेवा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय किए गए और अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए भी सबने अपने सामर्थ्य से देश को उचित दिशा देने का प्रयास किया। पीएम मोदी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की तारीफ करते हुए कहा, हर पल आपका चेहरा हमेशा मुस्कान से भरा रहता है, चाहे कुछ भी हो जाए उस मुस्कान में कमी नहीं आई। उन्होंने कहा, संसद का नया भवन हो इसकी चर्चा सदन में होती थी, लेकिन इस पर निर्णय नहीं होता था। सभापति महोदय आपके नेतृत्व में इस पर विचार और निर्णय हुआ। इसके बाद अब देश को नया संसद भवन मिला है। पीएम मोदी ने कहा, मैं माननीय सांसदों का भी इस बात के लिए आभार व्यक्त करता हूं कि संकट काल में देश की आवश्यकताओं को देखते हुए सांसद निधि छोड़ने का प्रस्ताव जब मैंने माननीय सांसदों के सामने रखा, तो एक पल के विलंब के बिना सभी सांसदों ने इस प्रस्ताव को मान लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राम मंदिर को लेकर इस सदन ने जो प्रस्ताव पारित किया है, वह देश की भावी पीढ़ी को इस देश के मूल्य पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति दे रहा है। यह सही है, हर किसी में ये सामर्थ्य नहीं होता है, कोई हिम्मत दिखाते हैं, कोई मैदान छोड़ देता है। इस दौरान पीएम मोदी ने सभी सांसदों का आभार व्यक्त किया। पीएम ने कहा इस 17वीं लोकसभा के माध्यम से बहुत सारे ऐसे काम हुए हैं, जिसका लोग पीढ़ियों से इंतजार करते थे। अनेक पीढ़ियों ने एक संविधान के लिए सपना देखा था। लेकिन, हर पल वो संविधान में दरार दिखाई देती थी, एक रूकावट चुभती थी, इसी सदन ने धारा-370 हटा दिया।

इंडिया

सनातन और गांधी से लेकर फादर बुल्के तक के राम

सुनील बादल

भारत में अभिवादन करते समय सेना से लेकर बहुत से लोग राम राम कहते हैं, सभी सनातनी बात बात पर रामचरित मानस की चौपाइयों को कहावतों की तरह उद्धृत करते हैं और राम की पूजा उस मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में होती है जो एक आदर्श राज्य यानी रामराज्य के परवर्तक थे तथा उनके परिवार के आदर्शों की कथा रामायण के रूप में सदियों से श्रद्धा से पढ़ी जाती है। धारावाहिक और फिल्मों के अलावा अनेक देशी- विदेशी भाषाओं में उनकी रामकथा अनुदित हुई। आज सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राम मंदिर बना तो एक बार फिर राम चर्चा के केंद्र में हैं। बाल्मीकि के संस्कृत रामायण के बाद भी अनेक रामायण आए पर लोकभाषा में तुलसीदास रचित रामचरित मानस की लोकप्रियता सर्वाधिक है। रामायण पर विशेष अध्ययन करने वाले रांची निवासी फादर कामिल बुल्के बाइबल के समान रामायण को महत्व देते थे और उनके आदर्श चरित्र का बहुत ही बारीकी से वर्णन किया है। रामायण का उर्दू, फारसी सहित अनेक विदेशी भाषाओं में भी अनुवाद हुआ और इसमें धार्मिक या विचारों के स्तर पर कभी विवाद नहीं हुआ। हे राम! महात्मा गांधी के ये आखिरी शब्द थे। अपने इन अन्तिम शब्दों के साथ महात्मा गांधी ने 30 जनवरी सन् 1948 के दिन दुनिया को अलविदा कहा था। गांधी एक सनातनी हिंदू थे हिंदू धर्म में उनकी अटूट आस्था थी। उनके आदर्श राम और सपनों का भारत रामराज्य पर आधारित था। उनकी कल्पना के केन्द्र में एक ऐसे भारत का निर्माण रचा बसा था जिसमें असमानता, अशिक्षा, असन्तोष, अशान्ति, अनैतिकता, अंधकार की कोई जगह नहीं थी। एक ऐसा राज्य जिसे श्री राम ने अयोध्या लौटने के बाद स्थापित किया था पुनः भारत में स्थापित करना ही गाँधी के जीवन का सार था। एक ऐसा अद्वितीय आदर्श राज्य जिसका उदाहरण आदिकाल से दिया जाता रहा है और संभवतः भविष्य में भी दिया जाता रहेगा जब तक इससे बेहतर शासन या परिवार चलाने का मॉडल न दिया जाए। गांधी उसी रामराज्य की कल्पना करते थे। गांधी जी का राम के राज्य जैसी धार्मिक सदभाव की भावना रखते थे। दुनिया के ज्यादातर धर्मो का सार जानने, समझने के साथ, 1947 में हरिजन में गांधी कहते हैं कि धर्म नैतिकता सिखाता है वे कहते थे कि, मेरा हिन्दुत्व मुझे सभी धर्मो का

आदर करना सिखाता है। रामराज्य का रहस्य इसी में निहित है। सबके अपने-अपने राम हैं, और सदियों से रहे हैं। किसी ने भक्ति में ढूंढा, किसी ने शक्ति में खोजा, किसी ने आत्मीयता तो किसी ने मानवता में राम को तलाश किया। गांधी के राम सबसे अलग हैं। गांधी के प्रातःकाल के भजनों में सबसे जनप्रिय 'रघुपति राघव राजा राम' है। उन्होंने अपने इस भजन के माध्यम से प्रत्येक दिन संपूर्ण विश्व को यह संदेश दिया मनुष्यों में कोई भेद नहीं हैं। गांधी के राम बेहद उदार, सौम्य और करूणानिधान हैं, मानवता के पोषक हैं, भावना के भंडार हैं, अभय की अमोघ शक्ति हैं राजा होकर भी लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित करने वाले हैं। छोटे बड़े के भेद से परे हैं, नारी के सम्मान के रक्षक हैं, युवाओं के मार्गदर्शक हैं, बच्चों के प्रेरणा श्रोत हैं। गांधी वर्ण व्यवस्था के हिमायती हैं और जाति-व्यवस्था के आलोचक हैं। गांधी सभी धर्म का सम्मान करते हुए हिन्दू धर्म को आदर्श मानते हैं। गांधी सन 1929 में यंग इंडिया में लिखते हैं कि रामराज्य से मेरा अर्थ हिंदू राज्य नहीं हैं बल्कि ईश्वरीय राज्य से है, भगवान के राज्य से है। गांधी का रामराज्य एक सच्चा लोकतंत्र है जिसमें समाज के हर तबके को समान प्रतिनिधित्व मिले, सभी के हितो का ध्यान रखा जाए वे कहते थे, मेरी कल्पना के राम कभी इस पृथ्वी पर रहे हों या न रहे हों, रामराज्य का प्राचीन आदर्श निस्संदेह एक सच्चा लोकतंत्र है जिसमें साधारण नागरिक भी लंबी-चौड़ी और महंगी प्रक्रिया के बिना शीघ्र न्याय पा सकता है। यंग इंडिया में उन्होने लिखा कि रामराज्य में कुत्ते तक को न्याय मिला था। गांधी ने सर्वधर्म समभाव अर्थात सभी धर्म समान हैं तथा सर्वधर्म सद्भाव अर्थात सभी धर्मों के प्रति सद्भावना बनाए रखने के लिए वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को पुरजोर तरीके से संसार के समक्ष रखा। गांधी के विचारों का प्रभाव था कि दुनिया भर के समाज चिन्तकों को जैसे- मार्टिन लूथर किंग, नेल्सन मंडेला, दलाई लामा आदि को प्रेरित होने का मौका भारत में मिला जिन्होंने दुनिया भर के सामाजिक एवं राजनैतिक आंदोलनों को प्रभावित किया। गाँधी के रामराज्य की कल्पना में बसे भारत, के निर्माण के दायित्व का जिम्मा अब सरकार के साथ-साथ हर भारतीय का भी है। जिसमें मानवता का बोलबाला हो। संस्कार से रोजगार तक फले फूले। ना शोषित हो ना शोषण हो, ना भय हो ना हिंसा हो तभी सही मायने में गांधी के राम आयेंगे और रामराज्य स्थापित होगा।

हाईकोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका की खारिज

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड के 1,250 करोड़ रुपए से भी ज्यादा के माइनिंग स्कैम के आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के दिन अभी जेल के भीतर ही गुजरेंगे। झारखंड हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। पंकज मिश्र 19 जुलाई 2022 से ही जेल में बंद है। उसने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए झारखंड हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला रिजर्व रखा था। कोर्ट ने शनिवार को अपना फैसला सुनाया। इसके पहले भी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में खारिज हो चुकी है। गौरतलब है कि पंकज मिश्रा झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का बेहद खास रहा है। ईडी अपनी चार्जशीट में पंकज मिश्रा को माइनिंग स्कैम का किंगपिन बता चुकी है। वर्ष 2022 में आठ जुलाई को साहिबगंज में पंकज मिश्रा सहित 18 लोगों के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। पंकज के सहयोगियों के ठिकानों से 5.34 करोड़ कैश मिले थे। आरोपियों के बैंक खातों में पड़े 13.32 करोड़ रुपए भी जब्त किए गए थे। ईडी ने जांच में पाया कि साहिबगंज में लीज से अधिक जमीन पर पत्थर खनन किया गया। यही नहीं, उन पहाड़ों को भी खोद डाला गया, जिनकी लीज नहीं हुई थी। इन सभी पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का आरोप भी साबित हुआ था। जांच में ईडी को यह भी पता चला कि साहिबगंज जिले में अवैध पत्थर खनन पर पंकज मिश्रा का सीधा नियंत्रण था। उसके संरक्षण में ही अवैध खनन और परिवहन होता था। इसके बदले पंकज मिश्रा मोटी रकम वसूलता था, जो लोग पैसे नहीं देते थे, उसका काम रुकवा दिया जाता था।

एक नजर

मजदूर के साथ है बीजेएमसी

विश्रामपुर। बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र का कोई भी मजदूर अपने आपको कभी अकेला नहीं समझे। उनके हर संघर्ष में भारतीय जनता मजदूर सेल मजबूती के साथ खड़ा है। श्री मिश्र शनिवार को विश्रामपुर और नावा बाजार प्रखंड के भ्रमण के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के कई मजदूरों से मुलाकात कर उनके दुख-दर्द को साझा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने रोष जताते हुये कहा कि ट्रैक्टरों पर खुलेआम बाल मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। जिला प्रशासन से मजदूरों का शोषण करने वाले लोगों पर अभियान चलाकर कार्रवाई का मांग की गयी।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा का होगा भव्य स्वागत

विश्रामपुर। कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ जब राहुल गांधी विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में प्रवेश करेंगे तो उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। यात्रा की सफलता हेतु पार्टी कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग से जुटे हैं। श्री पांडेय शनिवार को बीमोड़ पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने राहुल गांधी के प्रस्तावित दौरे के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कहा कि आगामी 14 फरवरी को राहुल गांधी विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में पंहुचेंगे। इस दौरान बी मोड़ और विश्रामपुर में कार्यकताओं और आम लोगों से सीधा संवाद करेंगे। उसके बाद इटको होते हुए श्री गांधी नावाबाजार चले जायेंगे। जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे।

किशोरी को भगाने का मामला दर्ज

हुसैनाबाद। थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नीयत से नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। किशारी के पिता की शिकायत पर आरापियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गयी है। दर्ज प्राथमिकी में गांव के ही विकास कुमार यादव, उपेन्द्र यादव, सुरेश यादव, इतवारिया देवी, व रामजी यादव के खिलाफ घर में सो रही 15 वर्षीय किशोरी को शादी की नीयत से दो लाख नगद और आभूषणों के साथ भगा ले जाने का आरोप लगाया गया है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी समीर तिर्की ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

ज्ञानदीप कान्वेंट स्कूल रेहला में दसवीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

बुनियादी ज्ञान के पाठशाला हैं विद्यालय

वर्ष 2024 के टॉप 10 प्री-बोर्ड छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। रेहला ज्ञानदीप कान्वेंट स्कूल में कक्षा दशम के उत्प्रेरित छात्र-छात्राओं के लिए शनिवार को सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन शिक्षाविद् डॉ. राजेश्वर पांडेय,स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय,अंतराष्ट्रीय हिंदी परिषद के राष्ट्रीय सचिव संतोष कुमार पाठक,युवा समाजसेवी राहुल दुबे,अंचल सीआई बलबीर सिंह,स्कूल की निदेशिका सुनीता पांडेय व प्राचार्य सोफिया हयात ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करते हुए मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम का संचालन अंकित कुमार पांडेय ने किया। अपने संबोधन में शिक्षाविद् डॉ. राजेश्वर पांडेय ने कहा कि विद्यालय की शिक्षा बुनियादी ज्ञान की पाठशाला है। अब यहां से जाने के बाद उच्च शिक्षा का निर्णय लेने का अधिकार छात्र-छात्राओं को खुद तय करना है। संस्थापक ने कहा कि प्रत्येक वर्ष स्कूल का मैट्रिक परीक्षा परिणाम जिले में टॉप फाईव में रहा है। छात्रा खुशी चौबे ने स्वागतम स्वागतम स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभाकामनायें दी गयीं।

भाजपा ओबीसी मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

कर्पूरी चौक पर नारेबाजी कर किया प्रदर्शन, जताया विरोध

नवीन मेल संवादाता

पांकी। भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय कर्पूरी चौक पर प्रदर्शन कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान नारेबाजी करते हुये कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनका बयान पिछड़े समाज का अपमान है। मोर्चा के जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी के द्वारा बार-बार ओबीसी वर्ग को अपमानित किया जा रहा है। जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कांग्रेस के सर्वोच्च नेता तत्काल ओबीसी को अपमानित करना बंद करें। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला लेकर भाजपा कार्यालय से जुलूस निकालकर कर्पूरी चौक पर पहुंचे। वहां जमकर नारेबाजी करते हुये पुतला दहन किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, महामंत्री श्यामनंदन ओझा, ललित मेहता, विजय ठाकुर, राजदेव मेहता, संतु सिंह, अक्षय कुमार, सत्यदेव पांडेय, जयकिशोर प्रसाद, दिलीप ठाकुर, संजय प्रसाद, लालकेश शर्मा उपस्थित थे।

सीसीटीवी में कैद हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

एनएच पर गोदाम के बाहर से ट्रैक्टर चोरी

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। थाना क्षेत्र के कौवाखोह गांव स्थित एनएच-98 पर गोदाम के बाहर से ट्रैक्टर व ट्राली शुक्रवार की रात चोरी हो गयी। बिजनीवार गांव निवासी ट्रैक्टर मालिक अर्जुन गुप्ता ने थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध शिकायत दर्ज करायी है। मौका मुआयना कर पुलिस गोदाम में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। ट्रैक्टर मालिक ने बताया कि रोज के तरह उनका ट्रैक्टर शुक्रवार की रात में भी गोदाम के बाहर खड़ा था। दूसरे दिन सुबह ट्रैक्टर गायब था। चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि रात करीब 2.10 बजे चोर ट्रैक्टर को लेकर जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी निरंजन सिंह ने बताया कि घटना सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। शीघ्र ही चोरों का पता लगा लिया जाएगा।

डुमरी के मछली पालक महिला समूह ने उपायुक्त को दिया आवेदन

समय पूर्व बंदोबस्ती समाप्त होने मत्स्य पालक परेशान

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर। प्रखंड क्षेत्र के डुमरी स्थित रानीताल डैम में मछली पालन करने वाली महिला समूह कमला आजीविका सखी मंडल ने पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि मत्स्य विभाग द्वारा रानीताल डैम में मछली पालन की अवधि समाप्त होने के पूर्व ही बंदोबस्ती को रद्द कर दिया गया है। आवेदन में कहा गया है कि सखी मंडल को तीन वर्ष तक रानीताल डैम में मछली पालन के लिए बंदोबस्त किया गया था। जिसकी अवधि मार्च 2024 में समाप्त होती है, लेकिन विभाग द्वारा दूसरे पक्ष की मिली भगत से समय पूर्व ही बंदोबस्त को रद्द कर दूसरे पक्ष को आवंटित कर दिया गया है। सखी मंडल ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2023-24 का राजस्व 32 हजार रुपए जमा करने के लिए विभाग का चक्कर लगाते-लगाते वे सभी थक गए हैं। इसके बाद भी विभाग द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि सखी मंडल द्वारा ससमय राजस्व भुगतान नहीं किया गया। सखी मंडल के सदस्यों का कहना है कि मछली पालन से उनके परिवार का भरन-पोषण होता था, लेकिन विभाग की मिलीभगत से इसे भी छीन लिया गया। आवेदन देने वालों में अध्यक्ष अनिता देवी, सचिव तबस्सुम बीबी,सैतुन बीबी,सुनीता देवी, साबी बीबी, शकीला बीबी, उर्मिला देवी, फरीदा बीबी का नाम शामिल है।

ट्रैक्टर ट्राली पलटने से किशोरवय मजदूर गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। विश्रामपुर ब्लाक रोड में शनिवार को ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से एक किशोरवय मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान सुजीत लोहार उम्र करीब दस साल के रूप में हुई है। घायल किशोर मेदिनीनगर शाहपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वह ट्रैक्टर-ट्राली पर लदी ईंट उतार रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर ट्राली पलट गयी। मजदूर का सीएचसी विश्रामपुर में सीएचसी प्रभारी डाक्टर राजेंद्र कुमार के निर्देशन में उपचार किया जा रहा है। जीएनएम सत्येंद्र कुमार,ड्रेसर फिरोज अंसारी आदि चिकित्सा में जुटे रहे।

चयनित केंद्रों को राज्य व जिला स्तर पर किया जायेगा पुरस्कृत

आठ सीएचसी व 19 पीएचसी-एचडब्ल्यूसी का वाह्य मूल्यांकन शुरू

मेदिनीनगर। पलामू जिले के अस्पतालों में कायाकल्प योजना के तहत वर्ष 2023-24 में अवार्ड के लिए एक्सटर्नल असेसमेंट (वाह्य मूल्यांकन) शुरू हो गया है। एक्सटर्नल असेसमेंट राज्य स्तरीय गठित टीमों के माध्यम से की जा रही है। पलामू जिला स्वास्थ्य विभाग के क्वालिटी इंसुरेंस के जिला प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि एक फरवरी से जिले में अससेमेंट का कार्य शुरू हो गया है,जो 12 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने इस वर्ष पलामू जिले में आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 17 पीएचसी तथा हेल्थ एंड वेलनेंस सेंटरों का असेसमेंट किया जाना है। जिसमें अब तक लेस्लीगंज, चैनपुर, छतरपुर, विश्रामपुर, हुसैनाबाद के सामुदायिक केंद्रों का असेसमेंट विभिन्न टीमों के माध्यम से किया गया है। अभी पांकी, पाटन और हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का असेसमेंट होना शेष है। इसके अलावे 17 पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेंस सेटरों में अधिकांश का असेसमेंट किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि कायाकल्प योजना अस्पतालों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता को बढ़ाने तथा संक्रमण रोकने के लिए महत्वपूर्ण योजना हैं। इसे सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छता एवं संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं का पालन करना आवश्यक है। टीम के द्वारा अस्पतालों में स्वच्छ पेयजल, फायर सेफ्टी, रैंप, रैलिग, हर्बल गार्डन सहित अन्य कार्यों को कायाकल्प सर्वे में देखा जाता है। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर आने वाले सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र को 20 लाख तथा द्वितीय को 10 लाख रुपए प्रदान किया जाता है। वहीं जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पीएचसी को प्रथम पुरस्कार स्वरूप दो लाख और 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले संस्था को 50 हजार रुपए तथा हेल्थ एंड वेलनेंस सेंटर को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख और 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले एचडब्लूसी को 25 हजार रुपए मिलेगा।

किडनी रोग से ग्रसित मरीज को ब्लड देकर बचाई जान

नवीन मेल संवाददाता

मनातू। क्षेत्र के समाजसेवी सुधीर कुमार यादव ने किडनी रोग से ग्रसित व्यक्ति को ब्लड देकर जान बचाने का सराहनीय काम किया है। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम लोइंगा निवासी युगल यादव अपने पुत्र रविंद्र कुमार का सदर अस्पताल में डायलिसिस कराने पहुंचे थे। डायलिसिस कराने के लिए रविंद्र कुमार को बी-पॉजिटिव ब्लड की अति आवश्यकता थी। मरीज के पिता ब्लड के लिये इधर-उधर भटक रहे थे। इसी बीच किसी तरह उन्हें सुधीर यादव के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने फोन कर मदद मांगी। तत्काल सदर अस्पताल पहुंच कर समाजसेवी ने रक्तदान किया। विदित हो कि युगल यादव आर्थिक रूप से काफी कमजोर हैं। सप्ताह में तीन बार उन्हें पुत्र का डायलिसिस कराने में वे असमर्थ हैं। उन्होंने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये मदद की गुहार लगायी है।

बलिबिगहा में शहीद जगदेव की प्रतिमा का अनावरण आज

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। बिहार के लेनिन शहीद जगदेव प्रसाद की 102वीं जयंती के अवसर पर रविवार को हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत अंतर्गत बलिबिगहा गांव में जगदेव प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के डेहरी ऑनसोन के विधायक फतेह बहादुर सिंह होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर बौद्ध महासभा महिला विंग की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कुसमा बौद्ध, हुसैनाबाद उत्तरी जिप सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता,पूर्व राजद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजन मेहता एवं हुसैनाबाद के पूर्व प्रत्याशी शेर अली कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उक्त आशय की जानकारी जगदेव विचार मंच के अध्यक्ष व पूर्व प्रधानाध्यापक सुदर्शन मेहता ने दी है।

छात्रावासों की मरम्मत कराने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अनुसूचित जाति, जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा ने मेदिनीनगर में पहुंचे झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेने को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में छात्रावासों का मरम्मत कराने की मांग की। सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया है कि आठ दिसंबर को तत्कालीन मुख्यमंत्री, कृषिमंत्री, पेयजल मंत्री ने राजकीय अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास का गहन निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने घोषणा किया था कि मॉडल छात्रावास बनाया जाएगा। छात्रों को निःशुल्क भोजन, नाईट गार्ड की नियुक्ति, पुस्तकालय की व्यवस्था समेत सभी सुविधाओं से लैश होगा। लेकिन करीब एक वर्ष होने जा रहा है,परंतु मुख्यमंत्री की घोषणा का अब तक अमल नहीं हुआ।

इस परिसर में अनुसूचित जाति बालक कल्याण छात्रावास, बाबू जगजीवन राम बालक छात्रवास, अनुसूचित जाति बालक छात्रावास संचालित है। सभी छात्रावास कल्याण विभाग द्वारा संचालित हो रहा है। सभी छात्रावास की स्थिति खराब है। मांग पत्र सौंपने वालों में उदय राम समेत अन्य छात्र शामिल हैं।

अबुआ आवास से वंचित करने पर ब्लॉक कोआर्डिनेटर पर केस

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में दो माह पूर्व आयोजित पंचायत स्तरीय शिविर में अबुआ आवास के पंजीकृत लाभुकों के नाम व सूची में हेराफेरी किये जाने से नाराज विभिन्न पंचायतों के मुखिया ने सीएजएम के न्यायालय में केस दर्ज कराया है। मुखिया कमल कुमार पासवान ने बताया कि प्रखंड के नाजिर (आवास), पंचायत सचिव व प्रखंड समन्वयक की लापरवाही से झोपड़ी में जीवन बसर कर रही सुशीला देवी, रीता देवी, सोनम देवी सहित कई ग्रामीणों को नाम सूची से हटा दिया गया है। कोर्ट में दाखिल करायी गई शिकायत में बभंडी, बरडंडा, मोकहर कला, कुकही, हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुखिया क्रमशः जितेन्द्र सिंह, सुदर्शन राम, नाजमा खातून, राजेश कुमार मेहता, संतोष कुमार सिंह ने भी हस्ताक्षर किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की सुनवाई की तिथि 25 फरवरी को तय है।

बोलेरो के धक्के से शिक्षक का पैर टूटा

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर। एनएच-98 स्थित तीव्र मोड़ पर बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवाद शिक्षक का पैर टूट गया। जानकारी के अनुसार नावा बाजार प्रखंड स्थित चेगौना धाम उच्च विद्यालय में कार्यरत शिक्षक मोहम्मद गुलाम रब्बानी उम्र 55 वर्ष बाइक से घर आ रहे थे। इसी दौरान बोलेरो की चपेट में आने से दो स्थानों से उनका पैर टूट गया। बाइक से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर बोलेरो भी पलट गया। समीप स्थित नागरिकों द्वारा आनन-फानन में शिक्षक को मेदिनीनगर स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

श्रद्धांजलि | सच्चे समाजसेवी थे ललन सिंह, क्षेत्र के लिये अपूर्णनीय क्षति

भाजपा नेता का निधन, दाह संस्कार में उमड़े लोग

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। वरिष्ठ समाजसेवी व अधिसूचित क्षेत्र समिति हुसैनाबाद के पूर्व चेयरमैन व भाजपा के वरिष्ठ नेता एके सिंह कालेज जपला के पूर्व सचिव 64 वर्षीय ललन कुमार सिंह का रांची के मेदांता अस्पताल में शुक्रवार की शाम 4.40 बजे निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। व्यवहार कुशल एवं सर्वजन के लिए हमेशा सुलभ रहने वाले श्री सिंह के निधन की खबर मिलते ही पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, हुसैनाबाद नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष उषा देवी, पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार, एके सिंह कॉलेज जपला के सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, संतोष सिंह, डॉ. अजय जायसवाल आदि ने शोक संवेदना जताया है। सभी ने समवेत स्वर में श्री सिंह के निधन को अपूर्णनीय क्षति करार दिया। मुखिया संतोष कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह, उमेश चंद शिव, विपिन बिहारी सिंह,अजय प्रसाद गुप्ता, रामेश्वर राम उर्फ छठन राम,अशोक कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान आदि ने कहा कि वे हुसैनाबाद के सच्चे समाजसेवी थे। देवरी कला स्थित मुक्ति धाम में उनके गोद लिये हुए पुत्र अंकुर कुमार ने मुखाग्नि दी।

वार्षिकोत्सव सह विज्ञान प्रदर्शनी आज

मेदिनीनगर। पोखराहा स्थित ओरिएंट पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए प्राचार्य धीरज कुमार मेहता ने बताया कि कार्यक्रम स्कूल कैंपस में आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में प्रमंडलीय आयुक्त दशरथचंद्र दास होंगे।

खेल जीवन का अभिन्न अंग

मेदिनीनगर। शहर के आरएन टैगोर पब्लिक हाई स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को विदाई भी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अरविंद कुमार पांडेय ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सेवानिवृत्त अध्यापक प्रो. एससी मिश्रा ने कहा कि खेल मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेल अनुशासन एवं जीने की कला सिखाती है। इस अवसर पर शिक्षक विनोद कुमार सिंह, कपिल कुमार प्रजापति, मनोज चौबे, आरपी सिंह, अशोक शर्मा, बीके पांडेय, सूर्यकांत पासवान, अमृता तिवारी, सेजल, मनोज चौबे उपस्थित थे।

मौसम में उतार-चढ़ाव से जनजीवन प्रभावित

मेदिनीनगर। पिछले एक सप्ताह से जिले में जारी अनियमित मौसम का नागरिकों पर व्यापक प्रभाव देखा जा रहा है। दिन में चटख धूप तो रात में गलन भरी ठंड से लोग तेजी से मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। दिन में मौसम का मिजाज बगैर समुचित गर्म कपड़ों के घर से बाहर निकलने वाले लोग रात में ठिठुरते देखे जा रहे हैं। दिन व रात के तापमान में भारी अंतर के कारण लोग तेजी से सर्दी-खांसी, वायरल फीवर आदि बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। विशेषकर छोटे बच्चों के लिये मौसम का मिजाज परेशानी का सबब बना हुआ है। मौसम के जानकार आगामी कुछ दिनों तक मौसम का रूख अनियमित रहने का पूर्वानुमान जता रहे हैं। चिकित्सकों ने ऐसे मौसम में लोगों को विशेष सावधानी बरतने का परामर्श दिया है।

एक नजर

घायल को पुलिस में पहुंचाया अस्पताल

मेदिनीनगर। शराब के नशे में गिरकर घायल पड़े व्यक्ति को पुलिस ने शुक्रवार को सदर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम गमेथा निवासी रामली भइयां उम्र 55 वर्ष शुक्रवार की शाम किशनपुर ओपी थाना क्षेत्र में शराब के नशे में गिरकर घायल अवस्था में पड़े हुये थे। स्थानीय लोगों द्वारा इस घटना की जानकारी किशनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद पुलिस के द्वारा इस घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दी गई। समाचार लिखे जाने तक रामली को होश नहीं आया था। परिजनों ने बताया कि वह मजदूरी का काम करते हैं और प्रतिदिन शराब का सेवन करते हैं। शनिवार की शाम उन्होंने अत्यधिक शराब का सेवन कर लिया था। जिसकी वजह से नशे में गिरकर वे गंभीर रूप से घायल हो गये।

प्रमंडलीय ओबीसी महासम्मेलन आज

मेदिनीनगर। शहर के हाउसिंग कालोनी मैदान में प्रमंडल स्तरीय ओबीसी महासम्मेलन का आयोजन रविवार को किया जायेगा। जिला चंद्रवंशी महासभा के अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद ने ओबीसी समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मौजूद होकर सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। सम्मेलन की सभी तैयारियां कर ली गयी हैं।

आंकलन सफल सहायक अध्यापकों की बैठक आज

मेदिनीनगर। जिले के तमाम आंकलन सफल अध्यापक एवं अध्यापिकाओं की बैठक बुधवार सुबह 11 बजे से कचहरी परिसर स्थित पुराना डीएससी ऑफिस में आयोजित की जायेगी। बैठक में जिला कमेटी के नवनिर्माण, संगठन ात्मक गतिविधियां और सहायक आचार्य में आंकलन पास को भी मौका मिले। इसके लिए संगठित रणनीति पर चर्चा होगी। इसकी जानकरी आंकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी ने दी है। उन्होंने जिले के 22 प्रखंडों के आंकलन सफल साथियों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

विजय प्रकाश मरांडी ने नावा बाजार अंचल सीओ का लिया प्रभार

मेदिनीनगर। विजय प्रकाश मरांडी ने नावा बाजार अंचल कार्यालय में शनिवार को अंचलाधिकारी के रूप योगदान दिया। मौके पर निवर्तमान सीओ चंद्रदेव प्रसाद ने श्री मरांडी को पदभार दिया। सोहदाग खुर्द पंचायत मुखिया प्रतिनिधि दामोदर चौधरी ने निवर्तमान सीओ चंद्रदेव प्रसाद को शाल ओढ़ाकर सम्मान पुर्वक विदाई दी। सीओ विजय प्रकाश मरांडी ने कहा कि अंचल कर्मियों के सहयोग से क्षेत्र में योजनाओं का क्रियान्वयन किया जायेगा। मौके पर प्रधान सहायक सुधीर कुमार, कनीय अभियंता शैलेश कुमार, राजस्व कर्मचारी कुंदन कुमार, निक्सन कुमार, अमीन सुधीर कुमार ,सुभाष कुमार, सानिया कुमारी ,नेहा कुमारी, नजीर ऑपरेटर धर्मेंद्र कुमार, कन्हाई चौधरी, जगदीश सिंह, सुशील कुमार , राकेश कुमार उपस्थित थे।

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कोरोना काल में झारखंड सरकार ने बेहतर कार्य किया

हवाई चप्पल पहने मजदूरों को हेमंत ने हवाई जहाज से वापस लाया

नवीन मेल स्वाददाता

मेदिनीनगर। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य में पूर्ववर्ती हेमंत सरकार के गठन के चंद दिनों में ही कोरोना संक्रमण की विकट स्थिति उत्पन्न हुई। केंद्र सरकार ने लॉकडाउन लगा दिया। इससे राज्य के प्रवासी मजदूर जो जहां थे। वहीं फंस गये। ऐसी विपरीत परिस्थिति में भी हेमन्त सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने झारखंड में कोरोना संक्रमण मैनेजमेंट को लेकर बेहतर कार्य किया। लूंगी व चप्पल पहनने वाले प्रवासी मजदूरों को हवाई जहाज से वापस घर लाया गया। बिना कोई अफरा-तफरी के एक-एक व्यक्ति तक हर सुविधा उपलब्ध कराई गयी। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से पहले हमारे मेडिकल अस्पतालों में ऑक्सीजन, वेंटीलेटर नहीं थे। बड़ी संख्या में बेड भी अस्पतालों में उपलब्ध नहीं थे। पूर्ववर्ती भाजपा की सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर किसी प्रकार का कोई काम नहीं किया, परंतु हमारी सरकार ने उस स्थिति में भी वेंटिलेटर, ऑक्सीजन, बेड सहित कई सुविधाओं में बेहतरीन कार्य करके दिखाया और झारखंड वासियों की जीवन रक्षा करने का काम किया।

एक नजर में पलामू सिंचाई परियोजना आठ प्रखंड होंगे लाभान्वित

पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना के क्रियान्वयन से पलामू जिले के 8 प्रखंडों के 96 गांव लाभान्वित होंगे। लाभान्वित होने वाले प्रखंडों में चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखंड शामिल हैं। निर्माण के बाद संवेदक द्वारा ही योजना का 10 वर्षों के लिए परिचालन, रख-रखाव एवं प्रबंधन किया जाना है।

किसानों को संबल प्रदान करेगा पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना : सचिव

मेदिनीनगर। स्थानीय शिवाजी मैदान में शनिवार को आयोजित शिलान्यास समारोह में राज्य के जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना से परिचय कराया। उन्होंने कहा कि उत्तरी कोयल, सोन एवं औरंगा नदी से विभिन्न जलाशयों में जल भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना से पलामू जिले के 13,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि में सिंचाई सुविधा प्रदान की जायेगी। साथ ही यह योजना 25,000 से अधिक परिवारों को जोड़ने का काम करेगी। यह योजना किसानों के कृषि कार्य को बढ़ाकर उनकी आजीविका को संबल प्रदान करेगा। उन्होंने सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि दो वर्ष के अंदर योजना को धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा। इससे यहां के किसान लाभान्वित होंगे। **31.397 एमसीएम जल उद्धव कर जलाशयों में भरा जायेगा**

योजना अंतर्गत सोन एवं उत्तरी कोयल नदी से सीधे तथा औरंगा नदी से वीयर निर्माण कर तीन अलग-अलग पाइपलाइन से 31.397 एमसीएम जल उद्धव (लिफ्ट) कर चिन्हित जलाशयों को भरा जाएगा, जिसमें से 1.926 एमसीएम जल पेयजल हेतु उपलब्ध कराया जा सकेगा।

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को फसाया गया है मिथिलेश : पलामू पाईप लाईन योजना के शिलान्यास समारोह में सीएम चम्पाई सोरेन के साथ पहुंचे गढ़वा विधायक सह पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को फंसाया गया है। केंद्र के इशारे पर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें दिशोम गुरु और हेमंत सोरेन के सपनों को पूरा करना है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी सरकार लोगों के लिए कल्याणकारी कार्य कर रही है। जेएमएम सरकार का चार साल का काम पिछले 19 सालों पर भारी पड़ेगा। मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह ने कहा कि यह क्षेत्र सूखे से जूझ रहा है। सिंचाई परियोजना से समस्या दूर होगी। अगले कुछ वर्षों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी।

जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत : सीएम चंपाई सोरेन का चियांकी हवाई अड्डे पर जेएमएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सरकार गठन के तुरंत बाद सीएम के आने से कार्यकर्ताओं में नवीन उत्साह का संचार हुआ है।

आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान हमारी सरकार की प्राथमिकता है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच के अनुरूप सभी कार्यों को मूर्त रूप देने का काम हम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के गरीब, आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग समुदाय के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो इस हेतु कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन हो रहा है। हमारे बच्चे भी अब उच्च शिक्षा ले सकें। शिक्षा लेने में पैसा बाधा नहीं बने। इसके लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ हुआ है। इस योजना के माध्यम से वैसे बच्चे जो इंजीनियरिंग, डॉक्टर, डिप्लोमा इत्यादि उच्चतर डिग्री लेना चाहते हैं,उन्हें आर्थिक रूप से सहयोग मिल रहा है। आने वाले समय में बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालयों में अपग्रेड किया जाएगा। शैक्षणिक व्यवस्था में नीतिगत निर्णय लेते हुए कई बेहतर कार्य हुए हैं। अब हाई एजुकेशन के लिए आदिवासी, दलित, पिछड़े एवं अल्पसंख्यकों के बच्चे भी विदेश के संस्थानों में पढ़ाई करने पहुंच रहे हैं,क्योंकि विदेश में पढ़ाई करने का सारा खर्च राज्य सरकार उठा रही है। मरांग गोमके जयपाल सिंह पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेश में पढ़ाई करने वाले बच्चों का शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप राज्य सरकार वहन कर रही है।

अधिकारियों ने सीएम का किया स्वागत, दिया गार्ड ऑफ ऑनर

मेदिनीनगर राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का पलामू के चियांकी हवाई अड्डा पर जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चन्द्र दास, पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन आदि अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गढ़वा विधायक मिथलेश ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। इधर मुख्यमंत्री के शिवाजी मैदान कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर आदिवासी परम्पराओं के अनुसार आदिवासी बालाओं ने मांदर की थाप पर नाचते, गीत गाते पवित्र जल छिड़क कर उनका स्वागत किया। वहीं मंच पर पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने सीएम, मंत्री व विधायकों का स्वागत पुष्प गुच्छ, शॉल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया।

पलामू के लिए वरदान साबित होगी सिंचाई योजना : उपायुक्त

पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना पलामू के जनमानस के लिए अत्यन्त आवश्यक है। खेतों में सिंचाई की बेहतर व्यवस्था के लिए उतरी कोयल नदी, औरंगा नदी और सोन नदी से 14 जलाशयों में जल भरे जाएंगे। इस महत्वकांक्षी योजना से जिले के विभिन्न प्रखंडों के लोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो पाएंगे। जलाशयों एवं नहरों के माध्यम से सिचाई के लिए खेतों तक अब पानी आसानी से पंहुच पाएगा। इस योजना से किसान सालों भर खेती- किसानी कर सकेंगे। यह सौगात पलामू जैसे कम वर्षापात वाले क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। इससे किसान खरीफ के साथ समुचित रबी फसल भी प्राप्त कर सकेंगे।

उत्तरी कोयल एवं औरंगा नदी स्त्रोत से योजनाओं को किया जाएगा क्रियान्वित

पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना से उत्तरी कोयल एवं औरंगा नदी श्रोत से एक समग्र पैकेज (पैकेज -1) एवं सोन नदी श्रोत से द्वितीय पैकेज (पैकेज -2) के रूप में योजनाओं को क्रियान्वित किया जायेगा। पैकेज वन के तहत उत्तरी कोयल से रानीताल डैम, टेमराईन डैम, बुटनडूबा डैम और पाइपलाइन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे- बड़े जलाशयों में पानी भेजा जाएगा। इससे चैनपुर एवं मेदिनीनगर प्रखंड लाभान्वित होंगे। वहीं पैकेज वन के तहत ही औरंगा नदी से मलय डैम, पोस्तिया नाला डैम, पनघटवा डैम, कचहडवाटांड डैम, कुण्डलवा डैम, वाहेरवधवा नाला डैम में पानी भरा जाएगा। इससे सतबरवा एवं मेदिनीनगर प्रखंड लाभान्वित होंगे। पैकेज टू के तहत सोन नदी से बतरे डैम, धनकई डैम, ताली डैम, सूखनदिया डैम, करमा कलन डैम में पानी भेजा जाएगा। पैकेज-वन एवं पैकेज-टू के तहत पाइपलाइन के मार्ग में पड़ने वाले अन्य छोटे-बड़े जलाशयों में भी पानी भेजा जाएगा। इससे विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज प्रखंड लाभान्वित होंगे।

सीएम ने सरकारी योजनाओं को गिनाया

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में संचालित योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने सभी क्षेत्रों में अच्छा कार्य करके दिखाया है। हमारी सरकार ने झारखंड में स्थापित उद्योग संस्थानों में 75 प्रतिशत नियोजन यहां के मूलवासी, आदिवासी सहित अन्य वर्ग-समुदाय के लोगों का हो इस निमित्त कानून बनाया है। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन-जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है। राज्य के 20 लाख से अधिक गरीब परिवारों को अबुआ आवास योजना से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। लक्ष्य के अनुरूप वर्ष 2027 तक सभी चयनित परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। अबुआ आवास योजना का लाभ मिलना अब प्रारंभ हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों को ऋण माफी योजना की सौगात दी है। पिछले चार वर्षों में 10 लाख से अधिक किसान भाईयों को केसीसी ऋण देने का कार्य भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण और शहरी कनेक्टिविटी को जोड़े रखने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरूआत हुई है। इस योजना के तहत अब 60 से ऊपर के बुजुर्ग महिला-पुरुष, स्कूल कॉलेज में पढ़ाई करने वाले बच्चे-बच्चियां, झारखंड आंदोलनकारी सहित दिव्यांग लोग निःशुल्क आवागमन कर सकेंगे।

बैठक में बनायी गयी रणनीति, किया गया मंथन

संगठन का विस्तार करेगा पूर्व सैनिक सेवा परिषद

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद संगठन का विस्तार करेगा। इसके लिये विशेष अभियान चलाकर पूर्व सैनिकों को संगठन से जोड़ा जायेगा। विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय में शनिवार को आयोजित जिला कार्य समिति की बैठक में इस संबंध में व्यापक रणनीति बनायी गयी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे परिषद के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने बताया कि रांची की मिलाप टीम द्वारा शिविर लगाकर पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। इससे पूर्व सैनिकों को काफी राहत मिल रही है। 11 फरवरी को एनसीसी कार्यालय के सामने स्थित जिला स्कूल मैदान में सुबह 9.30 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर को प्रत्येक माह से प्रत्येक सप्ताह करने की दिशा में गंभीरता पूर्वक विचार किया जा रहा है। इस कड़ी में आगामी 18 फरवरी को भी जिले में शिविर लगाया जायेगा। इस दौरान परिषद के पूर्व कार्यक्रमों की समीक्षा कर आगामी कार्यक्रमों की रणनीति बनायी गयी। साथ ही विजय दिवस व गणतंत्र दिवस समारोह के लिये आय-व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव दिनेश गुप्ता ने किया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष शंभूनाथ सिंह, उपाध्यक्ष गिरवर प्रजापति, कोषाध्यक्ष दयाशंकर वर्मा, पेंशन अधिकारी कामाख्या नारायण सिंह, संगठन मंत्री हरिहर तिवारी, कृष्ण सिंह, संजय कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

जीआरपी ने लावारिस शव का कराया दाह संस्कार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। लावारिस शव का जीआरपी थाने की पुलिस ने शनिवार को दाह संस्कार कराया। जानकारी के अनुसार शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा ओवर ब्रिज के नीचे सात फरवरी को ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई थी। शव को अपने कब्जे में लेकर जीआरपी द्वारा पहचान के लिए उसे मेदिनीनगर सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया था। 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पहचान नहीं होने पर जीआरपी द्वारा अज्ञात शव का दाह संस्कार कराया गया।

लावारिस के दाह-संस्कार में झमेलों की भरमार

विदित हो कि लावारिस शवों का अंतिम संस्कार पुलिस महकमे के लिए आर्थिक रूप से परेशानी भरा होता है। एक तो इसके लिए पैसे कम मिलते हैं, वह भी समय पर नहीं। दाह संस्कार के बाद आवश्यक प्रपत्र तैयार करने सहित बिल पास होने में महीनों लग जाते हैं। लंबी प्रक्रिया व अल्प राशि के कारण जीआरपी भुगतान लेने में भी रुचि नहीं दिखाती। इसके साथ ही पुलिस को गवाही के लिये मशक्कत करनी पड़ती है। कोई भी कोर्ट-कचहरी के झमेले में नहीं पड़ना चाहता। सूत्रों के अनुसार एक लावारिस शव के दाह संस्कार में कफन, लकड़ी सहित अन्य व्यवस्था करने में पांच हजार रूपये खर्च होते हैं। जबकि इसके लिये कल्याण विभाग की तरफ से सिर्फ पांच सौ रुपये का ही प्रावधान है। इसके अतिरिक्त मृतक की तस्वीर के साथ रिकार्ड भी संरक्षित रखना पड़ता है।

मनुष्य के जीवन में खेल अभिन्न अंग : प्रो. एससी मिश्रा

मेदिनीनगर। शहर के आरएन टैगोर पब्लिक हाई स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में सफल हुए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं वर्ग 10वीं के विद्यार्थियों को विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अरविंद कुमार पांडेय ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर प्राध्यापक प्रो. एससी मिश्रा उपस्थित थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग है।

सराहनीय

पलामू टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक के नेतृत्व में टीम जायेगी मध्य प्रदेश

25 सदस्यीय दल करेगा संजय डूबरी टाइगर रिजर्व का अध्ययन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू टाइगर रिजर्व का 25 सदस्यीय दल अपने दो दिवसीय दौरे पर मध्य प्रदेश के संजय डूबरी टाइगर रिजर्व का अध्ययन करेगा। इस दल का नेतृत्व पीटीआर के क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष कर रहे हैं। देहरादून स्थित वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट के बायोलॉजिस्ट हिरतीक धामी भी दल में शामिल हैं। क्षेत्र निदेशक ने बताया कि वे अपने दल के साथ संजय डूबरी टाइगर रिजर्व में इस बात को देखने और समझने जा रहे हैं कि किस प्रकार वहां कान्हा टाइगर रिजर्व और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से बायसन और चीतलों को लाया गया है। उन्होंने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व में भी 200 चीतलों को बेतला नेशनल पार्क से रिजर्व के चार सॉफ्ट रिलीज केंद्रों में लाने का प्रयास किया जा रहा है। कुमार आशुतोष ने बताया कि बेतला नेशनल पार्क में जहां चीतलों की भरमार है। वहीं बायसन तो केवल बेतला में ही पाये जाते हैं। जबकि पीटीआर के चार में से केवल एक रेंज में ही बायसनों की मौजूदगी है। कुटकु रेंज, छिपादोहर पूर्वी और छिपादोहर पश्चिमी रेंज में एक भी बायसन नहीं है। उन्होंने बताया कि चीतलों के बाद पीटीआर में बायसन के भी लाने की पहल की जायेगी। सोमवार तक टीम मप्र से वापस लौट आयेगी।

पलामू टाइगर रिजर्व में भी 200 चीतलों को बेतला नेशनल पार्क से रिजर्व के चार सॉफ्ट रिलीज केंद्रों में लाने का प्रयास किया जा रहा है

सफेद बाघ के लिये मशहूर है संजय डूबरी

विदित हो कि संजय डूबरी टाइगर रिजर्व सफेद बाघ के लिये मशहूर है। रीवा के महाराजा ने 1951 में यहां एक सफेद बाघ मोहन को लाया था। सफेद बाघिन राधा से विधिवत इसकी शादी कराई गयी थी।

सिर्फ बेतला नेशनल पार्क में ही हैं बायसन

नेशनल पार्क से रिजर्व के चार सॉफ्ट रिलीज केंद्रों में लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए एक बोमा ट्रक भी आ चुका है। अभी तक चीतलों के बोमा ट्रक में सवार नहीं होने से पहल शुरू नहीं हो सकी है।

आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

एक नजर

ओबीसी एकता अधिकार मंच का सम्मेलन आज

खरौंधी। पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच के संयोजक मंडल गोरखनाथ चौधरी ने बताया कि रविवार को बैरिया चौक हाउसिंग कॉलोनी मैदान मेदिनीनगर में मंच द्वारा विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। ओबीसी मोर्चा के संयोजक अजय वर्मा ने कहा कि हक व अधिकार के लिये मिलकर संघर्ष करना होगा। पदाधिकारी द्वय ने अधिक से अधिक संख्या में मौके पर उपस्थित रहने का आह्वान किया है।

राहुल गांधी के कार्यक्रम में शामिल होंगे हजारों कार्यकर्ता

खरौंधी। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी दूसरे चरण की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में 14 फरवरी को झारखंड पहुंचेंगे। कांग्रेस के नेता सह बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने शनिवार को बताया कि राहुल गांधी गढ़वा से अपनी यात्रा शुरू करेंगे। 15 फरवरी को वह सभा करेंगे। इस सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शामिल हो सकते हैं। उनके गढ़वा आगमन से कार्यकर्ता अति उत्साहित हैं।

दसवीं के छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई

भवनाथपुर। स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को समारोह का आयोजन कर कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं को विदाई गयी। मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के उप प्रबंधक धीरेंद्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शंकर सुमन श्रीवास्तव, सचिव अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, संरक्षक राजमणि चौबे, प्रधानाचार्य शिव बालक सिंह आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामनायें देते हुये उन्हें पूर्ण मनोयोग से परीक्षा देने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा मांशी ने किया।

ओबीसी महासम्मेलन के लिये बांटा निमंत्रण

डंडाई। पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के प्रमंडलस्तरीय महासम्मेलन के लिये मंच के पदाधिकारियों द्वारा शनिवार को क्षेत्र में घूम-घूमकर निमंत्रण पत्र बांटा गया। सुभाष मेहता, रामजन्म मेहता, पिंटू शाह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न गांवों में जाकर सभी को सम्मेलन में बढ़-चढ़कर शिरकत करने के लिये प्रेरित किया।

महायज्ञ को लेकर तैयारी अंतिम चरण में

कांडी। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आमजनों के द्वारा 24वें मानस महायज्ञ के आयोजन को लेकर तीर्थ स्थल पर तैयारी अंतिम चरण में है। सभी नौ मंदिरों की सफाई, रिपेयरिंग व पेंटिंग का काम समाप्त होनेवाला है। वहीं बदरंग हो चुकी सभी बहुमूल्य प्रतिमाओं की जयपुर मूर्ति फैक्ट्री बनारस के कारीगरों व कलाकारों के द्वारा सफाई व सुंदरीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया। इधर महायज्ञ को लेकर जन संपर्क व प्रचार-प्रसार का कार्य तेज किया गया है। इसी बीच सतबहिनी विकास समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने इस वर्ष के विशिष्ट प्रवचन कताओं की सूची जारी करते हुए कहा कि इस महायज्ञ में देवरिया के क्रांतिकारी कथा वाचक पंडित अखिलेशमणि शांडिल्य, मिजार्पुर के संगीतमय श्री कथा सुनी जाएगी।

प्रथम गढ़वा आगमन पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने खोला योजनाओं का पिटारा, दिये सौगात

अब 100 की जगह लोगों को मिलेगी 125 यूनिट मुफ्त बिजली

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रथम गढ़वा आगमन पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को योजनाओं का पिटारा खोला। उन्होंने कहा कि राज्य में अभी लगभग 21 लाख बिजली उपभोक्ता हर महीने 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ ले रहे हैं। अब हमारी सरकार ने बिजली सब्सिडी को 100 यूनिट से बढ़ाकर 125 यूनिट करने का निर्णय लिया है। जिसका सीधा फायदा 31 लाख बिजली उपभोक्ताओं को होगा। इसके साथ सभी वंचित टोलों में भी जल्द बिजली पहुंचा दी जाएगी। इसके लिये योजनाबद्ध तरीके से कार्य शुरू कर दिया गया है। सीएम ने कहा कि राज्य में कोई भी व्यक्ति रोटी, कपड़ा और मकान से वंचित नहीं रहेगा। यहां की जनता ने जिन उम्मीदों और आकांक्षाओं से हमारी सरकार बनाई है, उसे हर हाल में पूरा करेंगे। हमारी सरकार लगभग 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड जारी कर मुफ्त अनाज दे रही है। वहीं, गरीबों को हर वर्ष साल में दो बार धोती- साड़ी और लूंगी उपलब्ध कराया जा रहा है। अब अबुआ आवास योजना के माध्यम से 20 लाख आवास विहीन गरीबों और जरूरतमंदों को मकान भी देने का काम कर रहे हैं।

आदिवासियों- मूलवासियों को बढ़ा रहे हैं आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों-मूलवासियों के साथ दलित और पिछड़ों को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत करने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। यहां की कंपनियों और संस्थानों में 75 प्रतिशत नौकरी स्थानीय युवाओं को देने का कानून हमारी सरकार ने बनाया है । यहां के विद्यार्थियों की पढ़ाई पैसे के अभाव में बाधित नहीं हो, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और गुरुजी क्रेडिट कार्ड जैसी कई योजनाएं चल रही हैं। यहां के बच्चे अब विदेश में भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और उसका सारा खर्च सरकार वहन कर रही है। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर, पलामू प्रमंडल के आयुक्त दशरथ चंद्र दास, पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त शेखर जमुआर,एसपी दीपक पांडेय आदि मौजूद रहे।

शहर और गांवों के बीच की दूरी कर रहे कम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांव से चल रही है। हमारा प्रयास है कि सुविधाओं के मामले में गांव और शहर के बीच के अंतर को कम किया जाये। इस दिशा में गांव और ग्रामीणों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई गई हैं। ये योजनाएं धरातल पर नजर आएं। इसके लिए अधिकारियों का दल लोगों के घरों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करने के साथ उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ रहे हैं।

गांव के बच्चों को भी मिलेगा क्वालिटी एजुकेशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गांव के बच्चों को अपने पंचायत में क्वालिटी एजुकेशन मिलेगा। इसके लिए पंचायतों में स्थित विद्यालयों को अपग्रेड किया जा रहा है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के साथ पठन- पाठन से संबंधित सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले गांव के बच्चे भी पढ़ाई के मामले में निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों से कम नहीं होंगे।

भाजपा पदाधिकारियों ने किया दीवाल लेखन

चलो गांव की ओर कार्यक्रम में दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। गांव चलो अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छतरपुर गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष भूषण सिंह, जिला प्रभारी ग्राम परिक्रमा यात्रा पुष्प रंजन मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान मोदी सरकार के कार्यों के बारे में जानकारी देने के साथ ही वरिष्ठ लोगों को माला पहना कर एवं अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों ने दीवाल लेखन कर कमल का फूल अंक्रित किया। सोशल मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा नवीन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार कुशवाहा, युवा नेता अभिषेक तिवारी, पंचायत अध्यक्ष सुदामा पासवान, प्रमंडल प्रभारी ओबीसी मोर्चा विनय चंद्रवंशी, सूरज कुमार गुप्ता, विनय मेहता आदि मौजूद रहे।

जिले में 16 दिवसीय एमडीए कार्यक्रम शुरू, 1387 बूथों पर खिलाई गई दवा

फाइलेरियारोधी दवा खायें, दूसरों को भी करें प्रेरित

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। जिले में शनिवार से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का 18वां राउंड शुरू किया गया। यह कार्यक्रम 25 फरवरी तक चलेगा।

लक्षित जनसंख्या 1449158 को दी जा रही फाइलेरियारोधी दवा की एकल खुराक

इस बार पूरे जिले में एक साथ मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसे लेकर सदर अस्पताल में आयोजित समारोह में सिविल सर्जन डा.अशोक कुमार, उपाधीक्षक डा.हरेनचंद्र महतो, जिला वीबीडी पदाधिकारी डा.पुष्पा सहगल, चिकित्सा पदाधिकारी डा.टी पीयूष, डीपीएम समरेश सिंह एवं जिला वीबीडी कंसल्टेंट अरविंद कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फाइलेरियारोधी दवा की एकल खुराक खाकर इसकी औपचारिक शुरूआत की। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि वर्ष 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य है। पहले दिन जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, सार्वजनिक स्थानों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों समेत 1387 बूथों पर लक्षित जनसंख्या को फाइलेरियारोधी खुराक के रुप में डीइसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। अभियान के तहत सीएचसी गढ़वा में 181809, सीएचसी मेराल में 213097, सीएचसी धुरकी में 107039, सीएचसी श्रीबंशीधर नगर में 223318, सीएचसी भवनाथपुर में 198508, सीएचसी मझिआंव में 197316, सीएचसी रंका में 203296, सीएचसी भंडरिया में 73597 तथा गढ़वा अरबन पीएचसी में 51180 लक्षित जनसंख्या को फाइलेरियारोधी दवा की एकल खुराक खिलाई जानी है। मौके पर सहायक विमलेश कुमार, लैब टेक्निशियन सुबोध कुमार सिंह, अरुणजय द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

खरौंधी के 19 सहायक अध्यापकों की सेवा संपुष्टि

खरौंधी। प्रखंड संसाधन केंद्र खरौंधी में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार कमेटी की बैठक की गई। जिसमे प्रखंड अंतर्गत विद्यालय में कार्यरत कक्षा छह-आठ वर्ग के वैसे 19 सहायक अध्यापक/ पारा शिक्षक जिनका शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन हो गया है तथा जिनकी सेवा संतोषप्रद है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने बताया कि परियोजना निदेशक तथा जिला शिक्षा अधीक्षक के निर्देश पर प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार कमेटी की बैठक की गई। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैतरी के सहायक अध्यापक राजेंद्र महतो तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय कूपा के सहायक अध्यापक युगेश्वर प्रजापति के शैक्षणिक प्रमाण पत्र की जांच नहीं होने की वजह से सेवा संपुष्टि नहीं की गई।

सीएम चम्पाई सोरेन ने पलामू, गढ़वा व लातेहार जिले के लाभुकों को दिया अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र

सभी गरीबों का पक्का आवास का सपना होगा पूरा : सत्यानंद

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। में आयोजित सीएम के कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि अबुआ आवास योजना के तहत वैसे परिवारों को चिन्हित किया गया है। जिनका पक्का मकान नहीं है। आज का दिन काफी खुशी का दिन है। प्रमंडल स्तरीय इस कार्यक्रम में पलामू प्रमंडल के लाभुकों को एक साथ अबुआ आवास योजना के तहत प्रथम किस्त की राशि दी जा रही है। पहले सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में लोगों को समस्या होती थी, परंतु राज्य सरकार द्वारा ऐसी व्यवस्था की गई है कि अब आसानी से लाभुकों तक योजनाएं पहुंच रही हैं।

इनको मिला अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र

कार्यक्रम में पलामू, लातेहार एवं गढ़वा जिले के लाभुकों को मंच पर आमंत्रित कर सांकेतिक रूप से मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति पत्र सौंपा गया। गढ़वा जिले से जिरवा देवी, कबूतरी देवी, मिराजुल परवीन, फूल कुमारी देवी, कमोदा देवी, कमला देवी, रीमा देवी, शिवपतिया देवी को स्वीकृति पत्र दिया गया। पलामू जिले से सोनी देवी, फूदनी देवी, लीलावती देवी, उर्मिला देवी, ज्ञानी कुंवर, विमली देवी, कौशल्या देवी, चंपा कुमारी, सुनैना देवी को स्वीकृति पत्र सौंपा गया। लातेहार जिले से देवरिया देवी, रेखा देवी, फुदो देवी, मुला कुंवर, सीमा कुंवर को मंच पर आमंत्रित कर मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति पत्र सौंपा गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, आयुक्त पलामू प्रमंडल दशरथ चन्द्र दास, पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त पलामू शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक पलामू रिष्मा रमेशन, उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन, पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन, उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उप विकास आयुक्त गढ़वा राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता मतियश विजय टोप्पो उपस्थित थे।

हर वादा पूरा कर रही सरकारः मिथिलेश

विधायक गढ़वा मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा सरकार की उपलब्धियां के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निरंतर गरीबों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ देने हेतु दृढ़ संकल्पित है। सरकार जनता से किया गया हर वादा पूरा कर रही है। 20 लाख लाभुकों को वर्ष 2027 तक अबुआ आवास योजना का लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है जनता के हितों और अधिकारों की रक्षा करने हेतु राज्य सरकार संकल्पित है। कोई भी लाभुक सरकारी योजनाओं के लाभ से नहीं छूटे यही हमारा उद्देश्य है। इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसका सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहा है।लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम व मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने भी समारोह को संबोधित किया।

संक्षिप्त खबरें

कलश यात्रा के साथ श्रीरामचरित मानस नवाह पारायण शुरू

श्री बंशीधरनगर। प्रखंड अंतर्गत सुलसुलिया गांव में आयोजित नौ दिवसीय श्रीरामचरितमानस नवाह पारायण सह भव्य महाविष्णु यज्ञ शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। यज्ञ सुलसुलिया गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में दिल्ली स्थित हरिहर पीठाधीश्वर मंहत श्रीश्री 108 सुयज्ञमुनि महाराज के नेतृत्व में किया जा रहा है। कलश यात्रा के पूर्व यज्ञ मंडप से लेकर श्रीबंशीधर मंदिर तक गाजे -बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने श्रीबंशीधर मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात सुलसुलिया स्थित नारायणी नदी से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगाये जा रहे जय श्रीराम के जयकारे से वातावरण भक्तिमय हो गया।

19 फरवरी को होगा समापन : महायज्ञ का समापन 19 फरवरी को किया जायेगा। 11 फरवरी को पंचांग पूजन व मंडप प्रवेश के बाद 15 फरवरी को अग्नि प्रवेश हवन प्रारंभ किया जायेगा। इसके बाद 19 फरवरी को पूणार्हुति, ब्राह्मण भोजन एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जायेगा। यज्ञ स्थल पर जगद्गुरु लक्ष्मणाचार्य एवं पूज्य सोनम जी व्यास के द्वारा प्रतिदिन शाम तीन बजे से प्रवचन किया जायेगा। प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से वृंदावन के कलाकारों के द्वारा रासलीला प्रस्तुत किया जायेगा।

शोभायात्रा में ये थे शामिल :मौके पर भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, यज्ञ समिति के संरक्षक मुकेश चौबे, लक्ष्मण राम, पंकज प्रताप देव, हरिशंकर चौबे, यमुना दुबे, ठाकुर सिंह, यज्ञ कमेटी अध्यक्ष उपेंद्र चौबे, सचिव राकेश चौबे, धीरेंद्र चौबे, रजनीश मंगलम, वरिष्ठ अधिवक्ता नित्यानंद चौबे, अमित शुक्ला, सुधीर चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, अनिल चौबे, कुमार कनिष्क, नवनीत चौबे मौजूद थे।

चहारदीवारी विहीन सीएचसी में स्वास्थ्य कर्मी असुरक्षित

डंडई। चहारदीवारी विहीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कारण जहां स्वास्थ्य कर्मियों को असुरक्षित माहौल में कार्य करना पड़ना है। वहीं मरीजों को भी तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी इस संबंध में शासन स्तर पर कोई पहल नहीं किये जाने से नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बने 12 वर्षों से भी अधिक समय बीत गया, लेकिन आज तक चहारदीवारी का निर्माण नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि रातभर अस्पताल में मरीजों का आनाजाना लगा रहता है। ऐसे में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मरीजों को भी सुरक्षा का भय बना रहता है। अस्पताल में फिलहाल चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रतिमा कुमारी सहित सात महिला स्वास्थ्य कर्मी और पांच पुरुष कर्मी कार्यरत हैं। लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

ब्रेन हेम्ब्रेज से प्रधानाध्यापक की मौत, मातम

कांडी। थाना अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनियां के प्रधानाध्यापक व लमारी कला गांव निवासी 52 वर्षीय सुरेंद्र प्रसाद साहू की मौत गुरुवार रात अस्पताल से घर आने के क्रम में हो गई। पिछले मंगलवार को ब्रेन स्ट्रोक की वजह से विद्यालय में अचानक बेहोश होकर गिर पड़े थे। उसके बाद उन्हें आनन फानन गढ़वा के एक अस्पताल में ले जाया गया। वहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। उसके बाद परिजन उन्हें वाराणसी ने गए थे। स्थिति में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक की सलाह पर उन्हें घर लाया जा रहा था। उसी क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। सुरेंद्र 18 सितंबर 2008 को शिक्षक के रुप में मझिआंव प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय करकट्टा में योगदान दिये थे। 8 वर्षों तक प्राथमिक विद्यालय करकट्टा में सेवा देने के बाद वे 28 मार्च 2016 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनियां में योगदान देने के बाद से वह वहां प्रधानाध्यापक के रुप में सेवारत थे।

स्पर्धा

संकुल संसाधन केंद्रों में प्रतियोगिता का आयोजन, मिला पुरस्कार

लजीज व्यंजन परोस रसोईयों ने दर्शायी प्रतिभा

नवीन मेल संवाददाता

श्रीबंशीधर नगर। प्रखंड के सभी संकुल संसाधन केंद्रों में शनिवार को पीएम पोषण योजना के तहत कुकिंग कम्पटीशन का आयोजन किया गया। उच्च विद्यालय चितविश्राम में आयोजित सीआरसी स्तरीय प्रतियोगिता में सभी विद्यालयों के एक-एक रसोईयों ने भाग लिया। इस दौरान रसोईयों के द्वारा मेनू के अनुसार स्वादिष्ट भोजन तैयार किया गया। विजेता व उपविजेता का चयन निर्णायक मंडल के सदस्य शिक्षक राजनाथ राम, अखिलेश प्रसाद, अखौरी प्रवीण सिन्हा,द्वारिका नाथ पांडेय तथा बाल संसद की सदस्य लक्ष्मी कुमारी द्वारा किया गया। श्रेष्ठ प्रदर्शन कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ठरकिया की सावित्री देवी विजेता तथा नव प्राथमिक विद्यालय सोनपुरा की गायत्री देवी उपविजेता बनीं। विजेताओं को उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार,सीआरपी संजय कुमार सिंह सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। विभागीय आदेश के तहत चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि भी दी जायेगी। चयनित रसोईयें प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। मौके पर सोमर देवी, फूलकुमारी देवी, अनिता देवी, मालती देवी, किरण देवी, नागवंती देवी, बिंदा देवी, प्रभा देवी, तेतरी देवी आदि मौजूद रहीं।

मध्य विद्यालय में कुकिंग प्रतियोगिता

श्रीबंशीधर नगर। राजकीय मध्य विद्यालय भोजपुर में आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च विद्यालय कधवन की रसोईया विमली देवी को विजेता व उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भैंसवेड़वा की अनिता देवी को उप विजेता के रूप में चयनित किया गया। सीआरपी शक्तिदास सिन्हा ने विजेता व उप विजेता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में नीलम देवी,विमली देवी,मेनिका देवी,शांति देवी,शायरा बीबी,सरोज देवी,दुर्गावती कुंवर,शिवकुमारी देवी,कुंती देवी ने भाग लिया। मौके पर शिक्षक विरेन्द्र तिर्की,विजयानंद तिवारी,सुनीता कुमारी,सबा अहमद,आशीष गुप्ता,अभय शर्मा,अजित तिवारी,मजीद अहमद,इशरार अहमद,धर्मन यादव उपस्थित थे।

विजेताओं को उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार,सीआरपी संजय कुमार सिंह सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। विभागीय आदेश के तहत चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि भी दी जायेगी।

एक नजर

राजद के चेटर पंचायत अध्यक्ष बने रंजीत यादव राहुल उरांव सचिव

चंदवा। राष्ट्रीय जनता दल की बैठक शनिवार को वरिष्ठ राजद नेता शुभाष लोहरा की अध्यक्षता में चेटर गांव में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार का दायित्व निभाने के लिए निरंजन यादव को पंचायत का अध्यक्ष व राहुल उरांव को सचिव तथा जितेंद्र यादव को कोषाध्यक्ष चुना गया है। मौके पर प्रखंड महासचिव तपवन यादव, जिला उपाध्यक्ष रसीद खान आदि उपस्थित थे।

कुंदा में भाजपाइयों ने किया दीवार लेखन

कुंदा। भारतीय जनता पार्टी ने गांव चलो अभियान का शुभारंभ कुंदा प्रखंड में शनिवार को मंडल अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि व महामंत्री के संयुक्त नेतृत्व में दीवार लेखन व कमल फूल का चित्र बनाकर किया। वहीं बूथ 280 व 281 में केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। वहीं कुंदा व चिलोई के प्रभारी मनोज यादव एवं चाया के प्रभारी बसंत यादव ने लाभार्थी जनसंपर्क अभियान भी चलाया। मौके पर गांव चलो अभियान के संयोजक सह सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

बारियातु भाजपा ने किया दीवार लेखन

बारियातु। मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह, जिप सदस्य रमेश राम, ब्रजमोहन राम, शिवमंगल सिंह, लालदीप उरांव आदि भाजपाइयों ने डाढा, साल्वे, टोटी सिबला, अमरवाडीह, बालूभांग पंचायत में युवा मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी के नेतृत्व में बूथ संख्या 29 एवं 30 का दौरा कर दीवार लेखन किया।

रक्तदान शिविर लगा

लातेहार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका नगर इकाई एसएफएस की ओर से शनिवार को डिग्री कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष महेंद्र गुप्ता, सचिव जावेद अख्तर, अभाविप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार, जिला परिषद पश्चिमी मनिका बलवंत सिंह, नगर मंत्री सौरभ भारती ने किया। वहीं रक्तदाताओं के लिए जलपान की व्यवस्था राजद नेता रघुपाल सिंह व मनिका पूर्वी जिला परिषद सनपतिया देवी एवं अपग्रेडेड हाई स्कूल कोपे के शिक्षक गोविंद पासवान ने करवाई थी। रक्तदान करने वालों में सौरभ भारती, रिशु गुप्ता, कार्तिक, प्रिंस, निर्मल, अक्षय कुमार, अमरेंद्र, प्रियांशु, रिचा, रुचि प्रिया, सविता शामिल थे। मौके पर प्राध्यापक पंकज मनी तिवारी, मनीष तिवारी, डॉ. बसंत प्रसाद, रंजित महली, डॉ. डीके वर्मा, उमेश रविदास, पृथ्वीराज, चंदन, विशाल, सोनी, विनय सिंह, मोनिका आदि मौजूद थे।

एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन होंगे : अली हसन अंसारी

केचकी में ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर धरना

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

धनबाद रेल मंडल के केचकी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर शनिवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एक दिवसीय धरना दिया गया। केचकी रेलवे स्टेशन परिसर में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रमंडल संयोजक मुरलीधर प्रसाद एवं चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी केंद्रीय महासचिव अली हसन अंसारी के नेतृत्व में आयोजित धरने में अंसारी ने कहा कि केचकी रेलवे स्टेशन पर्यटन के

दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। केचकी रेलवे स्टेशन से सटे अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल बेतला नेशनल पार्क स्थित है। कोरोना काल से पूर्व केचकी रेलवे स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव होता था, लेकिन कोरोना काल समाप्त होने के बाद भी इन दोनों ट्रेनों का ठहराव केचकी रेलवे स्टेशन पर नहीं हुआ। अंसारी ने केचकी रेलवे स्टेशन में रांची सासाराम एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस, शक्तिपुंज एक्सप्रेस, गरीब रथ एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की। सदस्यों ने कहा कि अगर उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया जाएगा तो सभी सदस्य चरणबद्ध तरीके से जोरदार तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। धरना के उपरांत केचकी रेलवे स्टेशन मास्टर के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक को हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र सौंपा गया। धरने में आंदोलनकारी सदस्य दीनानाथ राम विक्टर केरकेट्टा, वीरेंद्र ठाकुर, ललन तुरी आदि शामिल थे।

पुलिस ने 16 लाख रुपये की ठगी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा

पुलिस ने शनिवार को लाखों के ठगी करने के आरोपी पत्थलगडा थाना क्षेत्र के कुब्बा गांव निवासी शैलेंद्र कुमार दांगी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेज दिया। थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने बताया कि थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी सुधीर ठाकुर ने कुब्बा निवासी के ऊपर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया था। इसमें मामला दर्ज किया गया था और आरोपी फरार चल रहा था। आवेदन में बताया गया है कि नन बैंकिंग कंपनी ओम ट्रेडिंग में पैसे डबल करने के नाम पर करीब 16 लाख रुपए लिए थे। निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी पैसे डबल नहीं हुआ और ना ही मूलधन लौटा। आरोप है कि आरोपी ने हजारीबाग के सिलवार निवासी संजय प्रजापति के साथ मिलकर

पत्थलगडा, गिद्धौर, सिमरिया समेत हजारीबाग और चतरा से करोड़ों रुपए की ठगी की है। कार्रवाई सब इंस्पेक्टर अरविंद रविदास को मिली गुप्त सूचना के आधार पर शैलेंद्र को बरवाडीह रामपुर चौक से गिरफ्तार किया गया।

ससुर-दामाद की हाईवा की चपेट में आने से मौत

स्वजनों व ग्रामीणों ने चार घंटे तक सड़क को किया जाम

नवीन मेल संवाददाता। बारियातु

प्रखंड क्षेत्र के मुख्य मार्ग बरछिया थाना के समीप जबरा मोड़ पर शुक्रवार रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे आम्रपाली से कोयला लेकर आ रहे हाईवा वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार ससुर व दामाद की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि हाईवा को जब्त कर लिया। मृतक की पहचान बैजनाथ गंझु (45), पिता मोती गंझु, ग्राम डगवंधी, पंचायत गोनिया, बारियातु व नारायण गंझु (33), पिता सावन गंझु, ग्राम बरवाडीह, पंचायत अमरवाडीह के रूप में की गई।

ग्रामीणों ने बताया कि दोनों जबरा की तरफ से से आ रहे थे। तभी एनएच 99 मुख्य मार्ग स्थित बरछिया में तेज रफ्तार आ रहे हाईवा ने बाइक सवार दोनों ससुर व दामाद को अपनी चपेट में ले लिया। नारायण गंझु की मौत घटना स्थल पर हो गई, जबकि ससुर बैजनाथ गंझु ने रांची रिम्स ले जाने के क्रम में दम तोड़ दिया। आक्रोषित स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों ने 6 बजे सुबह बरछिया स्थित बारियातु थाना गेट के पास सड़क जाम कर दी। अंचलाधिकारी नंदकुमार राम, बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, जिप सदस्य रमेश राम आदि घटना स्थल पर पहुंचे। परिजनों को ढांढस बंधाया। अंचलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रित को एक लाख रुपये व आपदा प्रबंधन की तरफ से बीस हजार रुपये दिये जाते हैं, जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य कागजी प्रक्रिया के बाद मिल जायेंगे। उन्होंने निजी मद से तत्काल दोनों मृतक के आश्रितों को पांच-पांच हजार रुपये दिये तथा हर संभव सहायता देने की बात कही। वहीं लोग हाईवा मालिक को बुलाने की मांग पर अड़ गए, जिस पर

अंचलाधिकारी राम ने उन्हें समझाया। लोगों ने आश्रितों को नौकरी व दस-दस लाख रुपये दिये जाने का मांग पत्र अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी को सौंपा। थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी के आश्वासन पर लगभग दस बजे सड़क से जाम हटाया गया।

बताते चलें कि बैजनाथ गंझु अपने पीछे पत्नी संजु देवी, पुत्री खुशबू कुमारी (18), दीपक कुमार (12) विजय कुमार, (10) को छोड़ गये हैं। खुशबू कुमारी की शादी 3 मार्च को होनी तय थी। वहीं मृतक बैजनाथ गंझु के दामाद मृतक नारायण गंझु अपने पीछे पत्नी मनीषा देवी (28) सहित चार बच्चे पुन्नी कुमारी (10), रोषन कुमार (6), यशोदा कुमारी (4), अमुख कुमार (2) को छोड़ गये हैं। दोनों परिवार में बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने से सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। इस घटना से दोनों परिवारों के गांवों में मातम छा गया है।

कार व बाइक में जोरदार टक्कर, एक की मौत

चंदवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य पथ पर जोबीया गांव के समीप शनिवार शाम एक कार व बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कामता पंचायत के हिसरी गांव निवासी जयजीत मिंज पिता स्व जुले मिंज के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जयजीत मिंज अपनी बाइक से नगर की ओर से अपने घर हिसरी लौट रहा था। इसी दौरान जोबिया के समीप विपरीत दिशा से आ रहे कार से उसकी आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने एनएच को जाम कर दिया। सड़क जाम की वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। इधर घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस मौके पर पहुंच सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों को समझाने के प्रयास में जुट गई थी। खबर लिखे जाने तक ग्रामीण शव के साथ सड़क पर अड़े हुए थे।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता। कुंदा

कुंदा प्रखंड की सिकीदाग पंचायत के मदारपुर गांव में पांच दिवसीय 1008 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश स्थापना के साथ शनिवार को शुरू हुआ। कलश यात्रा में शामिल 501 कलशधारी व श्रद्धालुओं का जत्था मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ भौरुडीह शिव मंदिर से होते हुए नदी तट पर पहुंचा,

जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जलबोझी की गई। इसके बाद कलश यात्रियों का जत्था भौरुडीह हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचा, जहां मंत्रोच्चारण के बीच कलश स्थापित की गई। मुखिया अनिता देवी ने बताया कि रविवार को वेदी पूजन व बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। यात्रा में समाजसेवी अखिलेश प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया ज्ञानती देवी, द्वारिका यादव, संजय यादव, बिजय यादव, प्रदीप यादव, सीकेन्द्र यादव, चन्दिरका यादव, संभु यादव, धीरेंद्र साव आदि शामिल थे।

आयुष चिकित्सा शिविर में डेढ़ सौ मरीजों की जांच

गिद्धौर। प्रखंड के पेक्सा गांव में आयुष चिकित्सा समिति के तत्वाधान में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गांव के करीब डेढ़ सौ महिला पुरुषों की जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। मरीजों की जांच आयुष चिकित्सक डॉ. निरंजन शर्मा द्वारा किया गया। मौके पर हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के समन्वयक गौरी शंकर दांगी व नीलू कुमारी आदि उपस्थित थे।

पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा

थाना परिसर में शनिवार को सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण संपन कराने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ सह प्रभारी सीओ मोनी कुमारी व संचालन थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने किया। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पूजा समिति के सदस्यों व गणमान्य लोगों से सौहार्द पूर्ण तरीके से पूजा के आयोजन में सहयोग की अपील की गई। बीडीओ व थाना प्रभारी ने कहा कि पूजा के दौरान शराब की बिक्री व सेवन व डीजे बजाने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही पूजा स्थल पर सिर्फ भक्ति गीत बजाने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में पूजा समितियों से नियमों का अनुपालन करने को कहा गया। थाना प्रभारी ने कहा कि पूजा के दौरान शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस सख्ती से पेश आएगी। उन्होंनें प्रखंड वासियों से

सहयोग कि अपील करते हुए किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने, कोई समस्या आने पर तुरंत सूचना देने की बात कही। मौके पर जिप सदस्य रामसेवक दांगी, सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार रविदास, मुखिया राधिका देवी, पूर्व मुखिया मेघन दांगी, विहिप नेता आशीष दांगी, बीस सूत्री अध्यक्ष विकास यादव, उपाध्यक्ष जितेंद्र दांगी, पवन कुमार, राजेंद्र दांगी, आदित्य राणा उपस्थित थे।

डीएवी पब्लिक स्कूल परिवार ने किया हवन

लातेहार। जिला मुख्यालय के जलता स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल परिवार ने शनिवार को लातेहार में पुनः विश्व शांति यज्ञ की श्रृंखला के अंतर्गत दूसरी बार प्राचीन काली मंदिर के नजदीक दुर्गामण्डप प्रांगण में राष्ट्र एवं सामाजिक उत्थान के लिए वैदिक हवन और विश्व शांति यज्ञ का आयोजन किया। इसमें समाजसेवी सह शिक्षक लाल आशीष नाथ शाहदेव एवं अधिवक्ता संजय कुमार ने भाग लिया। यज्ञ में संतोष रंजन, व्यवसायी राजीव गुप्ता, संदीप गुप्ता ने भी भाग लिया। संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में हवन प्रारंभ किया गया। मौके पर राजीव गुप्ता उर्फ कुकु गुप्ता आदि मौजूद थे।

बाहर मजदूरी करने गए कुंदा प्रखंड के दो मजदूरों की मौत

नवीन मेल संवाददाता। कुंदा(चतरा)

कुंदा प्रखंड के दो अलग-अलग गांवों से उत्तर प्रदेश मजदूरी करने गए दो मजदूरों की मौत हो गई है। थाना क्षेत्र के बुटकुइया गांव के 20 वर्षीय सतेंद्र कुमार पिता करम गंझु की मौत यूपी के मेरठ व थाना क्षेत्र के नकटीमांडर गांव निवासी 25 वर्षीय बिनोद कुमार पिता अर्जुन यादव की मौत टाटानगर में हो गई है। करम गंझु मेरठ में खेती-बारी का कार्य करता था। परिजनों को मृतक के शव लाने की चिंता हो रही है। वहीं बिनोद जीआरपीएल पानी टंकी फैक्ट्री में कार्य करता था, जिसका शव एम्बुलेंस से गांव लाया गया।

लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का किया वितरण

गिद्धौर। प्रखंड की पहरा पंचायत स्थित सिंदुरबे गांव में शनिवार को कल्याण विभाग द्वारा बतख चूजा का वितरण शिविर लगाकर किया गया। गांव के नौ लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का वितरण किया गया। मौके पर आनंद कुमार, मुखिया बेबी देवी, मुकेश कुमार साव, वार्ड सदस्य मंजू देवी आदि मौजूद रहे।

अपनी मांगों के समर्थन में रसोइया संघ ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ की प्रखंड इकाई की शनिवार को एक बैठक पूराना ब्लॉक प्रांगण में प्रखंड सचिव रीना देवी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें एक सौ रसोइया बहनें शामिल हुईं। रीना देवी ने कहा कि रसोइयाकर्मी की हालत बदतर है। बैठक में रसोईया संघ के संरक्षक प्रखंड माले सचिव कमलेश सिंह, राजेंद्र सिंह, कृष्णा सिंह कोषाध्यक्ष रोयल सोय, शांति देवी, पुष्पा देवी, पर्वतीय देवी, सुदामा देवी, ललिता देवी, रेशमी देवी, शारदा देवी, जैमुन बीवी, शांति कुंवर आदि मौजूद थे।

प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

गिद्धौर। द्वारी मध्य विद्यालय परिसर में शनिवार को प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सीआरसी स्तर पर रसोईया सदस्यों द्वारा रागी (मडुआ) का लड्डू बनाया गया। मध्य विद्यालय द्वारी की रसोईया लक्ष्मी देवी को प्रथम पुरस्कार दिया गया। मध्य विद्यालय गिद्धौर की रसोईया किरण कुमारी को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। मौके पर एमडीएम सेल के रामचंद्र यादव, सीआरपी प्रेमचंद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

सोलर जल मीनार कार्य में बरती जा रही अनियमितता

संतोष कुमार निराला। गिद्धौर

गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारियातु पंचायत के महुआ टांड स्थित महड़ोरिया टोला में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा सोलर आधारित जल मीनार के निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण कार्य कर रहे संवेदक द्वारा बगैर बोरिंग किए हुए पूर्व के सुखे बोरिंग में जोर जबरदस्ती समरसेबल डाला जा रहा है। जिसका ग्रामीणों ने वरोध किया है। बताया गया कि जिस जगह पर पानी टंकी का निर्माण किया गया है। वहां पूर्व से एक हैंडपंप बेकार पड़ा है और उसमें पानी भी नहीं है। इस हैंड पंप में संवेदक द्वारा समरसेबल

डालने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों ने कहा जल मीनार निर्माण के साथ नए स्तर से डीप बोरिंग किया जाना है। परंतु संवेदक को कहने के बावजूद भी नया डीप बोरिंग नहीं किया गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की जांच कर संवेदक व विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

Letter No.-366 Date-10.02.2024

NETARHAT VIDYALAYA SAMITI,NETARHAT

Advertisement No.: Net-Appointment-Regular-02/2024

APPLICATION FOR APPOINTMENT OF TEACHERS

Netarhat Vidyalaya Samiti, has been registered under the Societies Registration Act 1860 vide Registration No. 688/2009-10 as an Autonomous Institution with an objective of promotion of excellence and imparting quality education through Netarhat Vidyalaya (An Educational Institution owned by the Government of Jharkhand) besides undertaking pedagogical innovation, development of teaching aids and conduct of trainings etc. The recruitment will be done as per norms and processes laid down in the Gazette(Extraordinary issue) No. 57 dated 6th February 2012 published by the Govt. of Jharkhand, Ranchi. However, complete and detailed information regarding Age, Qualification, Experience, Reservation, Special Pay, Allowances and all other details are available on our school's website wwwHYPERLINK "www.netarhatvidyalaya.com".netarhatvidyalaya.com.

Details of Vacancy

S. No.	Name of the post	No. of Vacancies	Pay Scale	Allowance
1	Teacher	Hindi – 04 (UR – 03, SC-01) English – 04 (UR – 01, SC – 01, BC-1 – 01, EWS – 01) Sanskrit – 02 (UR – 01, ST- 01) Math – 02 (UR – 01, ST- 01) Biology – 01 (UR – 01), History – 01 (ST – 01) Geography – 01 (UR – 01) Economics – 01 (UR – 01) Agriculture – 01 (UR – 01) Pol. Sci. – 01 (UR – 01) Total – 18	56100- 177500 (Level –10) + other applicable allowances.	As per Jharkhand Govt. Rule.

Children Education Assistance –Wards (own Son/Daughter) of regular staffs of all categories shall be eligible for free education in NetarhatAwasiya Vidyalaya as a day-scholar.

Accommodation- Free semi furnished accommodation will be provided to all regular staff as per availability.

How to Apply – Visit school website wwwHYPERLINK "www.netarhatvidyalaya.com".netarhatvidyalaya.com to apply online. Downloaded application format A-4 size paper in the prescribed format duly supported with certified/self attested copies of certificates and complete in all respects giving specific information regarding eligibility conditions, should reach to the office of **The Principal, Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat. P.O- Netarhat, Distt- Latehar, Via- Gumla, Jharkhand Pin-835218 by registered Post/Speed Post on or before 20th March2024 till 5.00 PM. Incomplete application or those received after due date will not be entertained.** The candidates, already in service, should apply through proper channel. The forwarding authority of such application shall send the attested copies of Annual Confidential Reports of the applicant for the last five years along with the application. A certificate to the effect that no disciplinary proceeding/vigilance cases/judicial proceeding are contemplated/pending against the candidate should be given in the forwarding letter. **Name of the Post applied** forand **advertisement no.** must be clearly superscripted on the envelope containing the application materials. **The last datefor submission of Online Application form is 31.03.2024 and receipt of Hard Copy of Application is 10.04.2024.**Complete information regarding vacancy/appointment is available on our school website www.netarhatvidyalaya.com

Application fee:- Rs 1000/- for General and OBC category and Rs. 300/- for EWS/SC/ST category.

Important :- The candidates who were applicant in Advertisement no – 01/2021 are required to apply again but those candidates will not pay the application and They will also be given one time age relaxation.

Note -Selection process and any other information is easily available at the school website.

Sd/- Principal
-cum-member Secretary
Netarhat Vidyalaya Samiti, Netarhat

PR 318575 Human Resource Developement(23-24)#D

कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा
दूरभाषः (06526) 222932, फैक्सः 224599
ई–मेलः ssaloh@rediffmail.com
lohardagassa@gmail.com

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

आवश्यक सूचना

विभागीय आदेश संख्या 3863 दिनांक 10.10.2023 एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के विज्ञापन संख्या 06/2023 के आलोक में जिले में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही, लोहरदगा में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला/पुरूष अभ्यर्थियों से शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 30.11.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से मांग की गई थी। उक्त के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा भेजी गई आवेदन पत्र का प्रविष्टि कर अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ जिले के अधिकृत वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर प्रकाशित कर आपत्तियों की मांग की गई थी। निर्धारित तिथि तक अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त आपत्तियों के निराकरण करने के उपरांत स्वीकृत एवं अस्वीकृत किये गये आवेदनों से संबंधित (कारण सहित) विवरणी वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर प्रकाशित की जा रही है। अनुरोध है कि अस्वीकृत आवेदन में किसी अभ्यर्थी को दावा/आपत्ति हो तो दिनांक 16.02.2024 तक अपनी दावा/आपत्ति (साक्ष्य के साथ) आवेदन कार्यालय में जमा कर सकते है। उक्त तिथि के बाद किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 318604 (Lohardaga)23-24*D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

ई– निविदा आमंत्रण सूचना

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या :– 04/R1/2023-24/EE/RWD/LATEHAR

दिनांक : 09.02.2024

क्र0	आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की तिथि	टेन्डर कॉल
1	RWD/LATEHAR7/STPKG-01/2023-24	(1) L071 - T06 से सेरनदाग तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 4.130 कि0मी0) (2) सेरनदाग से सासंग तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 6.000 कि0मी0) (3) L080 - T06 से बिजरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 8.550 कि0मी0)	1421.929	रू0 चौदह करोड़ इक्कीस लाख बानबे हजार नौ सौ रूपये मात्र।	15 माह	द्वितीय

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 13.02.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.02.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 23.02.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR.NO.318554 Rural Development(23-24):D

एक नजर

श्रमदान कर की गई मदरसे की ढलाई

सेन्हा। प्रखंड क्षेत्र स्थित सेन्हा ग्राम के मदरसा हसमतुर रजा का ढलाई कार्य अंजुमन इस्लामिया सेन्हा द्वारा श्रमदान कर किया गया। ढलाई कार्य का शुभारंभ मौलाना जिब्राइल ने फातिहा पढ़कर सबसे पहले एक कड़ाही सीमेंट डाला, जिसके पश्चात ढलाई कार्य शुरू किया गया। ढलाई के दौरान आपसी सहयोग से लोगों ने 1 लाख 32 हजार रुपये का सहयोग किया। 50 हजार रुपये कलेहेपाट निवासी तौफिक अंसारी, डाडू निवासी रियाज अंसारी 35 हजार रुपये और सदर मोख्तार अंसारी 10 हजार रुपये सहित अन्य लोगों ने 100 से लेकर 1000 हजार रुपये देकर पुण्य के भागी बने। मौलाना रियाज ने कहा कि शिक्षा के लिए संसाधन की आवश्यकता होती है। मौके पर मौलाना रियाज, हाफिज मोबिन, मौलाना सफी अहमद, मो. अजरूद्दीन, कसमुल अंसारी, आफाक अंसारी, वसीम आदि उपस्थित थे।

अंचलाधिकारी ने लोस चुनाव को ले की बैठक

सेन्हा। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागर में अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाची निबंधन पदाधिकारी की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रखंड क्षेत्र के विद्यालय स्थित मतदान केंद्रों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ समीक्षा बैठक की। मौके पर संजय शुक्ला, रेणुका कुमारी, श्रीकांत सिंह, शैलेश कुमार, बालकृष्ण सिंह, श्रीकुंवर लोहरा, शमशाद आलम, राजीव रंजन उपाध्याय, अरविंद कुमार आदि उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी का निरीक्षण

चैनपुर(गुमला)। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गुमला द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पकनी का निरीक्षण किया गया। साथ ही उन्होंने फाइलेरिया की दवा भी खाई। बताया गया कि पूरे प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत फाइलेरिया रोग नियंत्रण हेतु डीईसी (डाई इथाइल कार्जबिन) एव एल्बेंडाजोल दवा खिलाए जाना है इसके लिए स्कूलों को भी शामिल किया गया है। इस अभियान में गर्भवती महिला, 2 साल से कम उम्र के बच्चे एवं गंभीर रूप से बीमार लोगों को दवा नहीं खिलानी है। इस दवा के सेवन के पश्चात जिन व्यक्तियों के खून में फाइलेरिया के रोगाणु उपस्थित होते हैं उनको अत्यधिक बुखार, सर दर्द, उल्टी और चक्कर आने की स्थिति हो सकती है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गुमला आरती देवी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चैनपुर सुधा सिन्हा, महिला पर्यवेक्षिका स्वास्ति देवी आंगनवाड़ी सेविका सुशांति देवी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

एसआईटी ने संतोष मांझी हत्याकांड का किया उद्भेदन, मुख्य साजिशकर्ता समेत चार गिरफ्तार

पत्नी के साथ अवैध संबंध के शक में कराई हत्या, रांची से मंगाए थे शूटर

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
पिछले दिनों कुडू थाना क्षेत्र के कुडू बाजार टांड़ के संवेदक संतोष कुमार मांझी उर्फ मंगलू की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड के छह दिनों के भीतर ही पुलिस ने मामले का उदभेदन करते हुए मुख्य साजिशकर्ता समेत चार अपराधियों को धर दबोचा है। शनिवार को पुलिस ने मीडिया के समक्ष सभी अपराधियों को प्रस्तुत करते हुए हत्याकांड का खुलासा किया है।

इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने पत्रकारों को बताया कि हत्याकांड को लेकर पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया था। इस कांड के उद्भेदन को लेकर सहायक पुलिस अधीक्षक (भापुसे) वेदांत शंकर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा टोप्पो के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। गठित एसआईटी टीम ने मामले का उदभेदन करते हुए हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता व इसमें शामिल सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधी की पहचान मुख्य साजिशकर्ता सत्यजीत कुंदन, रितेश कुमार भारती, शूटर विजय राम पवार, अमन सिंह के रूप में की गई है। घटना में प्रयुक्त मोबाइल, हत्या के षड्यंत्र में मिले पैसे एवं घटना में प्रयोग किये गये कार एवं मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। एसपी ने बताया कि हत्याकांड का मुख्य कारण अवैध संबंध में उपजा शक है। मुख्य साजिशकर्ता सत्यजीत कुंदन ने अपनी पत्नी का अवैध संबंध संतोष मांझी से होने के शक के कारण उसकी हत्या की साजिश रची। इसके लिए वो रांची से शूटरों को बुलाया था। इस काम में उसकी मदद रितेश कुमार भारती ने की थी। कांड के उद्भेदन को लेकर तकनीकी शाखा की मदद ली गई थी। इस हत्याकांड में कुल छह अपराधी शामिल थे, जिनमें चार की गिरफ्तारी हो गई है, बाकी दो फरार हैं। उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अपराधियों ने पुलिस के समक्ष संतोष कुमार मांझी उर्फ मंगलू की आपसी रंजिश के कारण हत्या करने की बात स्वीकार की है। एसपी ने बताया कि संतोष की हत्या की साजिश कुछ महीने पहले ही बना ली गई थी। इसके लिए रांची से 60 हजार खर्च करके शूटर मंगाए गए थे। पुलिस की एसआईटी टीम में सहायक पुलिस अधीक्षक वेदांत शंकर, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सदर थानेदार अनिल उरांव, कुडू थानेदार विश्वजीत कुमार सिंह, धनन्जय कुमार पासवान पुलिस केंद्र, होलिका तिग्गा तकनिकी शाखा शामिल थे। इनके अलावा दिनेश प्रसाद मेहता, संजय कुमार, संजय कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, प्रशांत गौरव, राजेश उरांव, बिनोद कुमार सिंह, जावेद अख्तर, निरज कुमार मिश्रा तकनीकी शाखा, निर्मल मार्शल मिंज, राजू महतो, विपिन हजाम, ललित उरांव तकनिकी शाखा, कौशल यादव तकनिकी शाखा ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

तिहरे हत्याकांड में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

गुमला। सिसई थाना क्षेत्र के सकरौली गांव में 9 फरवरी की दोपहर तीन लोगों की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई थी, जबकि इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में शिव कुमार साहू, नंदकिशोर साहू और सत्येंद्र साहू शामिल हैं। शनिवार को पुलिस अधीक्षक के कार्यालय परिसर में प्रेसवार्ता का आयोजन कर एसडीपीओ गुमला सुरेश प्रसाद यादव ने पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जमीन में कटे हुए पेड़ के बंटवारे को लेकर एक परिवार के दो भाइयों के बीच खूनी संघर्ष हुआ, जिसमें तीन की मौत मौके पर हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से जख्मी एक व्यक्ति को बेहतर इलाज हेतु रांची भेजा गया है। गिरफ्तार तीन अभियुक्तों में एक को चोट लगी है जिसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटनास्थल से लगा दो टांगी बरामद किया है।

कार्यपालक दंडाधिकारी को दी गई विदाई

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम को उनके धनबाद जिला में स्थानांतरण होने पर शनिवार को विदाई दी गयी। इस मौके पर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि विभिन्न पदों पर रहते हुए इन्होंने बेहतर कार्य किया। कार्य के दबाव में आए बिना बेहतर कार्य करते रहे। काफी मिलनसार हैं और लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। भरोसा है कि बेहतर कार्य आगे की सेवा में भी जारी रखेंगे। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सेवा काल में यह नियमित प्रक्रिया है। सरल स्वभाव के कारण ये बेहतर कार्य करेंगे यही भरोसा है। अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा ने कहा कि स्थानांतरण नियति है। बीस जिले में पदाधिकारियों की कमी के बावजूद जिन विभागों का प्रभार मिला, इन्होंने बेहतर कार्य किया। अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि कार्यपालक दंडाधिकारी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए बेहतर कार्य किया। कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम ने कहा कि लोहरदगा जिला में मिले दायित्वों और कायार्नुभव का बेहतर परिणाम नए पदस्थापन में मिलेगा। लोहरदगा जिला में बहुत प्यार और सम्मान मिला। कार्यक्रम में निर्वाचन कार्यालय के कर्मियों व कल्याण विभाग के कर्मियों ने भी विचार व्यक्त किये।

पत्रकार संघ ने एसडीपीओ का किया स्वागत

चैनपुर। चैनपुर पत्रकार संघ ने नवपदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमिता एक्का को बुके देकर उनका स्वागत किया। साथ ही चैनपुर की वस्तु स्थितियों से अवगत कराया। वहीं चैनपुर एसडीपीओ अमिता टोप्पो ने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। विधि व्यवस्था संधारण की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया जाएगा। साथ ही अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास से लोगों को जागरूक होने की अपील की है।

उपायुक्त ने किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शनिवार को सदर अस्पताल प्रांगण में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (एमडीए)-2024 का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने लाभुक के रूप में 13 वर्षीय किशोर को डीईसी की दवा पिलाकर व एल्बेंडाजॉल की दवा खिलाकर अभियान की शुरुआत की। यह कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, डॉ डीएन सिंह, एपिडेमियोलॉजिस्ट प्रशांत चौहान आदि उपस्थित थे। इस वर्ष लोहरदगा जिला में लगभग 2,59,286 (पांच लाख उनसठ हजार दो सौ छियासी) लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में कुल 717 बूथ बनाये गये हैं। दवा खिलाने हेतु सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग 1500 कार्यकर्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है। कार्यक्रम की सफलता हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन, लोहरदगा द्वारा लोहरदगा जिला के वासियों से अपील की गयी कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं खिलाई जाएगी। 1-2 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली पानी मे मिलाकर देना है और डीईसी की गोली नहीं देना है। 2-5 वर्ष के बच्चों को 1 डीईसी एवं 1 एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। 6-14 वर्ष के बच्चों-किशोर/किशोरियों को 2 डीईसी एवं 1 एल्बेंडाजोल की दवा खिलायी जाएगी। 15 वर्ष या इससे अधिक उम्र के युवाओं/वयस्कों को 3 डीईसी एवं 1 एल्बेंडाजोल की गोली खिलायी जाएगी। दवा का कोई भी साइडइफेक्ट नहीं है। गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नहीं देना है। दवा खाली पेट नहीं देना है।

भंडरा में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम शुरू

भंडरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ डा. आकाश वर्मा ने फाइलेरिया खुराक खा कर किया। भंडरा प्रखंड में 8621 लोगों को फाइलेरिया की खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 218 स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्त किया गया है।

दुर्घटना में बाइक सवार युवक-युवती की मौत

नवीन मेल संवाददाता। गुमला
गुमला-रांची नेशनल हाईवे पर नागफनी के समीप शुक्रवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार रायडीह प्रखंड के बिरकेरा निवासी 24 वर्षीय रोहित गोप और रेड़वा निवासी 22 वर्षीय रेखा कुमारी की मौत हो गई। इससे पहले तत्काल स्थानीय लोगों द्वारा दोनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर स्थिति में दोनों को रांची रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में आक्रोश का माहौल है। घटना इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।

जवाहर नवोदय विद्यालय में संपन्न हुई प्रवेश परीक्षा

सेन्हा। प्रखंड क्षेत्र स्थित जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में 9वीं एवं 11वी कक्षा में नामाकंन के लिये शनिवार को प्रवेश परीक्षा ली गई। वहीं प्राचार्य अवनीश चंद्र झा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा पास करने पर 9 वीं कक्षा में 6 बच्चों का नामाकंन लिया जायेगा। नौवीं कक्षा के 128 बच्चों में 88 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। 11वीं के 73 बच्चों में 48 शामिल हुए। मौके पर दंडाधिकारी सह जेई संजीत, धनंजय, जगेश्वर महतो, रमेश उपाध्याय, आरपी विश्वकर्मा, सीमा जायसवाल, सूरज पांडेय मौजूद थे।

974 उपस्थित रहे

लोहरदगा। इंटरमीडिएट परीक्षा-द्वितीय पाली में अपराह्न 2 बजे से 5.15 बजे तक जिला के 3 केंद्रों पर हुई। इसमें कुल 974 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में 668 परीक्षार्थी उपस्थित व 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण आयोजित की गई।

'भ्रष्टाचार के कारण नहीं हो पा रहा है क्षेत्र का विकास'

नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)
चैनपुर एसडीपीओ कार्यालय परिसर में नवपदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमिता लकड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध जनों के साथ एक बैठक की गई। बैठक में क्षेत्र की समस्याओं एवं अपराध पर चर्चा की गई। अनुमंडल क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के साथ-साथ क्षेत्र की समस्याओं पर प्रबुद्ध जनों ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। वहीं चर्च रोड की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए क्षेत्र के बाजार हाटों में चोरी, बाइक चोरी के साथ-साथ क्षेत्र में अवैध बालू अवैध शराब पशु तस्करी जैसे मामलों पर भी चर्चा की गई। साथ ही अंधविश्वास डायन बिसाही जमीन विभाग जमीन विवाद एवं नशा पान के कारण हो रहे हत्याओं पर चर्चा करते हुए एसडीपीओ ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को एवं प्रबुद्ध जनों को जागरूकता फैलाने की बात कही। साथ ही हेलमेट लगाकर बाइक चलाने पर भी जागरूकता फैलाने की बात कही। वहीं सभी पर्वत त्यौहार एवं त्योहार पर निकलने वाले जुलूसों पर भी जानकारी लेते हुए चर्चा की गई। वहीं एसडीपीओ अमिता लकड़ा ने कहा कि आप सबों के सहयोग से क्षेत्र की समस्याओं एवं अपराध को कम किया जा सकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर थाना प्रभारी आंशुतोष कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख ओलिवभा कांता कुजूर, मुखिया शोभा देवी, अभय प्रताप, एएसआई मदन शर्मा, रघुनंदन प्रसाद, अवधेश प्रताप शाहदेव, मनोहर बड़ाईक, अरविंद मौर्या जेम्स रोजारियो तिग्गा, जावेद खान, बोनीफासस कुजूर, बुधराम नायक आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय-झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा
विकास भवन-बी० समाहरणालय परिसर, प्रथम-तल

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना, परिषद, राँची के पत्रांक–2648 दिनांक–12.10.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिले के 14 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय– गढ़वा, मेराल, डंडई, रमना, नगर उँटारी, धुरकी, भवनाथपुर, खरौन्धी, कांडी, मझिआंव, रंका, चिनियां, रमकण्डा, भण्डरिया एवं 5 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय– डण्डा, बरडीहा, केतार, बिशुनपुरा, सगमा तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय रंका में खाद्य–अखाद्य, हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर, पोशाक व अन्य वस्त्र, स्टेशनरी आदि आपूर्ति हेतु संस्थाओं/प्रतिष्ठानों से विद्यालयवार निविदा द्विलिफाफा पद्धति अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता निविदा–प्रपत्र दिनांक–12.02.2024 से 26.02.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निर्धारित शुल्क– 1000/– (एक हजार) रु0 प्रति पैकेज की दर से डिमांड ड्राफ्ट (SAMAGRA SHIKSHA ABHIYAN GARHWA DEO-CUM-DPO के नाम से जारी तथा गढ़वा में भुगतेय होना चाहिए) एवं आवेदन जिला कार्यालय झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा में जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। निविदा–प्रपत्र में उल्लेखित सामग्री का तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबन्द लिफाफा में बन्द करते हुए एक बड़े लिफाफा में दिनांक–27.02.2024 के अपराह्न 01:00 बजे तक जिला कार्यालय में जमा किया जाना है।

जिला स्तरीय क्रय समिति द्वारा दिनांक–27.02.2024 के अपराह्न 02:00 बजे जिला कार्यालय– झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा में निविदा खोली जायेगी। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा सूचना जिले के आधिकारिक वेबसाईट– www.garhwa.nic.in पर भी उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 318598 Jharkhand Council of Educational Research and Training(23-24)#D

कार्यालय गुमला नगर परिषद, गुमला

(DAY-NULM Cell)

पत्रांक ..... दिनांक .....

पथ विक्रेताओं के चुनाव संबंधी सूचना

झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) नियमावली 2015 तथा झारखण्ड पथ विक्रेता (आजीविका संरक्षण एवं विनियमन) संशोधित नियमावली 2016 के प्रावधनों के अनुसार पथ विक्रेताओं के 12 प्रतिनिधि के चुनाव आयोजन करने हेतु निर्धारित प्रक्रिया के आलोक में निकाय स्तर से निम्नवत समय रेखा (Time Line) निर्धारित की जाती है एवं टाऊन वेंडिंग कमेटी के गठन हेतु 12 सदस्यों (प्रतिनिधि) का चयन चुनाव के माध्यम से किया जाना है। सदस्यों का आरक्षण निम्न प्रकार से है :–

सदस्य संख्या	आरक्षण	अभियुक्ति
1	अनारक्षित	पुरूष
2	अनारक्षित	पुरूष
3	अनारक्षित	पुरूष
4	अनारक्षित	पुरूष
5	अनारक्षित	पुरूष
6	अनारक्षित	महिला
7	अनुसूचित जनजाति	पुरूष
8	अनुसूचित जनजाति	पुरूष
9	अनुसूचित जनजाति	महिला
10	अनुसूचित जनजाति	महिला
11	अनुसूचित जनजाति	महिला
12	अनुसूचित जाति	पुरूष

चुनाव संबंधित विवरणी निम्न प्रकार से है :–

क्र० सं०	कार्यवाही	तिथि	समय	स्थान
1	नामांकन फॉर्म दायर करने की एवं नामांकन की तिथि।	11.03.2024	11.00 AM से 03.00 PM	गुमला नगर परिषद, गुमला।
2	नामांकन पत्रों की जाँच।	12.03.2024	10.00 AM से 01.00 PM	
3	आपत्ति प्राप्त करने एवं आपत्ति का निराकरण की तिथि।	12.03.2024	02.00 PM से 04.00 PM	
4	अंतिम रूप से जाँच किये गये वैध नामांकित उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन।	13.03.2024	03.00 PM से 04.00 PM	
5	नामांकन वापसी की तिथि।	13.03.2024	11.00 AM से 05.00 PM	
6	मतदान की तिथि।	14.03.2024	11.00 AM से 05.00 PM	
7	मतगणना की तिथि।	15.03.2024	11.00 AM से 05.00 PM	

चुनाव स्थल : गुमला नगर परिषद, गुमला।

नोट :– 1. नामांकन वापसी की तिथि के पश्चात् उपरोक्त वर्णित आरक्षण कोटि के समरूप सिर्फ 12 उम्मीदवार रहने पर परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।
2 प्रत्याशी नामांकन पत्र के साथ 2000 रूपये की प्रतिभूति नकद जमा करेगा। यदि प्रत्याशी डाले गए कुल मतों से 1/6 से कम मत प्राप्त करता है, तो उसकी प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जाएगी।
3 फुटपाथ विक्रेताओं की सूची, नियम एवं शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
4 सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त पावती/मतदाता सूची में अंकित क्र०सं०/फॉर्म संख्या/नाम का प्रामण के साथ फोटो पहचान पत्र (वोटर कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड इत्यादि) लाने पर ही मतदान किया जा सकता है।
5 सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त पावती/मतदाता सूची में अंकित फॉर्म संख्या को ही पंजीकरण संख्या माना जाएगा।

रिटर्निंग अधिकारी–सह– नगर मिशन प्रबंधक
गुमला नगर परिषद, गुमला।

प्रशासक,
गुमला नगर परिषद, गुमला।

PR.NO.318594 District(23-24):D

GOVERNMENT OF JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
NATIONAL HIGHWAYS DIVISION, GUMLA.
E-mail: eenhgumlajhr@gmail.com / eenhgumla-jhr@nic.in

(NIT)

TENDER NOTICE No: NH/GUMLA/03/2023-24Dated:-10/02/2024

Application in the prescribed format form eligible contractors for Notice inviting tender F2 mode are invited for following project in one bid systems.

Sl. No.	Name of Work	Approximate value of work (Rs)	Bid Security/EMD Amount (Rs)	Cost Of Document (Rs)	Time of Completion	Category of Bidder
1.	Floor Protection of Bridge at KM 7/1 of NH-78 (New NH-43) in the year 2023-24 under contingency provision of the work. "Strengthening from km 97.00 to 136.00 and one time improvement from km 88.00 to 97.00 on NH-23 (New NH-43) under Gumla in the state of Jharkhand on EPC mode [Job No. NH-23/AP-JHR-2021-22-306]".	**18,11,382.00 F2 Form**	**36, 500.00**	**5,000/-**	**2 Months**	**3**

Important Dates.

1.	Date of Issue of Notice Inviting Tender	**10.02.2024**
2.	Period of Sale of Bid Document	From 19. 02.2024 up to 10:00 HRS to 04.03.2024 upto 17:00 HRS Through official portal of: [https:// eprocure.gov.in]
3	BID Due Date	Date 04.03.2024 Up to 17:00 HRS Through official portal of: [https:// eprocure.gov.in]
4.	Last date of physical submission of bid security, POA and other documents in original	06.03.2024, up to 15.00 HRS
5.	Time and Date of Opening Bid	Date 06.03.2024 up to 15:30 HRS Through official portal of: [https:// eprocure.gov.in]
6.	Place of Opening of Bids	Office of the Chief Engineer, NH Wing, Jharkhand, Ranchi Through official portal of: [https:// eprocure.gov.in/]
7.	Bid Validity	90 Days from the Bid Due Date.
8.	Officer Inviting Bids	Executive Engineer NH Division, Gumla.

(a). Bid Document Fee (Cost of NIT document) which Rs. 5,000/-(Rupees Five thousand only) shall be paid only through NTRP (Non –Tax Receipt Portal) Portal https://bharatkosh.gov.in to Pay & Accounts Officer (PAO: 034756 in "Regional Pay Accounts Officer [RPAO(NH), Kolkata code No. 034756 and DDO Code No. 202122 Purpose: Sale of Tender Documents.]. The GST of Rs. 1800/- (Rs. One Thousand Eight hundred only) applicable on the sale of tender document shall be submitted in the form of Demand Draft favoring "Regional Pay & Accounts Officer (NH), MORTH, Kolkata", payable at Kolkata.

(b). Bid Security "Bid Security of Rs. **36,500.00** (Rupees Thirty Six Thousand Five Hundred only) in the form Original Band Guarantee in the format as mentioned in NIT from a scheduled Bank in favor of Executive Engineer, National Highway Division, Gumla. Bid Security in the form of B.G. only will have to be deposited in any office of the (i) Executive Engineer, National Highway Division, Gumla (ii) Superintending Engineer, National Highway Circle, Ranchi (iii) Chief Engineer, National Highway Wing, Ranchi, Jharkhand Ranchi on before 17:00 HRS on **04.03.2024** failing which the bid will be rejected.

(c). Tender of work will be opened at office of the Chief Engineer, N.H. Wing, Jharkhand, Ranchi on dated **06.03.2024 at 3:00 PM**. Bidders are requested to submit the evaluation statement as per sequence and in order to tender documents & submit one set of Hard Copy of Documents office of the Chief Engineer, NH Wing, RCD, Jharkhand, Ranchi-834004.

(d). Bidders please note that 'Bid Security' has to be submitted in prescribed Performa only.For further details visit us on above mentioned web site. Any Amendment/Corrigendum will be published on portal of https://eprocure.gov.in/eprocure/app only. Bidders will be bound to follow all Amendment/Corrigendum and requested to check portalhttps://eprocure.gov.in/eprocure/app on regular basis before the date and time of Submission.

Sd/-
Executive Engineer
National Highway Division, Gumla

PR 318567 (Road) 23-24 (D)

न्यूज बॉक्स

पालमो में बजरंगबली मंदिर से झंडे की हुई चोरी

गिरिडीह। तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पालमो में बजरंगबली मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर में रखे झंडे को ताला तोड़कर चुरा लिया। इस संबंध में मंदिर के पंडित सदानंद पांडे ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने मंदिर गेट का ताला तोड़कर मंदिर के अंदर रखे बक्से का ताला तोड़कर करीब 20 झंडे को चुराया गया है। जब हम सुबह उठकर पूजा करने मन्दिर आए तो देखा मंदिर गेट का ताला टूटा हुआ है और बक्शे में रखा झंडा गायब है। इसकी सूचना थाना को दी गई है।

भतीजा पर चाचा के साथ मारपीट करने का आरोप

गिरिडीह। बरवाडीह गांव के रामचंद्र प्रसाद यादव ने भतीजा मनोज यादव पर मारपीट करने का आरोप लगाकर तिसरी थाना में आवेदन देकर न्याय की अपील की है। आवेदन में कहा की तिसरी थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव में भतीजा मनोज यादव शराब पीकर घर में अपशब्द भाषा का प्रयोग कर रहा था। मना करने पर अचानक लाठी डंडा से चाचा रामचंद्र प्रसाद यादव के साथ मारपीट कर दिया। जिससे चाचा रामचंद्र प्रसाद यादव के माथे में गंभीर चोट लगी और खून निकलने लगा। जिसे देख घर के लोगो ने इलाज हेतु तिसरी अस्पताल ले गए। डाक्टर अनिता ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गिरिडीह रेफर कर दिया गया।

चिरकी बाजार में चलाया गया स्वच्छता अभियान

गिरिडीह। पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित चिरकी बाजार में शनिवार को बीडीओ मनोज कुमार मरांडी के आदेश पर श्री शिखरजी स्वच्छता समिति मधुबन द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पीरटांड़ ब्लॉक परिषर से सफाई अभियान की शुरूआत की गई जो चिरकी बाजार की सफाई करते हुए समाप्त किया गया।सफाई कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य,कर्मी एवं ब्लॉक के अधिकारियों ओर कर्मी शामिल थे। इस अभियान के तहत बाजार में स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। साथ ही सभी से कहा गया कि वो अपने अगल बगल को साफ रखें जिसे हमारा समाज स्वच्छ रहेगा। साथ ही ग्रामीणों को जागरुक होकर साफ सफाई पर निरंतर ध्यान देना चाहिए जिससे स्वच्छ भारत सुंदर भारत का निर्माण हो सके।इस पहल से निश्चित ही प्रखंड वासियों के बीच एक सकारात्मक सोच का संचार उत्पन्न होगा। और स्वछता अभियान के प्रति जागरूक होंगे। वही मौके पर ब्लॉक से बीडीओ मनोज कुमार मरांडी, गिरीश कुमार, आर्यन कुमार,एवं समिति के भरत साहू, विद्याभूषण मिश्रा,कैलाश प्रसाद अग्रवाल,तेजनारायण महतो, विनोद राम, अभिषेक सहाय, दिलीप तुरी,संतोष जैन, प्रवीण जैन,संजय जैन, सुशील बेगानी, संतोष ठाकुर एवं समस्त सफाई कर्मचारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

माले के जिला सम्मेलन के लिए ग्रामीण क्षेत्र से किया गया प्रतिनिधियों का चुनाव

गिरिडीह। भाकपा माले के 13वें जिला सम्मेलन की तैयारी क्रम में शनिवार को गिरिडीह ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिनिधियों का चुनाव संपन्न हुआ। सदर प्रखंड के कोवाड़ में आयोजित प्रतिनिधि चुनाव के जिला पर्यवेक्षक के रूप में पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य सह किसान नेता पूरन महतो मौजूद थे। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी पार्टी सदस्यों को जिला सम्मेलन को जोरदार तरीके से सफल करने का आह्वान किया। वहीं, अपने संबोधन में गांडेय विधानसभा क्षेत्र के भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, जिला सम्मेलन को लेकर पार्टी कतारों में काफी उत्साह है। पुराने सदस्यों के नवीकरण के साथ नए सदस्यों की भी भर्ती की जा रही है। इस बार के सम्मेलन को सफल करने के साथ कोडरमा लोकसभा क्षेत्र को जीतने का संकल्प भी लिया जा रहा है। कहा कि, भाजपा के शासन में लोगों को परेशानी-ही-परेशानी उठानी पड़ी है।

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

धनबाद। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शनिवार को सदर अस्पताल से धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, प्रभारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ज्ञानेंद्र सिंह, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ अमित कुमार सहित अन्य लोगों ने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली खाकर अभियान का शुभारंभ किया। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी लोगों को डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली का खुराक अवश्य लेना चाहिए। सरकार द्वारा इसके रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस बीमारी को जड़ से खत्म करना इस अभियान का उद्देश्य है।

शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 14665308P दिनांक 25.01.2024 मैं सुनीता मिंज, पति अनिल भगत, ग्राम - चौकनी, पो0- हेसवे, थाना - सेन्हा, जिला - लोहरदगा-835302 झारखण्ड राष्ट्रीयता-भारतीय, शपथ पूर्वक निम्न बयान करती हूँ कि मेरे पति का सर्विस बुक में मेरा नाम सुनीता मिंगे अंकित है जो कि गलत है। मेरा सही एवं वास्तविक नाम सुनीता मिंज है जो मेरे सभी कागजात आधार कार्ड, वोटर आईडी में है। अतः दोनो नाम एक ही महिला का है जो मैं स्वयं हूँ।

शपथ पत्र

मैं, राजमोहर पोलू पिता श्री भजन राम ग्राम+पोस्ट- कुटमू, थाना- पाण्डू, जिला-पलामू, झारखंड। मेरा वर्तमान पता- मेनरोड शाहपुर, पोस्ट-शाहपुर, थाना-चैनपुर, जिला-पलामू, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक एकरार करता हूं कि मेरा नाम सभी दस्तावेज और शैक्षणिक प्रमाण पत्र वगैरह में राजमुनी राम है। मेरा आधार कार्ड में राजमुनी राम की जगह मेरा नाम राजमोहन पोलू पुकारू नाम दर्ज हो गया है। जोकि राजमुनी राम और राजमोहन पोलू दोनों नाम मेरा है। मैं दोनों नाम से जाना एवं पहचाना जाता हूं। अतः आधार में भी प्रमाण पत्र में दर्ज नाम राजमुनी राम ही किया जाये।

शपथ पत्र संख्या : 64/1355 दिनांक : 08/02/2024

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा

शुद्धि पत्र

ज्ञापांक..... दिनांक .....

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु सैरात बन्दोबस्ती से संबंधित आम सूचना का प्रकाशन किया गया था, जिसके प्रकाशन की तिथि 09.02.2024 एवं PR NO. 318375 Urban Development (23-24)#D है, उसमें निम्नांकित संशोधन किया जाता है :–

1. आवेदन प्राप्त करने की तिथि – दिनांक 13.02.2024 से 19.02.2024 तक
2. आवेदन जमा करने की तिथि – दिनांक 16.02.2024 से 17.02.2024 तक
3. सैरात बन्दोबस्ती हेतु खुली डाक का आयोजन – दिनांक 20.02.2024 को होगी।

अन्य सभी शर्तें यथावत् रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा।

PR 318546 Urban Development(23-24)D

कार्यालय गुमला नगर परिषद्, गुमला

पत्रांक ..... दिनांक .....

आम सूचना

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्र ज्ञापांक–01/न०प्र०नि०/NULM/SUSV-चुनाव/82/2017 2312 दिनांक 21.12.2023 के निर्देश के अनुपालन में आज दिनांक 09.02.2024 को गुमला नगर परिषद् अंतर्गत दिनांक 30.05.2019 को गठित टाउन वेंडिंग कमिटि को निरस्त किया जाता है।

विभागीय पत्र के अनुसार टाउन वेंडिंग कमिटि के पाँच वर्ष के अवधि पूर्ण होने के उपरान्त नए सिरे गठन किया जाना है। नए सिरे से गठन हेतु अखबार में चुनाव संबंधी सूचना प्रकाशन किया जाएगा।

प्रशासक,
गुमला नगर परिषद्, गुमला।

PR 318610 (District) 23-24 (D)

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

अति अल्पकालीन आम सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, हजारीबाग के क्षेत्राधिकार में हजारीबाग शहर वार्ड नं0 2 मुहल्ला मटवारी तालाब थाना न0 158 खाता सं0 86 प्लॉट न0 132, रकवा 33 डी0 में अवस्थित मात्र तालाब की बन्दोबस्ती वर्ष 2024–25, 2025–26, 2026.27 (तीन वर्ष) के लिए दिनांक 23/02/2024 को 2:00 बजे अपराहन् में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा की जायेगी। जो व्यक्ति निलामी में भाग लेना चाहते है, निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर भाग ले सकतें है। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 318595 (District) 23-24 (D)

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।

सैरात बन्दोबस्ती सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती वर्श 2024–25 (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक 22.02.2024 को 12.30 बजे अपराहन को होगी। जिस सैरात की डाक उक्त तिथि को नहीं होगी वह डाक दिनांक 23.02.2024 को 12.30 बजे अपराहन को होगी। उपरोक्त दोनो तिथि को डाक नहीं होने की स्थिति में उस सैरात का डाक दिनांक 26.02.2024 को 12.30 बजे अपराहन खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

क्र0	सैरातों का नाम	वर्ष 2023–24 की बन्दोबस्ती राशि (01 अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक)	वर्ष 2024–25 के लिए सरकारी डाक राशि	जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 25%)
1	मुख्य सब्जी बाजार	3427000	3769700	942425
2	सब्जी बाजार पाँकी रोड़ रेड़मा,	570000	627000	156750
3	सब्जी बाजार सदीक मंजिल चौक	253000	278300	69575
4	सब्जी बाजार, स्टेशन/गाँधी मैदान रोड़	617000	678700	169675
5	बकरी बाजार	176000	193600	48400
6	**वाहन पार्किंग** (छोटी गाड़ियों के लिए) – गीता भवन से थाना तक	384000	422400	105600
7	**वाहन स्टैण्ड** (टैक्सी/टैम्पु/मीनी बस स्टैण्ड इत्यादि) – संदीक मंजिल चौक, कोयल पुल के निकट (संदिक मंजिल चौक से कॉपरेटीभ चौक, नामधारी गुरूद्वारा चौक, तीनकोनिया मोड़ एवं पलामू क्लब रोड़ तक)	558000	613800	153450
8	गल्ला बाजार (मुख्य बाजार)	220000	242000	60500
9	स्टैण्ड रिहर्सल मोड़ रतन लाल पेट्रोल पम्प के सामने	247000	271700	67925
10	**वाहन पार्किंग** – हॉस्पिटल चौक के समिप आई0एम0ए0 हॉल के सामने	194000	213400	53350
11	रेड़मा चौक से जी0एल0ए0 कॉलेज रजवाडीह टैम्पु स्टेण्ड तक	94000	103400	25850
12	चैनपुर सब्जी बाजार	380000	418000	104500
13	चैनपुर स्टेण्ड	132000	145200	36300
14	पार्किंग कचहरी कैम्पस	424000	466400	116600
	कुल राशि	**7676000**	**8443600**	**2110900**

नोट :– न्यूनतम सुरक्षित राशि पूर्व की बन्दोवस्ती राशि में 10% की वृद्धि के पश्चात् निर्धारित की गयी है। डाक की नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 318633 District(23-24)D

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड), पिन– 825401

आवश्यक सूचना–III

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल 36 होल्डिंग धारियों द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही किया गया है। वैसे होल्डिंगधारी सात (07) दिनों के अन्दर नगर परिषद्, चतरा के जन सुविधा केन्द्र में आकर अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर दें, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के धारा –184 के क्रम संख्या–16.1 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रिज करने की कार्रवाई की जायेगी। बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न प्रकार है:–

S. No.	Ward No.	Holding No.	Owner Name	Amount
1	1	0010000484000A1	ANAND KUMAR MATHUR	538920
2	1	0010000432000M0	LAXMAN LAL GUPTA	50553
3	1	0010000506000M0	VISHUN KUMHAR	35105
4	2	0020000454000M0	YASHODA DEVI	34411
5	2	0020000161000F2	RAJNI KANT SINHA	22929
6	3	0030000234000A4	SHOBHA JAISWAL	52066
7	3	0030000058000A3	RAGINI GUPTA	27960
8	3	0030000296000M0	MOHIUDDIN AND OTHERS	21579
9	4	0040000546000M0	MEHRUN MASOMAT	31336
10	5	0050000250000X1	VINAY KUMAR VERMA, SANJAY KUMAR VERMA, SANTOSH KUMAR VERMA, VIKASH KUMAR VERMA, ARVIND KUMAR VERMA	109075
11	6	0060000260000C1	MD WAHAJUL HAQUE	52323
12	6	0060000122000X1	MD MISHABAHUL HAQUE	20164
13	7	0070000151000D1	JAGTENDRA PRASAD JAISWAL H.U.F	83662
14	7	0070000150000D1	JAGTENDRA PRASAD JAISWAL H.U.F	72289
15	7	0070000119000X3	RAJESH KUMAR JAISWAL & OTHERS	58638
16	7	0070000187000A3	MD GULAM SARWAR	37206
17	8	0080000282000M0	LT. BANARASI PANDA	23396
18	12	0120000389000M0	KISHUN SINGH OTHERS	67155
19	12	0120000387000M0	MULCHAND SAW	112235
20	12	0120000410000M0	PACHO DEVI & DROUPADI DEVI	58889
21	12	0120000360000A1	MOHAMMAD FAKHAR ALAM	23979
22	15	0150000493000M0	FULIYA KUMHAIN	30033
23	15	0150000489000M0	MASOMAT SITWA	25640
24	17	0170000367000X4	SHIV DEVI	46557
25	17	0170000252000X1	PURUSHOTTAM LAL AGRAWAL, PRAMOD KUMAR AGRAWAL & BROTHERS	26463
26	18	0180000178000D1	PRAYAG SAW,PARMESHWAR SAHU,SHAMBHU PRASAD,SHIV SAHU	40340
27	18	0180000010000X4	RAJIV JAIN & OTHERS	39249
28	19	0190000118000X1	PRADIP KUMAR	314040
29	19	0190000433000X4	GOPAL RAM	89423
30	19	0190000412000X1	SRI RAJENDRA PRASAD KESHRI	41374
31	19	0190000361000M0	SAIBAL KUMAR DATTA	29742
32	19	0190000291000A4	MANOJ KUMAR AND OTHERS	25165
33	19	0190000370000X1	SRIMATI. LALITA DEVI	14283
34	20	0200000538000M0	AJAY KUMAR AGRAWAL	53463
35	20	0200000767000I1	VIKASH BHAWAN D R D A PRASHIKSHAN BHAWAN	41628
36	21	0210000326000X1	JILA PARISHAD KARYALAY CHATRA	501619

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR.NO.318548 Urban Development(23-24):D

कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव

पत्रांक– 137/ दिनांक– 09.02.2024

अति–अल्पकालीन बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 41/2023–24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्श 2024–25 हेतु दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 23.02.2024 को अपराह्न 02:00 बजे से नगर पंचायत मझिऑव के कार्यालय के सभागार में की जायेगी।

क0 सं0	सैरात का नाम	सरकारी डाक की राशि	प्रतिभूति की राशि
01	नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्र का बस/407/607/सभी मालवाहन/जिप/टैक्सी/ठेला/फुटपाथ टॉल टैक्स संकलन	895231.00	89523.00

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत मझिऑव द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव के पदनाम से देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि दिनांक 22.02.2024 को कार्यालय अवधि में जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान किया जायेगा।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर पंचायत मझिऑव से दिनांक .20.02.2024 से 21.02.2024 तक कार्यालय अवधि में 1000.00 (एक हजार) रूपये का ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त की जा सकती है, जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मझिऑव के पदनाम से देय होगा। आवेदन शुल्क Non-refundable होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव।

PR.NO.318541 Urban Development(23-24):D

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)- 825401

आम सूचना–III

एतद द्वारा नगर परिषद्, चतरा क्षेत्रान्तर्गत धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल आदि प्रतिष्ठान के संचालकों को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त प्रतिष्ठानों को झारखण्ड शहरी क्षेत्र "धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल निर्माण और अनुज्ञप्ति नियमावली, 2013" के तहत उक्त प्रतिष्ठान का निर्माण/संचालन हेतु नगर परिषद्, चतरा से अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य है।

संचालन करने हेतु अनुज्ञप्ति एवं नवीकरण का वार्षिक शुल्क दर निम्नवत् है:–

क्र0	भवन का प्रकार	निर्मित क्षेत्र (Built up Area)	अनुज्ञप्ति का न्यूनतम वार्षिक शुल्क (रू0 में) नगर परिषद
1	धर्मशाला	5000 वर्गफीट तक	1000.00
		5001 वर्ग फीट से ऊपर	1250.00
2	विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall)	5000 वर्गफीट तक	9375.00
		5001 वर्ग फीट से ऊपर	12500.00
3	लॉज	1–10 बेड	1000.00
		11–20 बेड	1500.00
		21–50 बेड	1875.00
		50 से अधिक बेड	2500.00
4	हॉस्टल	1–10 बेड	750.00
		11–20 बेड	1000.00
		21–50 बेड	1250.00
		50 से अधिक बेड	1875.00

नोटः– उपरोक्त दर अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए भी वार्षिक रूप से देय होगा।

अतः सभी धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल आदि प्रतिष्ठान के संचालकों को आदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन से 15 दिनों के अन्दर अनुज्ञप्ति हेतु कार्यालय में आवेदन जमा करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित अवधि तक अनुज्ञप्ति नही पाये जाने पर निम्न दण्ड शूल्क के साथ अनुज्ञप्ति की जायेगी:–

(क) एक माह विलम्ब होने के पर– दण्ड शुल्क रू0 500/–(पाँच सौ रूपये)

(ख) प्रत्येक तीन माह के विलम्ब होने पर– दण्ड शुल्क रू0 2,000/–(दो हजार रूपये)

(ग) अनुज्ञप्ति अवधि समाप्त होने के एक वर्ष तक अनुज्ञप्ति का नवीकरण नहीं कराये जाने पर अनुज्ञप्ति स्वतः प्रभाव से रद्द समझा जायेगा एवं उसके संचालन को पूर्णताः बंद करा दिया जायेगा।

इस नियमावली के प्रवृत होने की तिथि से 03 (तीन) माह के अन्दर अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं करने पर, ऐसे सभी धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल को अनाधिकृत घोषित कर उसके संचालन को पूर्णतः बन्द कराने की कार्रवाई की जा सकेगी। धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल संचालन पर रोक के लिए मुख्य पदाधिकारी/नगर आयुक्त/कार्यपालक पदाधिकारी/विशेष पदाधिकारी/सक्षम पदाधिकारी होंगे।

अनुज्ञप्ति पदाधिकारी स्वप्रेरण से या शिकायत प्राप्त होने पर स्वयं अथवा किसी पदाधिकारी के द्वारा धर्मशाला, विवाह भवन (Marriage Hall), /बैंक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल का निरीक्षण कर या करा सकेगा। निरीक्षण के क्रम में जिन मानकों पर अनुज्ञप्ति दिया गया है, उसके प्रतिकूल पाये जाने पर अनुज्ञप्ति पदाधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति को रद्द करते हुए संचालन को बन्द करने की कार्रवाई की जा सकेगी, परन्तु ऐसे कार्रवाई के पूर्व अनुज्ञप्तिधारी को अपना पक्ष रखने एवं सुधार लाने का अवसर प्रदान किया जायेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद्,चतरा

PR 318545 Urban Development(23-24).D

Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Office of the Gumla Nagar Parishad, Gumla

Very Short Term E-procurement Tender Notice

NIT No.- GML/NP/04/2023-24 (Urban Transportation & Civic Amenities)

Sl No/ Group No	Name of work	BOQ value of work in Rs	Earnest Money	Cost of Documents Online (In Rs) Non-Refundable	Period of completion in months
1	Construction of Pcc road and others work in Ward No : 13 from Puliya to Ashok Pandey house.	2193384.00	43900.00	5000.00	01 Month
2	Construction of RCC Drain and construction of Slab and other work in Ward no 14 from Nasim Khan house to Late Saukat Ali house.	1478741.00	29600.00	5000.00	01 Month
3	Construction of Drain and other works in the campus of Lalit Oraon Bus Stand near Newley constructed Rest House in Ward No 15 .	1332475.00	26700.00	5000.00	01 Month
4	Construction of PCC road and others work in Ward No 17 from Harilal Sahu house to Shambhu house and Asha house to Oraon G house.	1253467.00	25100.00	5000.00	01 Month
5	Construction of RCC Drain and Others work in ward no 18 from Jagarnath Soni house to late Medha Ashur house.	1648470.00	33000.00	5000.00	01 Month
6	Repairing of Drain in Ward No 19 from Ramesh Sharma house to Niraj Soni house.	1911432.00	38300.00	5000.00	01 Month
7	Repairing of Drain in Ward No 19 from Bairagi Oraon Ex MLA house/Shop to Royal Dhaba.	1062802.00	21300.00	5000.00	01 Month
8	Repairing of Drain and Construction of Slab and others work in Ward no 20 from Ramesh Chini house to Dharti Dhan shop via Raghav Wakil house, From Rajan Gupta house to Umakant kasera house, Sachidanand house to Jitu Bhokta and Mohan Gupta House to Rajesh Gupta House.	1108779.00	22200.00	5000.00	01 Month
9	Construction of PCC road and others Work in Ward No 21 from Gopal Chobe house to Santu Das house.	1154922.00	23100.00	5000.00	01 Month
10	Repairing of Drain in Ward no 22 From Devcharan Gope house to nadi .	1856744.00	37200.00	5000.00	01 Month
11	Construction of PCC Road and Drain in Ward No 22 from Manju Oraon house to Jaypal Oraon house.	1045690.00	21000.00	5000.00	01 Month
		16046902.00			

1	Procurement Officer	Administrator, Nagar Parishad, Gumla.
2	Date of tender published on website	16.02.2024
3	Place of opening tender	Nagar Parishad, Gumla.
4	Availability of tender online biding	16.02.2024 (at 11:00 AM) to 22.02.2024 (at 05:00 PM)
5	Date & time of opening bid	23.02.2024 (at 05:00 PM)
6	Mode of Submission of bid	E-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in)

नोट :–

(1) केवल ई–निविदा स्वीकार की जायेगी।

(2) निविदा की शर्तें व अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद्, गुमला।

PR 318624 (District) 23-24 (D)

आहार-विहार

स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से दालों का महत्व

ललित गर्ग

पर्यावरण-संरक्षण, स्वास्थ्य, आर्थिक विकास एवं खाद्य सुरक्षा को प्रोत्साहन देने के लिये हर साल दुनियाभर में विश्व दलहन दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसका मकसद लोगों को दालों के फायदे और महत्व के बारे में बताना होता है। दालें, जिनमें दाल, छोले, बीन्स और मटर शामिल हैं, जो प्रोटीन से लेकर फाइबर, आयरन जैसे कई जरूरी पोषक तत्वों के साथ विटामिन्स और मिनरल्स का भी खजाना होती हैं। दालें सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में भी खानपान का जरूरी हिस्सा हैं। शाकाहारी जीवनशैली के लिए तो दालें ही प्रोटीन का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं। कम वसा वाले और कम सोडियम वाले इस ऑप्शन को डाइट में शामिल कर न केवल असाध्य बीमारियों से लड़ा जा सकता है बल्कि जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण के संकट से भी बचा जा सकता है। इस साल 2024 में विश्व दलहन दिवस की थीम 'दालें: पौष्टिक मिट्टी और लोगों' रखी गई है। इस थीम का मतलब स्वस्थ मिट्टी और स्वस्थ लोगों की कुंजी के रूप में दालों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। विश्व स्तर पर दलहन की उपयोगिता एवं प्रासंगिता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा 20 दिसंबर 2013 को अंतर्राष्ट्रीय दलहन दिवस मानने का निर्णय लिया गया, जो पहली बार साल 2016 में मनाया गया था। बाद में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 फरवरी 2019 को विश्व दाल दिवस के रूप में मनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया था। संयुक्त राष्ट्र संघ के सामने इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दालों का उत्पादन बढ़ाकर दुनिया में गरीब कुपोषित देशों को पोषक तत्वों से भरपूर खाना उपलब्ध करवाना था क्योंकि दालों में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व पाये जाते हैं। दालें न केवल पोषक हैं, वे विश्व की भूख और गरीबी को मिटाने की दिशा में स्थायी खाद्य प्रणालियों के विकास में भी योगभूत हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, यह सतत विकास के लिए अपने 2030 एजेंडा को हासिल करने के लिए एक प्रभावी रणनीति है, जिसका उद्देश्य वैश्विक शांति को मजबूत करना और खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना है। मांसाहार पर्यावरण के सम्मुख एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है, क्योंकि एक किलो दाल के उत्पादन के लिए 1250 लीटर पानी की जरूरत होती है, जबकि एक किलो बीफ के लिए 13,000 लीटर की जरूरत होती है। देश-विदेश में भी दालों का प्रचलन एवं महत्व कम नहीं है, लेकिन परम्परागत भारतीय भोजन में पौष्टिकता के कारण दालों का विशेष महत्व है। 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही नरेंद्र मोदी ने दलहन क्रांति की कवायद शुरू कर दी। सरकार ने दालों के घरेलू उत्पादन बढ़ाने के उपाय सुझाने हेतु सुब्रमण्यम समिति का गठन किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि लंबे समय से भारतीय खेती में अन्य अनाजों की तुलना में दालों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता रहा है। महंगी दालों ने आम आदमी की थाली से दाल को तकरीबन दूर ही कर दिया था, लेकिन मोदी की कोशिशों से अब आम आदमी की थाली में दालें भरपूर मात्रा आ गई हैं। मोदी सरकार द्वारा दलहनी फसलों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के प्रयासों का ही नतीजा है कि 2015-16 में जहां 163 लाख टन दालों का उत्पादन हुआ था, वहीं दो साल बाद 2017-18 में यह बढ़कर 239.5 लाख टन हो गया। इससे दालों का आयात तेजी से कम हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दालों के महत्व को देखते हुए इसके उपयोग को प्रोत्साहन देने के लिये अभियान चला रखा है। 'दाल रोटी खाओ-प्रभु के गुण गाओ' लोकोक्ति से स्पष्ट है कि दालें सम्पूर्ण भोजन के रूप में हमारी जीवन संस्कृति एवं समृद्ध खानपान में शामिल रही हैं। इतना ही नहीं, देश के अलग-अलग भू-भागों में दालों की विभिन्नताओं के साथ-साथ उनके उपयोग की भी विशिष्ट प्रकृति रही है। जबकि भारतीय खेती की बदहाली की एक बड़ी वजह एकांगी कृषि विकास नीतियां रही हैं। वोट बैंक की राजनीति के कारण सरकारों ने गेहूं, धान, गन्ना, कपास जैसी चुनिंदा फसलों के अलावा दूसरी फसलों पर ध्यान ही नहीं दिया। इसका सर्वाधिक दुष्प्रभाव दलहनी व तिलहनी फसलों पर पड़ा। घरेलू उत्पादन में बढ़ोत्तरी न होने का नतीजा यह हुआ कि दालों व खाद्य तेल का आयात तेजी से बढ़ा।

रिजर्व बैंक उपभोक्ताओं की भी परेशानी समझे

राकेश दुबे

भारतीय रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने 2024 की अपनी पहली बैठक में नीतिगत रीपो दर और अपने रुख दोनों को अपरिवर्तित रखा। उसने नीतिगत रीपो दर को 6.5 प्रतिशत के स्तर पर ही बने रहने दिया। इस यथास्थिति की वजह एकदम साफ है। मौद्रिक नीति समिति का इरादा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर को टिकाऊ ढंग से चार प्रतिशत के सांविधिक रूप से अनिवार्य लक्ष्य के करीब रखने का है। यह दर काफी समय से तय लक्ष्य से ऊपर बनी रही है। उदाहरण के लिए अक्टूबर 2023 में 4.9 प्रतिशत के स्तर तक नीचे आने के बाद दिसंबर में यह दोबारा 5.7 प्रतिशत हो गई। कोर या प्रमुख मुद्रास्फीति की दर दिसंबर में 3.8 प्रतिशत के साथ चार साल के निचले स्तर पर आ गई थी। खाद्य कीमतों में अस्थिरता ने हेडलाइन यानी समग्र महंगाई दर को लक्ष्य से ऊपर रखा है। मौद्रिक नीति समिति का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में हेडलाइन मुद्रास्फीति औसतन 5.4 प्रतिशत रहेगी। हालांकि उसका यह भी अनुमान है कि 2024-25 में इस दर में कमी आयेगी और यह औसतन 4.5 प्रतिशत रह सकती है जो लक्ष्य के करीब होगी। इस अनुमान को दो स्त्रोतों से खतरा हो सकता है। पहला है खाद्य कीमत। हालांकि रबी सत्र की बोआई में सुधार हुआ है लेकिन प्रतिकूल मौसम और जलाशयों का कम जल स्तर निकट भविष्य में उत्पादन पर असर डाल सकते हैं। दूसरी बात, लाल सागर क्षेत्र में इस समय उथल पुथल के हालात हैं और पश्चिम एशिया में भूराजनीतिक तनाव की स्थिति है। यह आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर सकता है और कीमतों पर दबाव बना सकता है। इन जोखिमों के अलावा केंद्रीय बैंक काफी सहज स्थिति में नजर आ रहा है। चालू चक्र में दरों में 250आधार अंकों की समेकित वृद्धि हुई और उसका असर व्यवस्था में अभी भी दिख रहा है जिससे मुद्रास्फीति में कमी लाने में मदद मिलनी चाहिए। रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति के लक्ष्यों को पाने के लिए नकदी के हालात का भी प्रबंधन कर रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूत वृद्धि केंद्रीय बैंक को इस बात की नीतिगत गुंजाइश प्रदान करती है कि वह मुद्रास्फीति प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित कर सके। चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद में 7.3 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है और एमपीसी का अनुमान है कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से विकसित होगी। फिलहाल बाहरी खाते पर भी जोखिम नहीं दिख रहा है। विकसित अर्थव्यवस्था वाले देशों में मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय कमी आई है। वित्तीय बाजार इन अटकलों में व्यस्त हैं कि आखिर अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कब कटौती करेगा। फिलहाल दरों में इजाफे की कोई संभावना नहीं नजर आ रही है। अनुमानित पूंजी प्रवाह को देखते हुए बाह्य खाते का प्रबंधन भी निकट भविष्य में मुश्किल नहीं नजर आता। पीपीबीएल को 29 फरवरी के बाद जमा लेने या अन्य तरह के लेनदेन करने से भी रोक दिया है। हालांकि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के अनुपालन से जुड़े मसलों के बारे में बहुत अधिक जानकारी सामने नहीं आ सकी है। रिजर्व बैंक के नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि निरंतर अनुपालन न होने की स्थिति में पर्यवेक्षण की कार्रवाई की गई और ऐसे कदम विनियमित की गई कंपनियों के साथ व्यापक द्विपक्षीय बातचीत के बाद ही लिए जाते हैं। ऐसे में प्रतीत होता है कि पीपीबीएल लंबी अवधि तक नियामकीय अनिवार्यताओं को पूरा करने में नाकाम रहा जिसके चलते नियामक को कदम उठाना पड़ा। रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उपभोक्ताओं को इस दौरान न्यूनतम परेशानी हो।

> **औसतन 5.4 प्रतिशत रहेगी। हालांकि उसका यह भी अनुमान है कि 2024-25 में इस दर में कमी आयेगी और यह औसतन 4.5 प्रतिशत रह सकती है जो लक्ष्य के करीब होगी। इस अनुमान को दो स्त्रोतों से खतरा हो सकता है। पहला है खाद्य कीमत। हालांकि रबी सत्र की बोआई में सुधार हुआ है लेकिन प्रतिकूल मौसम और जलाशयों का कम जल स्तर निकट भविष्य में उत्पादन पर असर डाल सकते हैं। दूसरी बात, लाल सागर क्षेत्र में इस समय उथल पुथल के हालात हैं और पश्चिम एशिया में भूराजनीतिक तनाव की स्थिति है। यह आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर सकता है और कीमतों पर दबाव बना सकता है।**

अब राजस्थान में खेती-किसानी को मिलेगा बूस्ट

डॉ. राजेन्द्र प्र. शर्मा

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार का अंतरिम बजट प्रस्तुत खेती-किसानी को बूस्ट देने वाला है। राज्य की उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री दीया कुमारी ने इसे केवल तीन-चार माह के सरकार चलाने के खर्चों को पारित कराने तक ही सीमित नहीं रखकर सर्वस्पर्शी अंतरिम बजट प्रस्ताव प्रस्तुत कर साफ संदेश दे दिया है। उन्होंने राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं और विकास का रोडमेप सामने रखा है। केन्द्र सरकार की तरह ही यह अंतरिम बजट युवा, महिला, गरीब और किसान केन्द्रित है। लगभग सभी पक्षों को लेकर राज्य सरकार की इच्छाशक्ति को सामने रख दिया गया है। इसमें खेती- किसानी पर खास जोर दिया गया है। वित्तमंत्री दीया कुमारी ने बजट प्रस्तावों को पीएम किसान सम्मान निधि को बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रहकर कृषि क्षेत्र में अल्पकालीन और दीर्घकालीन विकास का रोड़मेप सामने रखा है। इनसे निश्चित रूप से अल्पकालीन नहीं अपितु खेती किसानी में दीर्घकालीन सुधार होगा वहीं किसानों को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होगा। अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों द्वारा जिस बात पर जोर दिया जाता रहा है लगता है उस पर कोई सरकार पहली बार इतनी गंभीर नजर आ रही है। भजनलाल सरकार के पहले अंतरिम बजट में श्री अन्न योजना को लेकर सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है। सरकार ने 12 लाख किसानों को मक्का बीज, 8 लाख काश्तकारों को बाजरा व एक लाख काश्तकारों को ज्वार के उन्नत गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। तिलहन और दलहन को बढ़ावा देने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रतिबद्धता को ही ध्यान में रखते हुए सात लाख काश्तकारों को सरसों और चार लाख किसानों को मूंग व एक लाख किसानों को मोठ के उन्नत बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। अब इससे साफ हो जाता है कि इससे किसान, खेती ओर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ही सीधा-सीधा लाभ मिलेगा। बीज वितरण होगा तो वह खेती में ही काम आयेगा। उन्नत बीज होगा और उससे बाजरा, मक्का, ज्वार, सरसों, मूंग मोठ आदि का उत्पादन बढ़ेगा और इसका लाभ भी किसान और साथ-साथ देश और प्रदेश को मिलेगा। मेरा आरंभ से ही मानना रहा है कि किसानों को ऋण माफी या नकद अनुदान के स्थान पर उतनी राशि का कुछ अंश भी यदि इनपुट यानी कि खाद-बीज के रुप में दिया जाये तो सही मायने में यह काश्तकार की सहायता है। दरअसल अनुदान के रूप में नकद राशि मिलना चाहे वह ऋण माफी हो या अन्य तो उसका उत्पादकता से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं रहता और इससे काश्तकार को जो लाभ पहुंचाने की सरकार की मंशा होती है वह पूरी भी नहीं हो सकती। भले ही ऋण माफी या नकद राशि से किसान खुश हो जाय पर जो खेती-किसानी को वास्तविक लाभ इनपुट वितरण से हो सकता है वह किसी दूसरे विकल्प से नहीं। अच्छी बात यह है कि दीया कुमारी ने अंतरिम बजट में खेती-किसानी के लिए आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को भी उतना ही महत्व दिया है जितना प्रमाणित गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने पर दिया है। राजस्थान एग्रीकल्चर इंफ्रा मिशन के लिए दो हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसमें पानी के संरक्षण हेतु 20 हजार फार्म पॉन्ड, 10 हजार किलोमीटर सिंचाई पाइप लाइन, 50 हजार किसानों को तारबंदी हेतु सहायता, 5 हजार वर्मी कंपोस्ट के साथ ही कृषि प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने जैसे प्रावधान शामिल हैं। इसके अलावा 500 कस्टम हायरिंग सेंटर में ड्रोन जैसी सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे जहां एक और पानी की एक-एक बूंद सहेजी जा सकेगी और खेती में सिंचाई के पानी की छीजत को कम किया जा सकेगा। वहीं वर्मी कंपोस्ट से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा और ड्रोन जैसी तकनीक हायरिंग आधार पर किसान प्राप्त कर सकेंगे। दीया कुमारी ने पीएम किसान सम्मान निधि भी 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपये करने की घोषणा की है। गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 125 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की बात भी कही है। डेयरी के साथ ही पशुपालन को भी उतना ही महत्व दिया गया है। यह नहीं भूलना चाहिए कि एक समय था जब खेती के साथ पशुपालन एक दूसरे के पूरक हुआ करते थे। हालांकि कृषि में उपकरणों/यंत्रों के उपयोग के कारण पशुपालन प्रभावित हुआ है पर पशुपालन ही किसान की आर्थिक उन्नति का प्रमुख माध्यम बन सकता है। यही कारण है कि 5 लाख गोपाल क्रेडिट कार्ड जारी करने का प्रावधान करते हुए एक-एक लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण देने का प्रस्ताव है। निश्चित रूप से इससे पशुपालन को प्रोत्साहन मिलेगा। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि यदि कोई सरकार खेती-किसानी का वास्तविक भला चाहती है तो उसे खेती के क्षेत्र में दी जाने वाली सहायता राशि का उपयोग उन्नत प्रमाणिक बीज उपलब्ध कराने में कराने में करना चाहिए। इससे केवल किसान ही नहीं अपितु देश ओर प्रदेश को समग्र रूप से मिल सकता है।

> **केन्द्र सरकार की तरह ही यह अंतरिम बजट युवा, महिला, गरीब और किसान केन्द्रित है। लगभग सभी पक्षों को लेकर राज्य सरकार की इच्छाशक्ति को सामने रख दिया गया है। इसमें खेती- किसानी पर खास जोर दिया गया है। वित्तमंत्री दीया कुमारी ने बजट प्रस्तावों को पीएम किसान सम्मान निधि को बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रहकर कृषि क्षेत्र में अल्पकालीन और दीर्घकालीन विकास का रोड़मेप सामने रखा है।**

प्रकृति

जल प्रदूषण के छोटे अपराध

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में जल ही जीवन है की विचारधारा को गंभीरता से रेखंकित किया जा रहा है, जो कि न सिर्फ बढ़ते जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से मानवीय जीवन में अनिवार्य संसाधनों को भारी नुकसान पहुंच रहा है बल्कि इन संसाधनों में मानवीय के कारण भी बहुत विपरीत असर पड़ रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए हर देश में जल और पर्यावरण सहित प्रकृति के जुड़े हर मसले पर सैकड़ो कानून बने हुए हैं इसके संबंध में भारत में भी जल प्रदूषण की (रोकथाम और नियोजन) अधिनियम 1977 में पर्यावरण के अनेक नियम व नियम कानून बने हैं, परंतु, चूंकि दिनांक 8 फरवरी 2024 को लोकसभा में जल प्रदूषण (निवाकर निराकरण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 पर पारित किया गया है जिसे उच्च सदन राज्यसभा ने भी पहले ही 6 फरवरी 2024 को पारित कर लिया था। यह दोनों सदनों में पारित हो चुका है, जो राष्ट्रपति महोदय के हस्ताक्षर के बाद कानून बन जायेगा। मेरा व्यक्तिगत तौर पर यह मानना है कि इस संशोधित विधेयक से जल प्रदूषण में छोटे अपराधियों को अब जेल की सजा नहीं होगी, उससे बाहर कर दिया गया है सिर्फ जुर्माना ही लगेगा। इस नई विचारधारा से नागरिक व्यवसाई और कंपनियां जिनकी तकनीकी या प्रक्रियात्मक चक के लिए बिना डर के कारण काम करेगी जो कि प्रदूषण के खिलाफ संकल्प में बाधा उत्पन्न करने की संभावना को रेखांकित करता है, जिस पर पर्यावरण प्रेमियों की नजर है, अब जरूरत है इसे नियमित करने के लिए एक सख्त नियमावली बनाई जाय ताकि पर्यावरण व जल प्रदूषण के प्रति इन में डर बना रहे क्योंकि जल संशोधन विधेयक 2024 में जल प्रदूषण के छोटे अपराधों को जेल से मुक्त रखा है। व केवल जुर्माना किया गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जल संशोधन विधेयक 2024 से प्रदूषण के खिलाफ संकल्प कमजोर होने की आशंका को रेखांकित करना बहुत जरूरी है। साथियों बात अगर हम जल संशोधन विधेयक 2024 की करें तो, पहले 6 को राज्यसभा में फिर आज 8 फरवरी 2024 को संसद में बृहस्पतिवार को जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 को मंजूरी दी, जिसमें जल प्रदूषण से संबंधित छोटे अपराधों को जेल की सजा की श्रेणी से बाहर करने, केंद्र को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों की सेवा शर्तों को निर्धारित करने में सक्षम बनाने और औद्योगिक संयंत्रों की कुछ श्रेणियों को वैधानिक प्रतिबंधों से छूट देने का प्रावधान किया गया है। लोकसभा में आज विधेयक पर चर्चा और पर्यावरण मंत्री के जवाब के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। गत छह फरवरी को इसे राज्यसभा में पारित किया गया था। लोकसभा में विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए पर्यावरण मंत्री ने कहा कि राज्यों के प्रदूषण बोर्डों को किसी तरह का निर्देश नहीं दिया जा रहा है, बल्कि सिर्फ कुछ नियम तय किये जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और आम लोगों की सहायता करने वाले दिशा निर्देश ही जारी किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ हरित उद्योगों को इस कानून से छूट होगी, लेकिन वह नियमों के तहत होगी स्कूलों और कॉलेजों में पर्यावरण को लेकर चेतना एवं जागरुकता फैलाने की जरूरत है सरकार नमामि गंगे परियोजना को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी को मिलकर इस परियोजना को एक जन आंदोलन बनाना चाहिए। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया। पर्यावरण, मंत्री ने विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन जीने में आसानी और व्यापार करने में आसानी में सामंजस्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधेयक के प्रावधानों से जल प्रदूषण से संबंधित विभिन्न मुद्दों से निपटने में अधिक पारदर्शिता आयेगी।

आओ वसंत... लहको, महको और महकाओ दिग्दिगंत

हृदयनारायण दीक्षित

ऋतुराज वसंत आ गये। सुस्वागतम! आओ वसंत। लहको, महको, महकाओ। दिग्दिगंत। भारतीय सौन्दर्यबोध के ऋतुराज को नमस्कार है। प्रकृति आपकी प्रियतमा है। वह अधीर प्रतीक्षा में थी। प्रकृति ने अपने अरूण तरूण अंग खोले। रूप रूप प्रतिरूप और बहुरूप सौन्दर्य चरम परम होते गये। अपना सारा रूप रस गंध उड़ेल दिया उसने। कलियां चटकीं, फूल खिले। वायु गंध आपूरित हैं। अनेक छन्दों में स्तुतियां है। ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का 'वृहत्साम'। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनो छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है। वसंत बौद्धिक समस्या भी है। प्रश्न है कि विश्व मानवता से वसंत का प्रथम परिचय कब हुआ? प्रकृति के हरेक जीव को मदमस्त करने वाले ऋतुराज कब पहचाने गये? ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम अभिलेख है। यहां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को पुरुष रूप में कल्पित किया गया है झारों सिर और हजारों पैरों वाला यह पुरुष मजेदार है। यह पुरुष समय का अतिक्रमण करता है। ऋषि के अनुसार जो हो चुका है और जो होगा वह सब पुरुष ही है। इसके एक भाग में यह विश्व है शेष तीन भाग अनंत दिव्यलोक हैं। यह ब्रह्माण्ड से भी विराट है।'' सृष्टि सृजन एक पवित्र यज्ञ है। इसी सूक्त में कहते हैं ''सृजन यज्ञ में यही पुरुष हवि (अग्नि में अर्पित सामग्री) बना और वसंत बना घृत-वसन्तो अस्यासी दाज्यं।'' वसंत ऋग्वेद में है। इतना तय है कि वसंत ऋग्वेद के पुरुष सूक्त से प्राचीन है। पुरुष गहन दार्शनिक अनुभूति है। भारत की वसंत अनुभूति अतिपुरातन है। इसका मुख्य कारण है- प्रकृति के प्रति हमारे पूर्वजों की गहन प्रीति। इस प्रीति का कारण रूपों को ध्यान से देखने की द्रष्टा प्रवृत्ति है। द्रष्टाभाव से उगे सौन्दर्यबोध का चरम परम वसंत है। प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय द्रष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का सम्बंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिये थे। प्रकृति और हम अंगांगी हैं। हम प्रकृति में हैं, प्रकृति के हैं और प्रकृति हम में हैं। हम सब मधुप्रिय हैं। ऋषि भी मधुप्रिय हैं। वे प्रकृति के सभी रूपों को मधुमय देखने के अभिलाषी हैं। बार-बार गुनगुनाने लायक एक मंत्र में कहते हैं ''हवाएं मधु आपूरित हों। प्रकृति चक्र मधुमय हो। नदियों के जल मधुमय हों। औषधियां, वनस्पतियां मधुर हों। पृथ्वी की धूलि और सूर्य की किरणें भी मधुर हों।'' वसंत मधु अनुभूति का दर्शन दिग्दर्शन है। ऋग्वेद और उसके पहले से ही यह अनुभूति लोकजीवन को रस आपूरित करती आई हैं। रस का यह स्त्रोत कभी रीता नहीं हुआ। तैत्तिरीय ब्राह्मण में वसंत आगमन पर देवता भी आनंदमगन बताये गये हैं। माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी वसंत स्वागत की मुहूर्त है। यही वाग्देवी सरस्वती के उदय होने की वेला है। भारतीय प्रज्ञा की आराध्य हैं सरस्वती। वे हंसवाहिनी हैं। वीणावादिनी हैं। ऋग्वेद व अथर्ववेद में वे एक नदी हैं। ऋग्वेद के ऋषियों की नदीतमा। उन्हीं की गोद में और उनका जल रस पीते भारतीय दर्शन ने अपनी काया और कान्ति पाई। इन्हीं के तट पर गायत्री जैसे अनेक मंत्र उगे। वैदिक ऋषियों ने सरस्वती को मां जाना। यहीं यज्ञ चले, यज्ञ अग्नि से साक्षात्कार हुए ऋषियों के। सरस्वती पुत्रों को 'भरतजन' नाम मिला सरस्वती तट पर। यहीं इसी तट पर अग्निधर्मा सत्य अभीप्सा 'भारत' कहलाई- तस्माद् अग्निर्भारत। फिर यही सरस्वती नदी रूप में विलुप्त हो गयीं। वैलेन्टाइनी सरस्वती को कल्पना मानते थे। अब सरस्वती का अस्तित्व सिद्ध हो चुका है। सरस्वती ने भारत के मन को नीर-क्षीर विवेकी बनाया। वाग्देवी सरस्वती विवेक की अधिष्ठात्री बनी। वसंत की मस्ती में विवेक का अनुशासन जरूरी है। सोम मस्ती है और ओम जागरण। परम्परा में दोनो हैं। वसंत के साथ सरस्वती का भी उगना सकारण है। वसंत अप्रतिम सौन्दर्यबोध है तो सरस्वती अप्रतिम आत्मबोध। जगत में रस आपूरण है। इस रस का अजर अमर और अक्षय रस स्त्रोत महारस है। तैत्तिरीय के ऋषि ने उसे 'रसो वे सः' गाया है। वसंत वैदिक मंत्रों में है। परवर्ती साहित्य में है। कालिदास के सृजन में प्रकृति की यह तरुणाई मोहक है। हिरणी हिरण की पीठ सींग से खुजलाती है। वसंत विह्वल नायिका इरावती नायक अग्निमित्र को पुष्प गुच्छ भेजती है। तुलसीदास संत थे। वसंत ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। तुलसी की अनुभूति में वसंत प्रभाव मुर्दो को भी हिला देता है-''जागे मनोभव मुएंहु मन वन सुभगता न परे कही।'' श्रीराम मंगल भवन हैं, अमंगलहारी हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम भी हैं। लेकिन कविता में वे भी वसंत खेलते हैं-खेलत वसंत राजाधिराज। सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला हमारे गांव के पड़ोस के। उनकी वसंत अनुभूति का क्या कहना? गाया है ''वर्ण गंध धर मधुमरन्द भर तरू-उर की अरूणिमा तरूणतर।'' कालिदास, जैसी वसंत अनुभूति को आज हम सोच भी नहीं सकते। निराला के पड़ोसी होकर भी हम लोग वसंत रस का स्वाद नहीं पाते। क्या करें? सोशल नेटवर्किंग में वसंत गंध की कोई जगह नहीं। चैटिंग का बतरस है। बात का बतंगड़ है। अब ''सखि वसंत आया'' जैसी शब्द धुन की फिक्र किसको है। वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस। गति को 'ऋत' कहा है। ऋत अन्तस् प्रवाह है और ऋतु इसी छन्दबद्ध प्रवाह का चेहरा। गतिशील जगत में ऋत के कारण परिवर्तन आते हैं। भारत में मोटे तौर पर 6 ऋतुएं हैं। लेकिन मस्त वसंत ऋतुराज हैं। वसंत स्वयं मस्त है, मस्ती देते भी हैं। वे ऐसे वैसे मनमोहन नहीं हैं। वे जैसे मनमोहन हैं, प्रकृति के हरेक अंग को वैसी ही मनमोहन तरंग से भर देते हैं। वे सृष्टि के सभी घटकों को नृत्य तरंग और उमंग देते हैं। वसंत भारतीय लोकजीवन का उल्लास हैं। शुद्ध भौतिक लेकिन रस आपूरण में परिपूर्ण आध्यात्मिक भी।

> **ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का 'वृहत्साम'। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनो छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है। वसंत बौद्धिक समस्या भी है।**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

फ्लोर टेस्ट के पहले सभी दल सतर्क

विधायकों को सहेजने में जुटे दल

एजेंसी। पटना

बिहार में 28 जनवरी को बनी एनडीए सरकार को 12 फरवरी को फ्लोर टेस्ट पास करना है। राजद के 'खेला होने' के दावे के बीच करीब सभी दल सतर्क हैं और अपने विधायकों को सहेजने में जुटे हैं। बिहार में 12 फरवरी को लेकर सियासी पारा भी उबाल पर है। किसी भी दल के नेता इस मसले पर खुलकर नहीं बोल रहे हैं, लेकिन सभी दल अपने विधायकों को सहेजने में जुटे हैं।

महागठबंधन में शामिल कांग्रेस ने अपने 19 विधायकों में से 16 विधायकों को पहले ही हैदराबाद में शिफ्ट कर दिया है। सत्ताधारी जदयू भी अपने विधायकों पर नजर बनाए हुए है। जदयू ने तो साफ कर दिया है कि उनके विधायकों को प्रलोभन दिया जा रहा है। ऐसे में जदयू सशंकित है। जदयू ने फ्लोर टेस्ट के पहले 11 फरवरी को विधानमंडल दल की बैठक बुलाई है। सूत्रों का कहना है कि जदयू के विधायकों को पटना बुलाया गया है। जदयू के एक नेता बताते हैं कि शनिवार दोपहर नीतीश कुमार के करीबी मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर दोपहर के भोजन के लिए भी सभी विधायकों को आमंत्रित किया गया है। कहा जा रहा है यहां विधायक ना सिर्फ भोजन का लुत्फ उठाएंगे बल्कि विश्वास मत को लेकर रणनीति भी बनेगी। सरकार में शामिल भाजपा भी अपने विधायकों पर निगाह बनाए हुए है। भाजपा ने इस दौरान विधायकों के लिए बोध गया में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया है।

बताया जाता है कि शनिवार और रविवार को आयोजित इस कार्यशाला को गृह मंत्री अमित शाह भी वर्चुअली संबोधित करेंगे। भाजपा के नेता कहते हैं कि यह कार्यशाला पहले से तय थी। सरकार में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को साफ कर दिया है कि वे एनडीए के साथ बने हुए हैं। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार कहते हैं कि राजद बेकार बेचैन है, उसकी बेचैनी का कोई उपाय नहीं है। 12 को सरकार विश्वास मत भी प्राप्त कर लेगी।

उल्लेखनीय है कि 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में बहुमत के लिए 122 विधायकों की आवश्यकता है। वर्तमान नीतीश सरकार के पास 128 विधायकों का समर्थन प्राप्त है।

जम्मू-कश्मीर में 15 स्थानों पर एनआइए की छापेमारी

जम्मू। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी फंडिंग मामले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत गैरकानूनी संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) पर कार्रवाई के तहत शनिवार को जम्मू-कश्मीर में 15 स्थानों पर छापेमारी की। एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि एनआईए की टीमों ने श्रीनगर में पांच, बड़गाम में तीन, कुलगाम में दो, अनंतनाग में एक और जम्मू में चार स्थानों पर विभिन्न संदिग्धों के परिसरों पर छापेमारी की। जम्मू-कश्मीर में जेईआई और उससे संबंधित ट्रस्टों की गतिविधियों से जुड़े आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण व्यापक तलाशी के दौरान जब्त किए गए तथा 20 लाख रुपये से अधिक नकदी भी बरामद हुई।

कश्मीर में कड़ाके की ठंड, कारगिल में माइनस 22.4 डिग्री तापमान

एजेंसी। श्रीनगर

कश्मीर में शनिवार को भी भीषण ठंड जारी रही, जबकि लद्दाख के लोगों को हाड़ कंपा देने वाली ठंड का सामना करना पड़ा। रात के दौरान कारगिल शहर शून्य से 22.4 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान पर जम गया। मौसम विभाग ने बताया कि आज श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 4.9, गुलमर्ग में माइनस 7 और पहलगाम में माइनस 8.6 डिग्री सेल्सियस रहा। लद्दाख क्षेत्र में, लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 14.5 और कारगिल में माइनस 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार को जम्मू में रात का तापमान सामान्य से नीचे रहा। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 7.3, कटरा में 6.1, बटोट में 3.9, भद्रवाह में माइनस 2.2 और बनिहाल में 1.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने 14 फरवरी तक मौसम की यही स्थिति बने रहने का अनुमान जताया है।

एक नजर

राज ठाकरे ने बाल ठाकरे के लिए भारत रत्न की मांग की

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने शुक्रवार को यहां अपने चाचा और शिवसेना के संस्थापक-संरक्षक दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के लिए भारत रत्न की मांग की। शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के पिता बालासाहेब ठाकरे (1926-2012) ने मराठियों के हितों का समर्थन करने और हिंदुत्व का प्रचार करने के लिए जून 1966 में मूल शिव सेना की स्थापना की थी। राज ठाकरे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, इस देश के एक प्रमुख कार्टूनिस्ट और एक अद्वितीय नेता जिन्होंने देश भर के सभी हिंदुओं के गौरव को जगाया, वे इस सम्मान के पात्र हैं। उन्होंने एक पुरानी तस्वीर साझा करने के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी टैग किया, जिसमें वे अपने चाचा के साथ दिख रहे हैं।

दिल्ली सैलून में दो लोगों की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। एक सनसनीखेज घटना में दिल्ली के द्वारका इलाके में एक सैलून में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने कहा कि वे व्यक्तिगत दुश्मनी सहित सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। सैलून के सीसीटीवी कैमरे का एक कथित वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दो बंदूकधारियों को सैलून में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है। उनमें से एक ने एक आदमी को बहुत करीब से गोली मार दी, जबकि वह अपनी जान की भीख मांग रहा था। द्वारका के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने कहा कि नजफगढ़ थाने में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को एक कॉल प्राप्त हुई थी जिसमें फोन करने वाले ने बताया कि इंद्रा पार्क, पिलर नंबर 80 पर एक सैलून में गोलीबारी हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, सोनू के सिर में एक गोली लगी, जबकि आशीष को तीन बार सिर में और एक बार सीने में गोली मारी गई। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि सोनू की अपराध में पहले से कोई संलिप्तता नहीं थी, जबकि आशीष दो मामलों में फंसा था।

24 घंटे में शांति बहाल नहीं हुई तो धारा 144 का उल्लंघन कर पहुंचेंगे : सुवेंदु

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने शनिवार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि राज्यपाल आनंद बोस अगले 24 घंटों में हिंसाग्रस्त संदेशखाली में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए ठोस कदम उठायें अन्यथा वह धारा 144 का उल्लंघन करेंगे और संदेशखाली में भाजपा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। विधानसभा से शनिवार को वॉकआउट करने के बाद अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायक सीधे राजभवन पहुंचे और राज्यपाल के साथ बैठक की। नेता प्रतिपक्ष ने बैठक के बाद कहा, राज्य प्रशासन और पुलिस वहां के स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ शिकायतों से पैदा हुए स्थानीय लोगों के सहज आंदोलन को दबाने की कोशिश कर रही है। किसी भी कीमत पर हम पुलिस को स्थानीय लोगों के उस लोकतांत्रिक और सहज आंदोलन को दबाने की अनुमति नहीं देंगे। हमने राज्यपाल से 24 घंटे के भीतर संदेशखाली में शांति और सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया है। अन्यथा, भाजपा विधायक सोमवार को विधानसभा परिसर में इकट्ठा होंगे और वहां से संदेशखाली जाएंगे, भले ही हमें वहां धारा 144 का उल्लंघन करना पड़े। उन्होंने राज्य प्रशासन को सोमवार को संदेशखाली पहुंचने से रोकने की चुनौती भी दी। उन्होंने कहा, अगर पुलिस चाहे तो वह हमें गिरफ्तार कर सकती है। लेकिन हम सोमवार को संदेशखाली पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

संदेशखाली में फिर तनाव सड़कों पर उतरीं महिलाएं

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के हिंसा प्रभावित संदेशखाली में शनिवार को फिर से तनाव फैल गया। इलाके में धारा 144 लागू होने और भारी पुलिस दल की गश्ती के बीच शनिवार शाम को भाजपा के 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संदेशखाली में प्रवेश करने की कोशिश की। वहां तैनात पुलिस ने उन्हें रोक दिया जिसके बाद तनाव पैदा हो गया। इसके बाद भाजपा प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों और तैनाती के प्रभारी पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। भाजपा नेता कृष्णेंदु मुखोपाध्याय ने कहा कि उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के केवल चार सदस्यों को संदेशखाली में प्रवेश करने और वहां के स्थानीय थाने में एक प्रतिनियुक्ति जमा करने की अनुमति देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, हालांकि, पुलिस ने हमें इसकी इजाजत भी नहीं दी। दरअसल, वे डरे हुए हैं कि अगर हम अंदर गए, तो यह जानकारी सामने आ जाएगी कि कैसे पुलिस स्थानीय लोगों के लोकतांत्रिक आंदोलन को दबाने के लिए स्थानीय तृणमूल कांग्रेस के गुंडों के साथ मिलकर काम कर रही है। जिस समय संदेशखाली क्षेत्र के बाहर यह तनाव चल रहा था, लगभग उसी समय एक और तनाव पैदा हो गया जब महिलाओं का एक समूह बांस का डंडा और दरांती लेकर सड़कों पर इकट्ठा हो गया और शुक्रवार देर रात एक स्थानीय ग्रामीण के आवास पर सत्तारूढ़ दल द्वारा समर्थित एक समूह के हमले का विरोध किया। महिलाओं ने संदेशखाली थाने तक मार्च किया और उसके बाहर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों, मुख्य रूप से महिलाओं ने, गुरुवार को फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां की गिरफ्तारी की मांग करते हुए, उनके करीबी विश्वासपात्र और तृणमूल कांग्रेस नेता शिबू हाजरा के स्वामित्व वाले एक पोल्ट्री फार्म को जला दिया। इलाके में बढ़ते तनाव को देखते हुए संदेशखाली के एक हिस्से में पहले ही धारा 144 लगा दी गई है। वहां इंटरनेट के इस्तेमाल पर भी अनिश्चित काल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है।

बिहार-यूपी सीमा पर गाड़ी से 3 हथियार और 10 लाख रुपए बरामद

हिरासत में लिए गए 5 संदिग्ध

गोपालगंज। बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा पर वाहन जांच अभियान के दौरान एक फॉर्च्यूनर गाड़ी से 3 हथियार और 10 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। इस मामले में पुलिस पांच संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार हुए लोग गुजरात और मध्य प्रदेश के रहने वाले बताए जाते हैं। गोपालगंज पुलिस शुक्रवार को यूपी-बिहार के बॉर्डर पर स्थित बलथरी चेकपोस्ट पर वाहन जांच अभियान चला रही थी। इस दौरान यह कारवाई की गई। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि वाहन जांच के दौरान कुचायकोट थाने की पुलिस ने एक फॉर्च्यूनर गाड़ी से पांच लोगों को हिरासत में लिया है। इनके पास से तीन हथियार, 15 गोली और करीब दस लाख रुपए नकद बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिये गये लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान इन्होंने बताया कि ये गुजरात से असम जा रहे थे। पकड़े गए लोगों की पहचान गुजरात के अहमदाबाद जिला के न्यू इंडिया कॉलोनी निवासी दिनेश सिंह, गुजरात के बनस्कटा जिला के कतरबत्ता निवासी शैलेश भाई, कठियाबाढ़ जिला के भाव नगर थाना क्षेत्र के मकवाना निवासी अश्विनी कुमार के अलावा मध्यप्रदेश के भिंड निवासी रविकांत शर्मा और भिंड जिला के पादरी निवासी भागीरथ सिंह के रूप में हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

अमित शाह से मिले उपेंद्र कुशवाहा बिहार की राजनीतिक स्थिति पर की चर्चा

नई दिल्ली। बिहार में नीतीश कुमार के फिर से भाजपा के साथ आने और राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार बनने के बाद राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में पहली बार केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात की। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान बिहार की राजनीतिक स्थिति और लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई। नीतीश कुमार के फिर से एनडीए गठबंधन में शामिल हो जाने के बाद भाजपा को अपने सहयोगी दलों के साथ लोकसभा सीटों के बंटवारे के फॉमूर्ले पर फिर से विचार करना पड़ रहा है। हालांकि, भाजपा ने अपने सहयोगियों को आश्वस्त करते हुए पहले ही यह इशारा कर दिया है कि भाजपा अपने किसी भी पुराने सहयोगी का साथ नहीं छोड़ेगी। उपेंद्र कुशवाहा ने अमित शाह के साथ मुलाकात की तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, बिहार में नये स्वरूप में एनडीए के आने के पश्चात आज दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी से उनके आवास पर पहली मुलाकात हुई।

67वां अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी सम्मेलन 12 से 16 तक लखनऊ में

नई दिल्ली। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) 12 से 16 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 67वें अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी सम्मेलन (एआईपीडीएम) की मेजबानी करने के लिए तैयार है। केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 12 फरवरी को इस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। 16 फरवरी को समापन समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे। रेल मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी सम्मेलन की केंद्रीय समन्वय समिति ने रेलवे सुरक्षा बल को सौंपी है। कानून प्रवर्तन से जुड़े लोगों के बीच प्रसिद्ध इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंतरिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए अपराधों की वैज्ञानिक पहचान और जांच की दिशा में पुलिस अधिकारियों के बीच उत्कृष्टता एवं सहयोग को बढ़ावा देना है। 67वें अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी सम्मेलन कानून प्रवर्तन पेशेवरों के लिए एक साथ आने, सीखने और खोजी उत्कृष्टता के उनके सामूहिक प्रयास को मजबूत करने का भी आह्वान है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों को एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ मिलेगा, जिससे पूरे बल के पेशेवर प्रदर्शन के मानक में अधिक दक्षता और सुधार होगा। इस सम्मेलन में केंद्र और राज्यों की 29 कानून प्रवर्तन एजेंसियों की भागीदारी होगी, जिसमें 1230 सदस्य विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

भारत-पाक सीमा पर ड्रोन रोधी तकनीक की तैनाती को प्राथमिकता दें : सांसद साहनी

एजेंसी। चंडीगढ़

पंजाब के सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने शनिवार को केंद्र सरकार से युवाओं को नशीली दवाओं की लत का शिकार होने से बचाने के लिए एंटी-ड्रोन तकनीक की प्राथमिकता के आधार पर तैनाती का आग्रह किया। उन्होंने पाकिस्तान से ड्रग्स आपूर्तिकर्ताओं, पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में युवाओं की भर्ती और भारत की जेलों से संचालित ड्रग माफियाओं के बीच संबंधों पर भी प्रकाश डाला। साहनी ने कहा कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन के जरिए ड्रग्स की घुसपैठ चिंता का गंभीर विषय है। उन्होंने कहा हमें ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय शहरों और नाइट क्लबों में नशीली दवाओं की आसान उपलब्धता युवाओं को दीमक की तरह खा रही है। उन्होंने कहा, हमें आपूर्तिकताओं पर नकेल कसने, दवा की उपलब्धता पर सख्त नियंत्रण और दवा पुनर्वास केंद्रों के लिए समर्थन बढ़ाकर युद्ध स्तर पर नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए सभी स्तरों पर मजबूत और ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है। साहनी ने नशीली दवाओं की तस्करी और तस्करी से लड़ने के लिए एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स और राज्य के विशेष ऑपरेशन सेल की स्थापना के लिए केंद्र सरकार और पंजाब सरकार के प्रयासों की भी सराहना की।

पंजाब और चंडीगढ़ की सभी लोकसभा सीटों पर अकेले लड़ेगी आम आदमी पार्टी : केजरीवाल

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन आईएनडीआईए को झटका देते हुए ऐलान किया कि उनकी पार्टी पंजाब की सभी 13 और चंडीगढ़ की लोकसभा सीट पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। केजरीवाल शनिवार को पंजाब के खन्ना जिले में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मुफ्त राशन वितरण योजना के शुभारंभ के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। केजरीवाल ने साफ किया कि आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ लोकसभा सीट समेत पंजाब की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।

फाइलेरिया की दवा खाने से दर्जनों बच्चे बीमार, अस्पताल में चल रहा इलाज

एजेंसी। भागलपुर

भागलपुर में फाइलेरिया की दवा खाने से एक सरकारी स्कूल के कई बच्चों की तबीयत बिगड़ गयी। मामला मध्य विद्यालय उर्दू बाजार का है जहां सरकारी अभियान के तहत फाइलेरिया उन्मूलन के लिए बच्चों को दवा खिलायी जा रही थी। शिकायत है कि दवा खाने के बाद करीब आधा दर्जन से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गयी। जिन्हें इलाज के लिए मायागंज अस्पताल लाया गया। वहीं अस्पताल में अभिभावक, शिक्षक व दूसरे छात्रों की भीड़ जमा हो गयी।

मध्य विद्यालय उर्दू बाजार में सरकारी अभियान के तहत बच्चों को फाइलेरिया की दवा शनिवार को खिलाई जा रही थी। इसी बीच दवा का डोज लेते ही कुछ बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। बच्चों के परिजन भी इसकी सूचना पर आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे। परिजनों की शिकायत है कि बच्चे दवा खाते ही असजह महसूस करने लगे। कई बच्चों को सांस लेने में परेशानी महसूस होने लगी और वो जमीन पर ही अचेत होकर गिर पड़े।

बच्चों की तबीयत बिगड़ने की सूचना के बाद प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची। बताया गया कि सरकारी अभियान के तहत फाइलेरिया की दो दवा खिलायी गयी थी। एलबिंडाजोल और डीईसी नाम की दो दवा सभी बच्चों को दी जा रही थी। वहीं बच्चों की तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिली तो प्रशासन ने फौरन एंबुलेंस के जरिए बीमार बच्चों को मायागंज स्थित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। जहां बच्चों का इलाज किया जा रहा है।

प्रशासन का क्या था निर्देश

बता दें कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 से 16 फरवरी तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्कूलों में बूथ बना कर शिक्षक व बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी जा रही है। पीएम पोषण योजना के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और प्रधान मौलवी को बूथ लगवाने का निर्देश दिया था। निर्देश में यह भी कहा गया था कि बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवा मध्याह्न भोजनोपरांत ही दिया जाय। आशा कार्यकताओं और स्वास्थ्य वर्करों से सामंजस्य स्थापित कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश जारी था। बता दें कि निर्देश का पालन करते हुए मीड डे मील खिलाने के बाद ही बच्चों को दवा का डोज दिया गया था।

मोदी की गारंटी पर मुसलमान भाजपा को करेगा मतदान : दानिश आजाद

कानपुर। मुस्लिम समाज के सभी वर्ग के लोग खासतौर पर पासमांडा मुसलमान लोकसभा चुनाव में पूरी तरह से नरेंद्र मोदी के समर्थन में रहेगा। पहली बार नरेंद्र मोदी के रुप में उनको एक ऐसा नेता मिला है जो खुले मंच से पासमांडा उत्थान की बात करता है। मोदी की गारंटी पर लोकसभा चुनाव में मुसलमान भाजपा को मतदान करेगा। यह बातें शनिवार को कानपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दानिश आजाद ने कही। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दानिश आजाद कानपुर के जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी आरिश खांन के निमंत्रण पर और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली के एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की जो नीतियां हैं उनको जन-जन तक पहुंचने का कार्य वे स्वयं कर रहे हैं, क्योंकि मोदी की गारंटी तालीम की है, मोदी की गारंटी सुरक्षा की है, मोदी की गारंटी उद्योग की और रोजगार की है ये सभी चीज मुसलमान भाइयों को बराबर मिल रही है। तौकीर रजा के ज्ञानवापी पर विवादित बयान और गिरफ्तार की बात पर उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दल के नेता ऐसे हैं जो मुस्लिम समाज की भावनाओं से खिलवाड़ करते हैं। कांग्रेस और सपा पार्टी कभी नहीं चाहती कि मुस्लिम समाज की तरक्की हो या मुसलमान समाज आगे बढ़े। वहीं जब मीडिया ने उनसे तौकीर रजा के मानसरोवर का रास्ता साफ कर दो ज्ञानवापी हम दे देंगे के बयान के बारे में पूछा तो अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बासित अली को आगे बढ़ने का इशारा करते हुए चले गए।

140 करोड़ देशवासियों के गौरव का प्रतीक है भारतीय सेना : मुख्यमंत्री योगी

एजेंसी। लखनऊ

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सेना 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है। सेना के शौर्य व पराक्रम पर कोई भी भारतीय संदेह नहीं करता। देशवासी इनके शौर्य व पराक्रम को न केवल जानते हैं, बल्कि अटूट विश्वास भी करते हैं। भारतीय सेना का स्वर्णिम इतिहास रहा है। हमारे सैनिकों ने युद्धकाल व शांतिकाल में देश की रक्षा व सेवा का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। जीवन की परवाह किए बिना जवानों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में दुर्गम स्थानों पर रहकर भारत की एकता-अखंडता व संप्रभुता की सदैव रक्षा की है। भारत की आजादी के बाद गठित होने वाली पहली रेजीमेंट के रूप में यह गौरव गोरखा राइफल को प्राप्त है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 11 गोरखा राइफल रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित 'किरांति शौर्य समारोह' में कही। सीएम ने सैनिकों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को भी देखा। बच्चों ने कराटे व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। आतंकियों से निपटने में सक्षम भारतीय सेना की शौर्य गाथा को भी देख दर्शकों ने तालियों से सैनिकों का उत्साहवर्धन किया।

उत्तर प्रदेश वीरों की भूमि : सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश वीरभूमि है। यह महान क्रांतिकारी मंगल पांडेय, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, शहीद चंद्रशेखर आजाद, पं रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, वीर हमीद की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए हर लड़ाई में जवानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अनेक वीरों ने शौर्य व पराक्रम के माध्यम से देश की सुरक्षा करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। अनुशासन, देशभक्ति और युद्ध कौशल गोरखा रेजीमेंट की पहचान है। गोरखा की शौर्यगाथा का उल्लेख सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि विश्व की अनेक सेनाओं ने किया है। गोरखा अपनी बहादुरी का परिचय शब्दों से नहीं, बल्कि सीमा पर तैनाती के दौरान अपनी वीरतापूर्ण कार्रवाई से देते हैं।

पटना में 12 फरवरी को विश्वकर्मा हुंकार रैली

अनुसूचित जाति में शामिल करने की होगी मांग

एजेंसी। पटना

बिहार की राजधानी पटना में 12 फरवरी को भारतीय विश्वकर्मा महासंघ द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया है। इस रैली में प्रदेश भर के विश्वकर्मा समाज के लोग जुटेंगे और अपने अधिकार की बात रखेंगे। भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद विश्वकर्मा ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि पटना में होने वाली इस रैली में अधिकार की लड़ाई लड़ने का आगाज किया जाएगा। वर्तमान में विश्वकर्मा समाज के बढ़ई, स्वर्णकार, ठठेरा, लोहार, प्रजापति, कसेरा सभी समाज के लोग एकजुट होकर अपने राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस रैली में प्रदेश के सभी जिले से विश्वकर्मा समाज के लोग अधिकार के लिए अपनी आवाज को बुलंद करने के लिए यहां पहुंचेंगे। हमारी मांग है कि सरकार विश्वकर्मा आयोग या शिल्प विकास निगम या बोर्ड का गठन करे। विश्वकर्मा समाज के वंशजों को अनुसूचित जाति में शामिल करने की भी मांग की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि आज तक विश्वकर्मा समाज के लोगों का राजनीति में उपयोग किया गया है, लेकिन उसके अधिकार की बात नहीं की गई है।

इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट के लिए जडेजा, राहुल की वापसी

कोहली पूरी सीरीज के लिए अनुपलब्ध, अय्यर बाहर

106 रन से जीता था दूसरा टेस्ट भारत ने पहले मैच में 28 रन की हार के बाद वापसी करते हुए।

रजत पाटीदार व सरफराज खान टीम में बरकरार

दूसरी ओर, अय्यर को हैदराबाद में 35 और 13 का स्कोर बनाने के बाद बाहर किया गया। इसके बाद विशाखापत्तनम में 27 और 29 रन बनाए, जहां उन्हें आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कई रिपोर्टों में कहा गया था कि अय्यर ने विशाखापत्तनम टेस्ट के बाद कमर और पीठ के निचले हिस्से में अकड़न की शिकायत की थी, जिसे भारत ने 106 रनों से जीता था। लेकिन बीसीसीआई ने अय्यर को टेस्ट टीम से बाहर करने के पीछे कोई तर्क नहीं दिया है। उनके बाहर होने का मतलब है कि रजत पाटीदार और सरफराज खान ने टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार और तेज गेंदबाज आवेश खान को भी 17 सदस्यीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है।

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट मैचों के लिए रवींद्र जडेजा और केएल राहुल की भारत की टीम में वापसी हुई है, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से शेष मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे जबकि श्रेयस अय्यर को शामिल नहीं किया गया है। कोहली व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट में नहीं खेल पाए थे और अगले तीन मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होने के कारण, यह पहली बार है कि यह करिश्माई दाएं हाथ का बल्लेबाज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार घरेलू मैदान पर पूरी टेस्ट सीरीज नहीं खेल पाएगा। बीसीसीआई ने शनिवार को एक बयान में कहा, 'विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से शेष श्रृंखला के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है।' हालांकि जडेजा और राहुल को टीम में शामिल किया गया है, लेकिन बीसीसीआई ने कहा कि उनका शामिल होना मेडिकल टीम की मंजूरी पर निर्भर करेगा। हैदराबाद में पहले टेस्ट में बल्लेबाजी करते समय जडेजा की हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जबकि राहुल ने खेल खत्म होने के बाद अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत की थी, जिसे भारत 28 रन से हार गया था।

भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

तेज गेंदबाज आकाश दीप पहली बार टेस्ट टीम में

मोहम्मद शमी टखने की चोट के कारण टीम से बाहर हैं, जबकि उनके बंगाल राज्य के साथी तेज गेंदबाज आकाश दीप को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। दीप ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ तीन मैचों की रेड-बॉल श्रृंखला में भारत ए के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन किया और 18.72 की औसत से 11 विकेट लिए। वह पिछले साल हांगझोउ में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की टीम का हिस्सा थे, और बाद में दिसंबर 2023 में उन्हें दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला के लिए एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया था। कुल मिलाकर, दीप ने अब तक 29 प्रथम श्रेणी मैचों में 103 विकेट लिए हैं। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर है, तीसरा टेस्ट राजकोट में 15 फरवरी से शुरू होगा। इसके बाद भारत और इंग्लैंड दोनों 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए रांची जाएंगे। सीरीज का आखिरी मैच 7 मार्च को धर्मशाला में होगा।

जयसूर्या ने दोहरे शतक के लिए पथुम निसंका की सराहना की

नई दिल्ली (एजेंसी)। श्रीलंका के पूर्व बल्लेबाज सनथ जयसूर्या ने अपने सर्वोच्च वनडे स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने और अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले श्रीलंकाई बल्लेबाज बनने के लिए पथुम निसंका की सराहना की। स्ट्रोक्स की लुभावनी श्रृंखला की विशेषता वाली निसंका की असाधारण पारी ने श्रीलंका को तीन मैचों की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच में अफगानिस्तान पर शानदार जीत दिलाई। उनकी 20 चौकों और आठ गगनचुंबी छक्कों से सजी 210 रनों की नाबाद पारी ने श्रीलंका को 50 ओवरों में 3 विकेट पर 381 रनों के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

निसंका के रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन के मद्देनजर, जयसूर्या ने सोशल मीडिया पर युवा बल्लेबाज की बल्लेबाजी में मास्टरक्लास की सराहना की और इस तमाशे को प्रत्यक्ष रूप से देखने का सौभाग्य व्यक्त किया। जयसूर्या ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'बल्लेबाजी में मास्टरक्लास के लिए पथुम को बधाई। मैं इसे व्यक्तिगत रूप से देखने का सौभाग्य प्राप्त कर रहा हूं। शुद्ध आनंद। " निसंका की उपलब्धि, जिसने एकदिवसीय मैचों में किसी श्रीलंकाई बल्लेबाज द्वारा दोहरा शतक बनाने का पहला उदाहरण बनाया, ने प्रतिष्ठित सनथ जयसूर्या द्वारा 189 रनों के सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के लंबे समय से स्थापित रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। अविष्का फर्नांडो के साथ साझेदारी करते हुए, निसंका ने 182 रनों की शानदार शुरूआती साझेदारी के साथ श्रीलंका के विशाल स्कोर की नींव रखी।

विराट कोहली में एक अनगढ़ हीरे की पहचान की : रवि शास्त्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि उनका लक्ष्य जीतना और टेस्ट क्रिकेट को सर्वोपरि बनाना है और इस प्रयास में उन्होंने विराट कोहली के रूप में एक अनगढ़ हीरे की पहचान की, जो आगे चलकर इस प्रारूप में देश का सबसे सफल टेस्ट कप्तान बन गया। व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे टेस्ट से हटने वाले कोहली ने 68 टेस्ट मैचों में टीम का नेतृत्व किया और उनमें से 40 में जीत हासिल की, जिससे वह भारत के सबसे सफल कप्तान बन गए। 2021/22 में भारत के दक्षिण अफ्रीका में 2-1 से सीरीज हारने के बाद उन्होंने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी। उनकी कप्तानी में, भारत ने 2018/19 में ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीती, साथ ही 2021 में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के उद्घाटन संस्करण के फाइनल में जगह बनाई, जहां वे साउथम्पटन में न्यूजीलैंड से हार गए। शास्त्री ने द टाइम्स के लिए बातचीत में माइकल आथर्टन से कहा, 'व्यक्तिगत प्रतिभा बहुत थी लेकिन मैं टीम की प्रतिभा देखना चाहता था। मैं जीतना चाहता था और टेस्ट क्रिकेट को सर्वोपरि बनाना चाहता था और मैंने विराट कोहली में एक अनगढ़ हीरे की पहचान की। जबकि (एमएस) धोनी मेरे कप्तान थे, मेरी नजर उन पर थी (कोहली)। मैंने उनसे अपने दूसरे महीने की शुरूआत में ही कहा थाः 'इसमें समय लगेगा लेकिन देखो, निरीक्षण करो, तैयार रहो (कप्तानी के लिए)'। "

भारत की 1983 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य शास्त्री शुरूआत में 2014 में टीम निदेशक के रूप में भारतीय टीम में शामिल हुए थे और 2017 में 2021 पुरुष टी20 विश्व कप तक मुख्य कोच बने। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट खेलने और प्रारूप में सफल होने के लिए कठिन चीजें करने की कोहली की इच्छा की भी सराहना की। 'कोहली पूरी तरह से टेस्ट क्रिकेट में व्यस्त थे। वह जुनूनी थे। वह कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार थे और कठिन क्रिकेट खेलने के लिए तैयार थे, जो मेरे सोचने के तरीके से मेल खाता था। जब आप ऑस्ट्रेलिया या पाकिस्तान खेलते हैं तो आपके पास 'कोई शिकायत नहीं', 'कोई बहाना नहीं' जैसा रवैया होना चाहिए।' 'हम एक ही बात पर थे और तेज गेंदबाजों की एक श्रृंखला चाहते थे। वह एक झटके के लिए तैयार थे। वह कड़ी मेहनत करना चाहते थे। हमने नेट्स में इसे सभी के लिए मुफ्त कर दिया। आपको गंदगी को बाहर उछालने की अनुमति थी कोई भी। वह इसे अपनाने वाला पहला व्यक्ति था; वह नेट्स में बदसूरत दिखने के लिए काफी तैयार था और मानसिकता बदल गई। तेज गेंदबाजों की उस श्रृंखला ने भारत को जसप्रीत बुमराह के रूप में एक रत्न खोजने में मदद की, जो हाल ही में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के पहले तेज गेंदबाज बने। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर भारत की 106 रन की जीत में बुमराह ने नौ विकेट लिए थे और वह प्रारूप में 150 विकेट तक पहुंचने वाले सबसे तेज भारतीय गेंदबाज भी बने थे। 'उनसे बिना पूछे ही उन्हें सफेद गेंद वाला क्रिकेटर करार दे दिया गया। लेकिन मैं जानता था। मैं देखना चाहता था कि वह कितना भूखा है। मैंने उनसे कहा कि तैयार हो जाओ, तैयार रहो। मैंने उनसे कहा कि मैं उन्हें दक्षिण अफ्रीका में उतारने जा रहा हूं।' उन्होंने निष्कर्ष निकाला, 'वह टेस्ट क्रिकेट में खेलने और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। वह विराट कोहली के साथ टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बेताब थे।

बिम्सटेक एक्वेटिक्स चैंपियनशिप : मेजबान भारत ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती

नई दिल्ली (एजेंसी)। पहली बिम्सटेक एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2024 शुक्रवार को संपन्न हुई, जिसमें टीम इंडिया ने 360 अंकों के साथ ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। कुल 19 स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय तैराकों ने पुरुष और महिला चैंपियन ट्रॉफी भी जीतीं और पुरुष और महिला गोताखोरी टीमों ने भी डाइविंग चैंपियन ट्रॉफी जीतीं।

सर्वश्रेष्ठ तैराक पुरुष की ट्राफियां भारत के हर्ष सरोहा को 3 स्वर्ण पदक जीतने के लिए और सर्वश्रेष्ठ तैराक महिला की ट्राफियां थाईलैंड की मारिया एनेडेल्को को 3 स्वर्ण और 1 रजत जीतने के लिए दी गईं। इस बीच टीम थाईलैंड ने पुरुष और महिला वाटर पोलो चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। अपनी तरह के पहले आयोजन में कई जाने-माने तैराकों ने भाग लिया, जिनमें से कुछ ने पिछले साल हांगझोउ में आयोजित एशियाई खेलों में भाग लिया था। 20 वर्ष और उससे कम आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए आयोजित की जा रही प्रतियोगिताओं में तैराकी, वाटर पोलो और गोताखोरी के कार्यक्रम थे। 3 जलीय विज्ञान वर्गों में कुल 43 कार्यक्रम हुए, जिनमें समग्र चैंपियन सहित 9 ट्राफियां दी गईं।

आइस हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में यूक्रेन ने पोलैंड को शूटआउट में हराया

वारसॉ (एजेंसी)। यूक्रेन की पुरुष आइस हॉकी टीम ने शुक्रवार शाम सोस्नोविएक में ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में शूटआउट में पोलैंड को 3-2 से हराया। रॉबर्ट कलाबेर द्वारा प्रशिक्षित टीम को स्वप्निल शुरूआत मिल सकती थी, लेकिन बोगडान डायचेंको ने पावेल ड्रोनिया के प्रयास को विफल कर दिया। हालांकि, पोलैंड ने गति धीमी नहीं की और उन्होंने ब्लू लाइन से कामिल गोर्नी के शॉट के माध्यम से पहली अवधि के 7:15 पर ओपनर स्कोर बनाया। कलाबेर के खिलाड़ियों ने अपना आक्रमण जारी रखा लेकिन ब्रेक से पहले बढ़त को दोगुना करने में असफल रहे। मेहमान टीम ने दूसरे पीरियड के 2:22 पर जवाब दिया जब डेनिस बोरोडाई ने दूर से एक प्रभावी शॉट के साथ स्कोर 1-1 कर दिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, मार्सिन कोलुज के तेज आक्रमण के बाद पोलैंड ने 13:45 मिनट पर बढ़त हासिल कर ली।

गुकेश की कार्लसन और लिरेन पर सनसनीखेज जीत

हैम्बर्ग (एजेंसी)। भारतीय शतरंज खिलाड़ी डी. गुकेश ने शुक्रवार को वीसेनहॉस फ्रीस्टाइल शतरंज जीओएटी चैलेंज के प्लेऑफ दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया। पहले दौर में फ्रांस के अलीरेजा फि रोजा से हारने के बाद, भारतीय जीएम गुकेश ने दूसरे दौर में कार्लसन को हराने के लिए तेजी से वापसी की। इसके बाद गुकेश ने तीसरे राउंड में यूएसए के लेवोन अरोनियन को और चौथे राउंड में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराया और 3.0/4 के साथ उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। स्थानीय खिलाड़ी विंसेंट कीमार चार राउंड में 3.5 अंकों के साथ एकमात्र नेता हैं, जबकि कार्लसन आठ खिलाड़ियों के क्षेत्र में पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश की उल्लेखनीय उपलब्धि में शतरंज की बिसात पर अपनी असाधारण प्रतिभा और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए दो बार के विश्व कप विजेता यूएसए के अरोनियन पर जीत भी शामिल है। फिशर रैंडम शतरंज या शतरंज 960 के नाम से मशहूर विशिष्ट फ्रीस्टाइल शतरंज स्पर्धाओं में एक नवागंतुक होने के बावजूद, गुकेश ने पहले ही अपने शानदार प्रदर्शन से एक अमिट छाप छोड़ दी है।

पिट्सबर्ग ओपन स्क्वैशः वेलावन सेंथिलकुमार क्वार्टरफाइनल में हारे

पिट्सबर्ग (एजेंसी)। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार शुक्रवार को पिट्सबर्ग (अमेरिका) में पिट्सबर्ग ओपन स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में मिस्र के विश्व नंबर 21 यूसुफ इब्राहिम से 2-11, 4-11, 8-11 से हार गए। ब्रेकआउट 2023 के बाद, यह भारत का पहला पीएसए वर्ल्ड टूर सिल्वर क्वार्टरफाइनल था, जिसमें दुनिया में 63वें नंबर के तमिलनाडु के खिलाड़ी ने पेशेवर के रूप में अपने पहले पूरे वर्ष में चार पीएसए खिताब जीते थे। वेलावन ने आठवें वरीय फराज खान से दूसरे दौर में उलटफेर के बाद क्वार्टर में जगह बनाई, और चौथे वरीय इब्राहिम के खिलाफ दूसरे और तीसरे गेम में मजबूत दिखे। हालांकि, अनुभवी मिस्रवासी हमेशा एक कदम आगे रहते थे, और आधिकारिक पीएसए स्क्वैश वेबसाइट के हवाले से कहा गया था। 'वेलावन बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। हमने कई बार खेला है और कोर्ट पर उसने मुझे हमेशा कड़ी चुनौती दी है... मुझे खुशी है कि मैंने इसे बरकरार रखा और अच्छा प्रदर्शन किया।'

आईपीएल के जरिये ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाना चाहते हैं स्पेंसर जॉनसन

एडिलेड (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन का मानना है कि एक अच्छा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन उनके लिए टी20 विश्व कप टीम में चुने जाने के दरवाजे खोल सकता है। गुजरात टाइटंस ने जॉनसन को 10 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर खरीदा था। द हंड्रेड 2023 में अपने शानदार प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरने वाले 28 वर्षीय तेज गेंदबाज अब आईपीएल को ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम में चयन के लिए अपना दावा मजबूत करने के मंच के रूप में देखते हैं। 50 लाख के मामूली आधार मूल्य से लेकर गुजरात टाइटन्स द्वारा 10 करोड़ की आश्चर्यजनक बोली तक जॉनसन की यात्रा वैश्विक मंच पर उनकी प्रतिभा की नई पहचान को दर्शाती है। जॉनसन ने अपने आईपीएल अप्रत्याशित लाभ के जवाब में अविश्वास और दृढ़ संकल्प का मिश्रण व्यक्त किया।

ऑस्ट्रेलियाई अखबार 'पर्थ नाउ' ने उनके हवाले से कहा, 'मैं इसे अपनी प्रगति में ले रहा हूं - जब आप आराम से बैठते हैं और इसके बारे में सोचते हैं, तो यह बहुत हास्यास्पद है। लेकिन मैं अभी यहां हूं और मैं बस चलता रहता हूं। अब यहां ऑस्ट्रेलिया के लिए कुछ प्रदर्शन करना अच्छा होगा लेकिन विश्व कप अभी भी बहुत दूर है। अगर मेरा आईपीएल अच्छा रहा तो पूरी संभावना है कि मैं विश्व कप टीम में शामिल हो सकता हूं। " पिछले साल दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टी20 में पदार्पण करने वाले दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई ने अपने हालिया अनुभवों के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया, जिसमें बिग बैश लीग (बीबीएल) 2023-24 में एक सफल कार्यकाल भी शामिल है, जहां उन्होंने 11 पारियों में 14.47 के प्रभावशाली औसत से 19 विकेट लिए थे। 'यह रोमांचक है। एक और अवसर प्राप्त करना स्पष्ट रूप से कुछ ऐसा है जहां मैं होना चाहता हूं। जब मैंने पिछले साल सितंबर में खेला था, तो मुझे लगता था कि मैं अब एक अलग खिलाड़ी हूं, मुझे बिग बैश (लीग) में थोड़ी अधिक सफलता मिली है, इसलिए मैं निश्चित रूप से जाने के लिए तैयार हूं। यह स्पष्ट रूप से मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण होगा। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना एक ऐसी चीज है जिसके बारे में आप सपना देखते हैं, इसलिए ऐसा करना काफी अच्छा होने वाला है।' टी20 विश्व कप नजदीक आने के साथ, जॉनसन राष्ट्रीय टीम में अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए एक स्प्रिंगबोर्ड के रूप में आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने के महत्व को समझते हैं। दबाव और अपेक्षाओं के बावजूद, वह उस क्षण का लाभ उठाने और सबसे भव्य मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अपने संकल्प पर दृढ़ है।

खबरें व्यापार जगत की

पश्चिमांचल में सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की होगी शुरूआत



लखनऊ (एजेंसी)। 19 फरवरी को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में यूपी सरकार द्वारा आयोजित की जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पूरे प्रदेश में निवेश परियोजनाओं की शुरूआत होगी। इसके अंतर्गत सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरूआत प्रदेश के पश्चिमांचल हिस्से में होगी। औद्योगिक विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमांचल के अतिरिक्त प्रदेश के पूर्वांचल में 29 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से यूपी सरकार अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपए की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने जा रही है। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि 19 फरवरी को पीएम मोदी और सीएम योगी की मौजूदगी में जीबीसी 4.0 का शुभारंभ किया जाएगा। इसके माध्यम से योगी सरकार यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के बाद एक वर्ष की छोटी अवधि में लगभग 10 लाख करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश को धरातल पर उतारेगी।

इसके माध्यम से 33.50 लाख रोजगार के अवसरों के साथ 14 हजार से अधिक परियोजनाओं को लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में 3 हजार से अधिक प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की संभावना है, जिसमें प्रतिष्ठित उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इंडिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं। एनआईडीपी (हीरानंदानी ग्रुप), सिफी टेक्नोलॉजीज, वीएएलएस डेवलपर्स प्रा. लि., एसटीटी ग्लोबल, जैक्सन लि. पूरे यूपी में डेटा सेंटर स्थापित करेंगे। अशोक लीलैंड तथा यामाहा पूरे यूपी में ऑटोमोबाइल और ईवी परियोजनाएं स्थापित करेंगे। एनटीपीसी, ग्रीनको ग्रुप, टोरेंट पावर, एसीएमई ग्रुप, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, पीएसपी सिक्स और टस्को पूरे प्रदेश में थर्मल, हाइड्रो पावर और सोलर प्रोजेक्ट स्थापित करेंगे। अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज, एकोर रिसर्च लैब्स, भारत डायनेमिक्स, एरोलॉय टेक्नोलॉजीज और डीआरडीओ ब्रह्मोस एयरोस्पेस डिफेंस एवं शस्त्र निर्माण में प्रवेश करेंगे।

ईपीएफओ ने 2023-24 के लिए पीएफ जमा पर ब्याज दर बढ़ाकर 8.25 प्रतिशत की

नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने 2023-24 के लिए भविष्य निधि जमा पर 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर की सिफारिश की है। फिलहाल ब्याज दर 8.15 फीसदी है। श्रममंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा, 'यह कदम भारत के कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की पीएम मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।' यहां आयोजित बोर्ड बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, वित्त मंत्रालय की मंजूरी के बाद इस ब्याज दर को आधिकारिक तौर पर सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा, इसके बाद ईपीएफओ अपने ग्राहकों के खातों में स्वीकृत ब्याज दर को जमा करेगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'बोर्ड ने ईपीएफ सदस्यों के खातों में लगभग 1,07,000 करोड़ रुपये की कुल मूल राशि पर 1,07,000 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक आय राशि के वितरण की सिफारिश की है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में क्रमशः 91,151.66 करोड़ रुपये और 11.02 लाख करोड़ रुपये था, जो 13 लाख करोड़ रुपये था। वितरण के लिए अनुशंसित कुल आय रिकॉर्ड पर सबसे अधिक है।'

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 12-16 फरवरी तक किए जाएंगे जारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 2023-24 (श्रृंखला चार) 12-16 फरवरी के दौरान सदस्यता के लिए खोला जाएगा, इसकी निपटान तिथि 21 फरवरी है। आरबीआई द्वारा सोने के बांड 6,263 रुपये प्रति ग्राम की कीमत पर जारी किए जाएंगे। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों को सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के निर्गम मूल्य से 50 रुपये प्रति ग्राम की छूट देने का निर्णय लिया है, जो ऑनलाइन आवेदन करते हैं और भुगतान डिजिटल मोड के माध्यम से किया जाता है। ऐसे निवेशकों के लिए गोल्ड बॉन्ड का निर्गम मूल्य 6,213 रुपये प्रति ग्राम सोना होगा। बांड के लिए भुगतान नकद भुगतान (अधिकतम 20,000/- रुपये तक) या डिमांड ड्राफ्ट या चेक या इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग के माध्यम से होगा। एसजीबी विभिन्न चैनलों के माध्यम से उपलब्ध होंगे, इनमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसएचसीआईएल), क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआईएल), नामित डाकघर और मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज, जैसे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) शामिल हैं। व्यक्तिगत निवेशक न्यूनतम 1 ग्राम निवेश से शुरूआत कर सकते हैं और अधिकतम 4 किलोग्राम तक जा सकते हैं। एसजीबी के लिए अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) मानदंड भौतिक सोने की खरीद के समान हैं। वोटर आईडी, आधार कार्ड/पैन या टैन/पासपोर्ट जैसे केवाईसी दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। आयकर विभाग द्वारा जारी स्थायी खाता संख्या (पैन) अनिवार्य है।

2024 में एफपीआई ने 28,818 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची

नई दिल्ली (एजेंसी)। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजय कुमार ने कहा कि जनवरी में इक्विटी में बिक्री और डेट में खरीदारी का एफपीआई निवेश फरवरी महीने में लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि 9 फरवरी तक एफपीआई ने 3,074 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची और 15,093 करोड़ रुपये का कर्ज खरीदा। उन्होंने कहा, 'इससे 2024 में अब तक कुल इक्विटी बिक्री 28,818 करोड़ रुपये और ऋण खरीद 34,930 करोड़ रुपये हो गई है।' उन्होंने आगे कहा, "जनवरी के आखिरी पखवाड़े में एफपीआई 31,261 करोड़ रुपये की बिक्री के आंकड़े के साथ वित्तीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विक्रेता थे। यह सामान्य तौर पर बैंक निफ्टी और विशेष रूप से कुछ प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंकों के खराब प्रदर्शन की व्याख्या करता है।" उन्होंने कहा कि लंबी अवधि के निवेशकों के लिए अब बैंकिंग शेयरों में वैल्यू है। उन्होंने कहा, 'एफपीआई आईटी और टेलीकॉम में खरीदार थे, जो इन क्षेत्रों में अग्रणी खिलाड़ियों के लचीलेपन को बताता है।' विजय कुमार ने कहा कि इक्विटी में एफपीआई की बिक्री का उलटा तब होगा जब अमेरिकी बांड घट जाएगा।

यूपीए सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को खोखला कर दिया था : प्रदीप वर्मा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने 2004-14 के दौरान देश की इकोनॉमी को खोखला करने का आरोप कांग्रेस पर लगाया। वर्मा ने कहा कि 2004-14 के दरम्यान देश में कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए की सरकार रही। इस दौरान देश की इकोनॉमी को खोखला कर दिया गया था। 2जी, कॉमनवेल्थ गेम्स, कैश फॉर वोट, लैंड स्कैम, शारदा चिट फंड घोटाला जैसे घोटालों की लंबी फेहरिस्त सामने आयी। संसाधनों की लूट हुई। प्रदीप वर्मा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस पर आंखें बंद रखीं। जब नरेन्द्र मोदी ने 2014 में देश की सत्ता संभाली, उस समय जर्जर इकोनॉमी व्यवस्था के साथ देश मिला। सरकार उसी समय चाहती तो श्वेत पत्र ला सकती थी, पर इससे देश का आर्थिक खोखलापन देश के सामने जाहिर होता। अब 10 साल बाद (2024) केंद्र के स्तर से श्वेत पत्र लाया गया है, जिससे पता लगता है कि देश सुरक्षित

हाथों में है। अर्थव्यवस्था का कायापलट हुआ है। देश की इकोनॉमी बेहतर और तेजी से गतिशील हुई है। वर्मा ने कहा कि यूपीए सरकार के समय अर्थव्यवस्था ठहर गयी थी। मुद्रास्फीति दोहरे अंकों तक पहुंच गयी थी, जो आज पांच प्रतिशत के आसपास है। आज जीएसटी व्यवस्था के चलते डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कलेक्शन है और किसी भी सरकारी योजना के लिए पैसे की कमी नहीं है। यूपीएस सरकार में बहुआयामी गरीबी 29.2 प्रतिशत थी, जो अब 11.36 प्रतिशत रह गयी है। पूर्व में 350 स्टार्ट अप ही शुरू हुए थे। पिछले 10 सालों में यह एक लाख 17 हजार 257 हो गया है। पहले मेट्रो रेल 5 शहरों में ही था जो अब 20 शहरों में हो चुकी है। पूर्व में 25700 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग (लंबाई) का निर्माण हुआ जो अब 54.9 हजार किमी हो चुका है। पूर्व में हर दिन औसतन 12 किमी एनएच बनाए जाते थे जो अब 28.3 किमी हो चुका है।

भाजपा का पूरा कुनबा झूठ का पुलिंदा : राकेश सिन्हा

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला। सिन्हा ने कहा कि भाजपा का पूरा कुनबा झूठ का पुलिंदा है। राकेश सिन्हा ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था रसातल में चली जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को यह बताना चाहिए कि महंगाई कम करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। सिन्हा ने आरोप लगाते हुए कहा कि अग्निवीर योजना लाकर सेना को कमजोर किया गया, देश भक्त युवाओं का मनोबल गिरा, एससी-एसटी समुदायों के खिलाफ 48 फीसदी अपराध के मामले बढ़े और आज देश में 45 साल में सबसे अधिक बेरोजगारी है। सिन्हा ने कहा कि श्वेत पत्र का मकसद अपने काले सच को छिपाना है।

सांसदों ने रांची में रेलवे जोनल ऑफिस बनाने की मांग की

रांची। झारखंड के सांसदों ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से राज्य में रेलवे विकास के लिए जोनल रेलवे रांची। झारखंड के सांसदों ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से राज्य में रेलवे विकास के लिए जोनल रेलवे ऑफिस बनाने की मांग की है। इसके लिए सभी ने हस्ताक्षरयुक्त पत्र भी सौंपा है। पत्र में कहा है कि रेलवे को राजस्व देने में झारखंड का अहम स्थान है। बावजूद इसके यहां रेलवे का विकास नहीं हो रहा है। सांसदों ने जोनल ऑफिस को रांची में बनाने की मांग करते हुए विश्वास जताया है कि इसके बनने से रेलवे के राजस्व में और वृद्धि होगी। जिलों में रेलवे कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी। राज्य का भी विकास होगा। सांसदों ने कहा है कि केंद्र सरकार के कार्यकाल में वंदे भारत एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस व इंटरसिटी एक्सप्रेस जैसी नयी ट्रेनों का परिचालन हो रहा है। रेलवे के जोनल ऑफिस बन जाने से विकास कार्यों में और तेजी आएगी। झारखंड में रेल विकास के लिए राज्य गठन के बाद से ही यहां जोनल ऑफिस बनाने की मांग की जाती रही है।

नया प्रबंधन कानून वापस हो : मथारु

रांची। झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा तख्त हजूर साहिब अवचलनगर, नांदेड के नये प्रबंधन कानून की कड़ी आलोचना की है एवं इसे समुदाय की धार्मिक आजादी पर हमला करार दिया है। महाराष्ट्र सरकार ने तख्त हजूर साहेब की प्रबंधन पर काबिज होने के लिये 1956 के कानून में संशोधन किया है। पहले महाराष्ट्र सरकार प्रबंधन में सात सदस्यों को मनोनित करती थी जिसे बढ़ाकर बारह कर दिया गया है। जबकि निर्वाचन क्षेत्र को घटाकर तीन कर दिया गया है। वहीं सिख शिरोमनी गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटि के अधिकारों में भी कटौती करके चार के स्थान पर दो सदस्यों की नियुक्ति का अधिकार दिया है। एक सदस्य हैदराबाद और सिकंदराबाद से चुन कर आते थे, जिसे समाप्त कर दिया गया है।नये कानून में प्रबंधन में सत्रह सदस्य होंगे जिसमें बारह सदस्य सरकार द्वारा मनोनित होंगे। इस व्यवस्था से अब यह तय है कि प्रबंधन कमिटि पर सरकार का नियंत्रण हो जायेगा। इससे सिख समुदाय में गहरी नाराजगी है। सिख समुदाय की नाराजगी को देखते हुये उपाध्यक्ष द्वारा भारत सरकार के राष्ट्रपति एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल से इस कानून को वापस कराने का अनुरोध किया है। साथ ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से कानून को वापस लेने का अनुरोध किया है तथा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष को भी इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

कोर्ट में हाजिर हुए होमगार्ड के डीजी अनिल पालटा

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में होमगार्ड के जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने से संबंधित अजय प्रसाद की अवमानना याचिका पर सुनवाई शनिवार को हुई। इस दौरान होमगार्ड डीजी अनिल पालटा कोर्ट में उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को आश्वस्त किया गया कि एकल पीठ के आदेश का अनुपालन 30 दिन में कर दिया जाएगा। इस पर कोर्ट ने उन्हें आदेश का अनुपालन करने के लिए छह सप्ताह का समय देते हुए मामले की सुनवाई चार अप्रैल निर्धारित की है। पिछली सुनवाई के दौरान आदेश का अनुपालन नहीं होने पर कोर्ट ने होमगार्ड के वरीय अधिकारियों को उपस्थित होने का निर्देश दिया था। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि एकल पीठ के आदेश के छह माह बीतने के बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं हुआ। जब शीर्ष अदालत ने भी एकल पीठ द्वारा दिए गए आदेश की पुष्टि की है, तो आदेश का अनुपालन करने में सरकार को और कितना समय लगेगा, यह अदालत समझ नहीं पा रही है। कोर्ट ने 25 अगस्त 2017 के एकल पीठ के आदेश का अनुपालन करने के लिए सरकार को आठ सप्ताह का समय दिया था। आदेश का अनुपालन नहीं होने पर होमगार्ड के वरीय अधिकारियों को सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया। साथ ही उनसे पूछा था कि आदेश का अनुपालन नहीं होने पर क्यों नहीं उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए।

हाई कोर्ट में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई 16 को

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई अब 16 फरवरी को होगी। मामले में शनिवार को न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में आंशिक बहस हुई। ईडी ने छवि रंजन के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। हाई कोर्ट में छवि रंजन की जमानत अर्जी पर ईडी के जवाब का उनकी ओर से प्रति उत्तर दिया जा चुका है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे, जिसके बाद 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था। बाद में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर चार मई 2023 को गिरफ्तार किया गया था।

नई सरकार बनते ही झारखंड पर मेहरबान हुई केंद्र

रांची। समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 2,330 करोड़ रुपये के बजट की स्वीकृति मिली है। झारखंड के लिए इस बजट की स्वीकृति नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रोग्राम एप्रूवल बोर्ड की हुई बैठक में मिली। इसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी, जबकि 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को देना होगा। बैठक में यह भी कहा गया कि चालू वित्तीय वर्ष में मार्च तक होने वाले खर्च के आधार पर बची हुई राशि का स्पिल ओवर होगा अर्थात उक्त राशि 2024-25 में खर्च हो सकेगी। इसके लिए राज्य सरकार को अलग से प्रस्ताव देना होगा।

61 नए स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा की स्वीकृति ; पैब की बैठक में 61 नए स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा की स्वीकृति दी गई। जिन स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा का कार्यक्रम चल रहा है, वहां यह जारी रहेगा। वहीं, 600 अन्य स्कूलों में बाल वाटिका (प्री प्राइमरी) की पढ़ाई शुरू करने की स्वीकृति दी गई। इन स्कूलों में छोटे बच्चों के लिए अनुकूल बेंच-डेस्क तथा खेल की सामग्री खरीदी जाएगी। साथ ही कक्षाओं व स्कूल की दीवारों में छोटे बच्चों के सीखने के लिए आवश्यक जानकारियों की पेंटिंग कराई जाएगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के समग्र शिक्षा अभियान के बजट में उन सभी कार्यक्रमों व योजनाओं के लिए राशि स्वीकृत हुई है जो पहले से संचालित हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने जिला जजों की नियुक्ति के मामले में झारखंड हाईकोर्ट का फैसला पलटा

रांची। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में जिला जजों की नियुक्ति के मामले में झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए रिक्त 9 पदों पर बहाली का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने वर्ष 2022 में झारखंड सुपीरियर ज्यूडिशियल सर्विस कैडर के तहत 22 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की थी। नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान हाईकोर्ट की फुल बेंच ने प्राप्तांकों के मापदंड में बदलाव करने का निर्णय लिया था। इसके तहत उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक निर्धारित किया गया था। इस निर्णय को सुशील कुमार पांडेय एवं अन्य की ओर से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के निर्णय को निरस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जाने के बाद बीच में मानदंडों में बदलाव करना गलत है। इसके साथ ही कोर्ट ने खाली रह गए 9 पदों पर पुराने मापदंड के अनुसार सफल अभ्यर्थियों को नियुक्त करने का आदेश दिया है।

स्कूल से हेमंत की तस्वीर हटाये जाने से भावुक हुई छात्रा, पूर्व सीएम को लिखी चिट्ठी

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम लिखी गई एक स्कूली छात्रा की चिट्ठी बहुत वायरल हो रही है। इस चिट्ठी में छात्रा ने स्कूल के क्लास रूम से हेमंत सोरेन की तस्वीर हटाये जाने के बाद अपनी भावनाओं को लिखा है। पलामू के सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस के 7वीं क्लास की छात्रा मनीषा पांडे हेमंत सोरेन के नाम लिखी चिट्ठी में लिखा है।

हमारे प्यारे हेमंत अंकल, : अभी आपके द्वारा बनाये गए सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस जिला स्कूल मेदनीनगर में दाखिला लेकर पढ़ाई कर रही हूं। इससे पहले मोहल्ले के निजी स्कूल से निकलकर यहां तक आने का मेरा सफर किसी सपने के साकार होने से कम नहीं था। इस स्कूल में आकर हम काफी खुश है। आज मेरे स्कूल से आपका फोटो हटाया जा रहा था, यह देखकर हमें तकलीफ हुआ, और यह पत्र लिखने से अपने आपको रोक नहीं पाई। हमें क्लास के दौरान यह पता चला कि झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में आपका नाम याद करवाया गया था। यह पढ़ते हुए आपका नाम जीवन का हिस्सा बन गया। आप हमारे जैसे अनेकों बेटियों के लिए उम्मीद की किरण है। हमने एक दीदी को बीच में पढ़ाई छोड़ते हुए देखा था। आपके रहने से एक हिम्मत, ताकत मिला थी कि अब कोई बहन बेटियां पढ़ाई लिखाई नहीं छोडेंगी। हेमंत अंकल अब हमने भी रोना बंद कर दिया है और पढ़ाई लिखाई पर ध्यान दे रही हूं, अब अपने स्कूल में आपका फोटो देखना चाहती हूं।

आपकी लाडली बेटी, मनीषा पांडे

अब आयुर्वेद भी कैशलेस के दायरे में

दिल्ली। आयुष मंत्रालय और इरडा ने आदेश दिया है कि आयुर्वेद और होमियोपैथिक जैसी पद्धति से इलाज को कैशलेस बीमा सुविधा से एक अप्रैल से जोड़ा जाए। अभी तक सिर्फ एलोपैथिक को इस सुविधा से जोड़ा गया था। इससे प्राकृतिक और भारतीय चिकित्सा को बढ़ावा मिलेगा।

पूर्व सीएम हेमंत के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद से ईडी ने की पूछताछ

रांची। जमीन घोटाला के मामले में ईडी के अधिकारियों ने शनिवार को कई लोगों से पूछताछ की। अभिषेक प्रसाद पिंटू को ईडी ने पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया। ईडी के अधिकारियों ने अभिषेक प्रसाद पिंटू से करीब 3:30 घंटे पूछताछ की। पूछताछ खत्म होने के बाद अभिषेक प्रसाद ईडी कार्यालय से बाहर निकल गए। जमीन घोटाले और विनोद सिंह के मोबाइल से मिले व्हाट्सएप चैट मामले में यह पूछताछ की गई है।

अवैध माईका खदान में वन विभाग ने की छापेमारी

गिरिडीह । जिले के गांवा थाना क्षेत्र के नगवा सुरक्षित वन में चरका पहाड़ और सदवा में शनिवार को वन विभाग की टीम और गावां पुलिस की संयुक्त छापेमारी कर माइका खदान से 2.5 क्विंटल माइका, 18 पीस जिलेटिन, 1 पीस डेटोनेटर, तीन पीस धामा,दो पीस हथौड़ी दो पीस समेत अवैध खनन के उपकरण को जब्त किया है। बताया गया कि छापेमारी अभियान गावां रेंजर अनिल कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। इस संबंध रेंजर अनिल कुमार ने कहा कि अवैध खनन करने वालों को चिन्हित कर वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अवैध माईका खनन कारोबार को फलने फूलने नहीं दिया जाएगा।छापेमारी में गावां उप निरक्षक दीपक कुमार प्रभारी वन परिसर पदाधिकारी पवन चौधरी, उप वन परिसर पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद, हीरालाल पंडित, जिलाजित कुमार, बमशंकर वर्मा, सुनील हेंब्रम समेत कई पुलिस बल के जवान शामिल थे।

सुदूर क्षेत्र के लोगों को डालसा दिलाए कानूनी अधिकार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोग अपने कानूनी हक के बारे में ज्यादा नहीं जानते हैं। उन्हें सरकार की भी कई योजनाओं की जानकारी नहीं है। ऐसे में अब जिला विधिक प्राधिकार और पीएलवी की जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ जाती है कि वो लोगों को उनके कानूनी हक दिलाएं। पीएलवी सुदूर क्षेत्रों में रहते हैं और वे ग्रामीणों की आर्थिक और सामाजिक परेशानी अच्छी तरह से समझते हैं। उक्त बातें वह शनिवार को झालसा के सभागार में हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के राज्य स्तरीय चौथे दो दिवसीय समागम में 24 जिले के डालसा अध्यक्ष व सचिव आदि को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसके लिए सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव और पीएलवी तैयारी पूरी कर लें, ताकि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन हो सके। कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य भी यही है।

जेल में बंद कैदी की अपील 60 दिनों दाखिल होनी चाहिए : जस्टिस एसएन प्रसाद ने कहा कि कई बार देखा जाता है कि जेल में बंद कैदी की अपील दाखिल करने में 400 दिन तक देरी हो जाती है। जबकि 60 दिनों में अपील दाखिल होनी चाहिए। जेल में भी लीगल एड क्लीनिक खुला है। ऐसे में अब ऐसे लोगों को सहायता करते हुए समयावधि में अपील दाखिल की जानी चाहिए।

झारखंड के 14 जिलों में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुरू

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड के 14 जिलों में शनिवार से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम 28 फरवरी तक जारी रहेगा। इसके तहत लोगों को बूथों पर दवाई खिलाई जा रही है। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने शनिवार को स्वयं फाइलेरिया रोधी दवाएं खाकर देशव्यापी अभियान शुरू किया। झारखंड सहित कुल 11 राज्यों को यह कार्यक्रम चल रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा आज से 14 फाइलेरिया प्रभावित जिलों (बोकारो, देवघर, धनबाद, गुमला, रामगढ़, साहेबगंज, पाकुड़, कोडरमा, रांची, गिरिडीह, गढ़वा, लोहरदगा, सिमडेगा और पूर्वी सिंहभूम) में 2.17 करोड़ लाभुकों को

25 फरवरी तक चलाया जाएगा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम

फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान फाइलेरिया रोधी दवाओं का वितरण नहीं, बल्कि प्राशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों के सामने लाभार्थियों द्वारा दवा का सेवन सुनिश्चित किया जायेगा। राज्य स्तर से सभी विभागों से समन्वय बनाकर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन को पूरी तरह से सफल बनाने के लिए अथक प्रयास किये जा रहे हैं। हम सब शत-प्रतिशत लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं।

लोस चुनाव में 21,6,270 युवा मतदाता पहली बार देंगे वोट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्रों में से सबसे अधिक मतदाता धनबाद संसदीय क्षेत्र में हैं। वहां 22.45 लाख से अधिक मतदाता सांसद चुनने के लिए मताधिकार का प्रयोग करेंगे. चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची के मुताबिक राज्य में सबसे कम मतदाता खूंटी संसदीय क्षेत्र में है। वहां 13.10 लाख मतदाता लोकसभा चुनाव में वोट डालेंगे। इसके अलावा सिंहभूम में 14.28 लाख व लोहरदगा में 14.21 लाख मतदाता सांसद चुनाव में वोट डालेंगे। शेष सभी संसदीय क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या 15 लाख से अधिक है।

2,53,86,152 है मतदाताओं की कुल संख्या : आयोग द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची के मुताबिक झारखंड में मतदाताओं की कुल संख्या 2,53,86,152 है। इसमें से 1,29,37,458 पुरुष व 1,24,48,225 महिला मतदाता हैं। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 469 है। मतदाता सूची में शामिल 18

से 22 वर्ष तक के 21,67,270 युवा मतदाता पहली बार आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. इसमें 10,64,282 मतदाता युवा व 11,02,903 युवतियां हैं। इनमें अलावा 85 थर्ड जेंडर के मतदाता भी पहली बार वोट डालेंगे।

अभी भी मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं नाम : मतदाता सूची में नये नाम जोड़ने व सुधार करने का कार्य अभी भी जारी है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने तक यह जारी रहेगा। चुनाव से संबंधित सभी तरह की सेवाएं ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन व वोटर सर्विस पोर्टल पर उपलब्ध है। मतदाता चुनाव से जुड़ी किसी भी तरह सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर भी डायल किया जा सकता है।

रांची में तीन केंद्रों पर राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा आज

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक बोर्ड) रांची द्वारा राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 11 फरवरी (रविवार) को ली जाएगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है. रांची में सुबह 11 बजे से 02 बजे तक तीन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसे लेकर 11 फरवरी की सुबह 10 बजे से 03 बजे तक 200 मीटर की परिधि में धारा-144 लागू की गयी है। इन परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था को लेकर रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है. रांची के एलईबीबी उच्च विद्यालय, बालकृष्णा +2 उच्च विद्यालय एवं मारवाड़ी +2 उच्च विद्यालय में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा को लेकर रांची के सदर अनुमंडल

1- पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं सरकारी कार्यक्रम एवं शव यात्रा को छोड़कर) पर रोक है।

2- किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करना है।

3- किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदूक, राइफल, रिवॉल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर) प्रतिबंधित है।

4- किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर चलने (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर) पर रोक है।

5- किसी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन नहीं कर सकते हैं।

दंडाधिकारी धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह निषेधाज्ञा 11 फरवरी की सुबह 10 बजे से 03 बजे तक प्रभावी रहेगी।

कोल इंडिया मैराथन की सभी तैयारी पूरी धावकों के हर सुविधा का रखा जाएगा ख्याल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के द्वितीय कोल इंडिया मैराथन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। रविवार को रांची के मोरहाबादी में इसका आयोजन किया गया है। इस बार लगभग आठ हजार प्रतिभागी मैराथन में दौड़ लगाएंगे, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से 6100 से अधिक पुरुष और लगभग 1400 महिला धावक हिस्सा ले रही हैं। 500 से अधिक सीसीएल के गेस्ट भी इस मैराथन भाग लेंगे। यह मैराथन बिरसा मुंडा स्टेडियम से सुबह 4:30 बजे शुरू होकर कांके रोड होते हुए मोरहाबादी में संपन्न होगी। प्रतियोगिता में 33 लाख रुपये से अधिक की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी। मैराथन का आयोजन महिलाओं और पुरुषों की चार श्रेणियों में किया जा रहा है, जिसमें 42.195 किमी की फुल मैराथन,

प्रख्यात एथलिट व भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा पहुंची रांची

21.098 किमी की हाफ मैराथन, 10 किमी एवं 5 किमी मैराथन शामिल है। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा भी इस मैराथन में शिरकत करेंगी। मैराथन में हिस्सा लेने के लिए शनिवार की शाम पीटी उषा रांची पहुंची। कंपनी के चेयरमैन पीएम प्रसाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। साथ ही मुंबई मैराथन की द्वितीय एवं तृतीय विजेता रेशमा केवाटे एवं श्यामली सिंह इस मैराथन में भाग ले रही हैं। मैराथन की दुनिया में वन लेग उदय नाम से मशहूर उदय भी हॉफ मैराथन में भाग लेंगे। इनके साथ कोल इंडिया मैराथन के विजेता अर्जुन टुडू भी शामिल होंगे। सीसीएल के सीएमडी डॉ. वी बीरा रेड्डी ने शनिवार को बताया कि मैराथन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतिभागियों की हर सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है। पूरे रास्ते में सुरक्षा के इंतजाम रहेंगे। पूरे रास्ते में लगभग 20 रिफ्रेशमेंट सेंटर बनाए गए हैं। यह मैराथन एआईएमएस द्वारा प्रमाणित है। झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन व जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है। बेहतर संचालन के लिए मैराथन के दौरान आपातकालीन चिकित्सीय सेवा के लिए मेडिकल टीम के साथ ही सीसीएल के सुरक्षा कर्मी भी उपस्थित रहेंगे।

पलामू समेत नौ सीटों पर लड़ना चाहती है कांग्रेस : रामेश्वर उरांव

नवीन मेल संवाददाता। रांची

गढ़वा/ रांची : कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस पार्टी नौ लोकसभा सीटों पर लड़ना चाहती है। इनमें लोहरदगा, खूंटी, चाईबासा, गोड्डा, कोडरमा, रांची, हजारीबाग, धनबाद एवं पलामू लोकसभा सीट शामिल है। जबकि राजद को राज्य में एक सीट चतरा दिया जा सकता है। यद्यपि अभी यह अंतिम नहीं है। इस पर सभी पार्टी के आलाकमान साथ मिलकर राय-विचार करेंगे, तब जाकर इसे अंतिम रूप दिया जायेगा। न्याय यात्रा के निमित गढ़वा पहुंचे रामेश्वर उरांव ने स्थानीय परिसदन में पत्रकारों को बताया कि सभी का मकसद एक ही है, भाजपा को पराजित करना। इस वजह से रिजल्ट बेहतर हो, इस पर सभी दलों को फोकस करना है। जैसे-तैसे लड़ने से कुछ नहीं होगा। उरांव ने कहा कि हेमंत सोरेन के मामले में सबूतों को तोड़ा-मरोड़ा गया है।

यह कोर्ट में नही टिक पायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गैर भाजपाई राज्यों में ही कार्य कर रही है और वहां की सरकारों को डिस्टर्ब कर रही है। मंत्रिमंडल में किसे स्थान मिलेगा, इस पर उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षा तो सभी की रहती है, कोई भी कुर्सी छोड़ना नहीं चाहता है। उन्हें पार्टी जो भी जिम्मेवारी देगी, उसका वे निर्वहन करेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

ईडी की कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी के आवास व कार्यालयों पर छापेमारी

बेंगलुरु। ईडी ने शनिवार को कर्नाटक कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी के बेल्लारी और बेंगलुरु स्थित आवासों और कार्यालयों सहित 13 स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी उनके पिता सूर्य नारायण रेड्डी, चाचा प्रताप रेड्डी और रिश्तेदार सतीश रेड्डी के घरों और कार्यालयों पर भी हो रही है। 20 ईडी अधिकारियों की चार स्पेशल टीमें छापेमारी करने के लिए सुबह-सुबह बेल्लारी पहुंचीं। यह ऑपरेशन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सुरक्षा में चलाया जा रहा है।

देव भूमि को दैत्यभूमि नहीं बनने देंगे: मिलिंद

नई दिल्ली। उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई हिंसा को गंभीरता से लेते हुए विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने शनिवार को कहा कि देव भूमि को दैत्यभूमि नहीं बनने देंगे। उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुपालन और शासन-प्रशासन के कार्यों में बाधा पहुंचाते हुए ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों के साथ थाने को घेर कर किये गए जानलेवा हमलों से समूचा देश स्तब्ध है। अब समय या गया है कि इन देश विरोधी हिंसक जिहादियों व उनके पैरोकारों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई हो, जिससे इनकी आगे आने वाली पीढ़ी भी हिंसा के बारे में सोच भी ना सकें।

शूटिंग के दौरान मिथुन के सीने में दर्द अस्पताल में भर्ती

कोलकाता। शूटिंग के दौरान शनिवार को बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता व भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें कोलकाता के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें अचानक सीने में दर्द की शिकायत हुई।

हवन में हड्डी डालना सही नहीं : शाह

राम मंदिर पर चर्चा के दौरान कांग्रेस पर बरसे गृह मंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के आखिरी दिन ऐतिहासिक राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा पर चर्चा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है, जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वो अपने अस्तित्व और वजूद को खो देते हैं।

अमित शाह ने कहा, देश की कल्पना राम और रामचरितमानस के बिना नहीं की जा सकती है, जो देश को जानना चाहते हैं, जीना और पहचानना चाहते हैं, वो राम और रामचरितमानस के बिना जी नहीं सकते।

इस दौरान अमित शाह ने राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाने वाले कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने आज पूरी

दुनिया में पंथनिरपेक्ष चरित्र को उजागर किया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना है। अमित शाह ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हमारे गुजरात में एक कहावत है हवन में हड्डी नहीं डालना चाहिए। अमित शाह ने कहा, "जो लोग राम के बिना भारत की कल्पना करते हैं, वो भारत को नहीं जानते। वो हमारे गुलामी के काल का प्रतिनिधित्व करते हैं, राम प्रतीक हैं कि करोड़ों लोगों के लिए आदर्श जीवन कैसे जीना चाहिए, इसलिए उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम कहा गया है। राम का राज्य किसी एक धर्म और समुदाय के विशेष के लिए नहीं है, राम का राज्य आर्दश राज्य कैसा होना चाहिए, इसका प्रतीक न केवल भारत बल्कि समग्र देशों के लिए बना हुआ है।"

उन्होंने कहा, कई देशों ने भी रामायण को स्वीकारा है और एक आदर्श ग्रंथ के रूप में प्रतिस्थापित किया है। विदेशों में नेपाल, इंडोनेशिया, कंबोडिया, तिब्बत इन सभी भाषाओं में रामायण का अनुवाद हुआ है और उससे प्रेरणा भी ली जाती है। अमित शाह ने कहा, "मैं आज अपने मन की बात और देश की जनता की आवाज को इस सदन के सामने रखना चाहता हूं, जो वर्षों से कोर्ट के कागजों में दबी हुई थी। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उसे आवाज भी मिली और अभिव्यक्ति भी मिली।" बता दें कि लोकसभा में ऐतिहासिक राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा पर चर्चा की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी के सांसद सत्यपाल सिंह ने की। उन्होंने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने भगवान राम को नकारा, इसलिए आज आज उनकी ये स्थिति है।

अमेरिका व ब्रिटेन ने यमन में हैती ठिकानों पर किये हवाई हमले

सना। मीडिया ने बताया कि अमेरिकी-ब्रिटिश गठबंधन ने यमन के उत्तरी प्रांत सादा में हैती ठिकानों पर दो हवाई हमले किए हैं। हैती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने कहा कि हमलों में उत्तरी सीमावर्ती जिले बाकिम के अल-कुतायनात इलाके को निशाना बनाया गया। अल-मसीरा टीवी के अनुसार, ये हमले पश्चिमी बंदरगाह शहर होदेइदाह में कई स्थानों पर हौथी स्थलों को निशाना बनाकर शुक्रवार तड़के किए गए सिलसिलेवार हवाई हमलों के कुछ घंटों बाद हुए। यमन में हैती सेना पिछले नवंबर के मध्य से शिपिंग लेन पर मिसाइल हमले कर रही है, उनका कहना है कि वे गाजा में फिलिस्तीनियों के समर्थन में इजरायल, अमेरिका और ब्रिटिश वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। समूह को रोकने के प्रयास में अमेरिकी-ब्रिटिश समुद्री गठबंधन ने जवाबी कार्रवाई की।

महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल से की मुलाकात

एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की और उनसे सूबे में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की सिफारिश करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल को राज्य में हो रही राजनीतिक गुंडागर्दी की भी जानकारी दी। राज्यपाल से मुलाकात के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने पत्रकारों को बताया कि महाराष्ट्र में गुंडागर्दी चल रही है और बंदूक की नोक पर दबाव तंत्र चलाया जा रहा है, जाति-धर्म का भेद पैदा किया जा रहा है। राज्य की महागठबंधन सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज, राजर्षि साहू महाराज, फुले, अंबेडकर की सोच को धूमिल करने का पाप कर रही है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति काफी गंभीर हो गयी है। उन्होंने बताया कि मांग की गई है कि राज्यपाल इस पर गंभीरता से ध्यान दें और केंद्र सरकार से राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश करें। नाना पटोले ने कहा कि दो महीने पहले उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात की थी और उन्हें राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया था, जिसके बाद राज्यपाल ने पुलिस महानिदेशक को बुलाकर इसमें सुधार करने का निर्देश दिया था लेकिन अब नये पुलिस महानिदेशक आ गये हैं और कानून व्यवस्था की स्थिति और खराब हो गयी है। पुलिस महानिदेशक ने खुद माना है कि पुलिस पर जनता का भरोसा कम हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि फुले, शाहू, अंबेडकर के राज्य में अपराधियों को सरकारी संरक्षण मिल रहा है। राज्यपाल को बताया गया कि राजनीति का अपराधीकरण हो रहा है। राज्य में विपक्षी नेताओं को भी अपनी बात रखने का मौका दिया जाना चाहिए।

जयंत को बोलने से रोका गया, मुझे पद त्याग का विचार आया : धनखड़

एजेंसी। नई दिल्ली

जब राज्यसभा में शनिवार को जयंत चौधरी बोलने के लिए खड़े हुए तो प्रतिपक्ष के कुछ नेताओं ने अपनी आपत्ति जताई। जयंत चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के विषय पर अपनी बात रख रहे थे। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इस पर गहरी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मेरे मन में एक विचार पद त्याग का भी आया। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन में बहुत कठिन पल आए हैं, मैंने अपने जवान बेटे को खोया, लेकिन आज की पीड़ा... जब जयंत चौधरी बोल रहे थे, जयराम रमेश क्या कह रहे थे। मैंने सुना 'जहां जाना है, जाओ।' श्मशान घाट पर उत्सव नहीं मनाया जाता है। यह हरकत नजरअंदाज नहीं कर सकते। चौधरी चरण सिंह किसी परिवार तक सीमित नहीं हैं। राज्यसभा के सभापति ने कहा, जगदीप धनखड़ के साथ कुछ भी

कीजिए यह आपका विवेक है, लेकिन मैं इस आसन पर बैठा हूं। आसन को चुनौती देना किसी को शोभा नहीं देता। खासतौर पर प्रतिपक्ष के नेताओं को। मैं आप सबसे माफी मांगता हूं कि मैं सदन की इस गिरावट को रोक नहीं पाया, कोई अंकुश नहीं लग पाया। दरअसल, आरएलडी नेता व राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी, अपने दादा व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के मुद्दे पर शनिवार को राज्यसभा में भाषण देने के लिए खड़े हुए। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से आपत्ति जताई गई।

'जनजातीय जीवनशैली जलवायु परिवर्तन का समाधान'

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि जनजातीय समुदाय की जीवनशैली ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की वैश्विक समस्या का समाधान प्रदान करती है। राष्ट्रपति मुर्मू ने यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आदि महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद कहा जनजातीय समुदायों से प्रकृति के साथ सद्भाव से रहना सीखने की जरूरत पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने का प्रयास कर रहा है, तब जनजातीय समुदाय की जीवनशैली और भी अनुकरणीय हो जाती है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की अंधी दौड़ ने धरती मां और प्रकृति को बहुत नुकसान पहुंचाया है। अंधाधुंध विकास की होड़ में एक ऐसा वातावरण बना दिया गया, जिसमें यह सोच उत्पन्न हुई कि बिना प्रकृति को नुकसान पहुंचाए

प्रगति संभव ही नहीं है। हालांकि सच्चाई इसके विपरीत है। दुनिया भर में जनजातीय समुदाय सदियों से प्रकृति के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में रह रहे हैं। हमारे जनजातीय भाई-बहन अपने जीवन के हर पहलू में आसपास के परिवेश, पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं का ध्यान रखते रहे हैं। हमें उनकी जीवनशैली से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश विविधताओं से परिपूर्ण है। इस 'विविधता में एकता' का भाव हमेशा मौजूद रहा है। इस भावना का कारण हमारी एक-दूसरे की परंपराओं, वेश-भूषा, खान-पान और भाषा को जानने, समझने और अपनाने का उत्साह है। एक-दूसरे के प्रति सम्मान की यही सम्मान का भाव हमारी एकता के मूल में है। आदि महोत्सव में विभिन्न राज्यों की जनजातीय संस्कृति और विरासत का अनूठा संगम देखकर वह बहुत खुश हुईं। उन्होंने कहा कि यह देश के कोने-कोने के आदिवासी भाई-बहनों की जीवनशैली, संगीत, कला और खानपान से परिचित होने का अच्छा अवसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस महोत्सव के दौरान लोगों को आदिवासी समाज के जीवन के कई पहलुओं को जानने और समझने का अवसर मिलेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि आधुनिक युग की एक महत्वपूर्ण देन प्रौद्योगिकी ने हमारे जीवन को आसान बना दिया है। यह ठीक नहीं है कि हमारा जनजातीय समुदाय आधुनिक विकास के लाभ से वंचित रहे। उनके योगदान ने देश के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और भविष्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि हम प्रौद्योगिकी का उपयोग समाज के सभी लोगों, विशेषकर वंचित वर्गों के सतत विकास और सर्वांगीण विकास के लिए करें। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के पास पारंपरिक ज्ञान का अमूल्य भंडार है। यह ज्ञान दशकों से पारंपरिक रूप से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होता रहा है। हालांकि अब कई पारंपरिक कौशल खत्म होते जा रहे हैं। यह ज्ञान परंपरा लुप्त होने के कगार पर है। जिस तरह कई वनस्पतियां और जीव-जंतु विलुप्त हो रहे हैं, उसी तरह पारंपरिक ज्ञान भी हमारी सामूहिक स्मृति से गायब हो रहा है। हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि हम इस अमूल्य निधि को संचित करें और आज की आवश्यकता के अनुसार इसका उचित उपयोग भी करें। इस प्रयास में प्रौद्योगिकी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। राष्ट्रपति ने अनुसूचित जनजातियों के लिए वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ-एसटी) के शुभारंभ की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे एसटी समुदाय के लोगों के बीच उद्यमिता और स्टार्ट-अप संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आदिवासी समुदाय के युवाओं से आग्रह किया कि वे इस योजना का लाभ उठाकर नये उद्यम स्थापित करें और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें।

मुझे गोली मारकर अपना सपना पूरा करो : डीके सुरेश

एजेंसी। बेंगलुरु

कर्नाटक के कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने शनिवार को कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता केएस ईश्वरप्पा उन्हें गोली मारकर अपना सपना पूरा कर सकते हैं। सुरेश ने कहा, आप (ईश्वरप्पा) गरीबों को भड़काकर उनका उत्पीड़न क्यों करना चाहते हैं? मुझे समय दीजिए, मैं स्वयं आकर आपके सामने खड़ा हो जाऊंगा। आपको दूसरों की क्या जरूरत है? आप मुझे गोली मार कर अपने सपने पूरे कर सकते हैं और

प्रशंसापात्र बन सकते हैं। इससे पहले ईश्वरप्पा ने कहा था कि वह दक्षिण भारत के लिए एक अलग राष्ट्र वाली उनकी टिप्पणी के लिए कांग्रेस सांसद डीके सुरेश को गोली मार देंगे। सुरेश ने कहा कि हर कोई इतिहास और भाजपा को जानता है। महात्मा गांधी की हत्या का श्रेय भाजपा को जाता है। जब मैंने कन्नड़ और कर्नाटक के लोगों के लिए आवाज उठाई, तो ऐसी खबरें हैं कि लोगों से मुझे गोली मारने के लिए कहा जा रहा है।

बांग्लादेश में रुलाने लगा प्याज, 120 टका में एक किलो

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश में आम आदमी के लिए प्याज खरीदना मुश्किल हो गया है। एक सप्ताह में प्रति किलोग्राम प्याज के मूल्य में 30 टका (बांग्लादेश की मुद्रा टका है) का इजाफा हुआ है। भारतीय मुद्रा में एक टका का मूल्य 76 पैसे होता है। इस समय बांग्लादेश में एक किलोग्राम प्याज

120 टका में बिक रहा है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि पिछले सप्ताह रसोई की कई वस्तुओं की कीमत में कमी देखी गई है, लेकिन प्याज की कीमत अनियंत्रित बनी हुई है। पिछले हफ्ते प्याज का मूल्य प्रति किलोग्राम 90 टका था। सात दिन में यह बढ़कर 120 टका हो गया है। ढाका के प्रमुख आलू-प्याज विक्रेता एमडी सलीम का कहना है कि यह सचमुच चिंताजनक है। प्याज की कीमत लगातार बढ़ रही है। पिछले शुक्रवार को उन्होंने एक किलोग्राम प्याज 90 टका में बेची। अब वह 120 टका प्रति किलोग्राम पर बेचने को विवश हैं। दुर्भाग्य से इस उतार-चढ़ाव पर नियंत्रण उनके वश में नहीं है। सलीम का कहना है कि रमजान से पहले कीमत में कटौती की कोई संभावना नहीं है।

दलित-आदिवासी सरकार की कल्याण योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी : पीएम

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने को अपनी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि गरीब कल्याण की हर योजना के सबसे बड़े लाभार्थी दलित, ओबीसी और आदिवासी परिवार ही हैं। वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत विकसित गुजरात कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान पूरे गुजरात में प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य आवास योजनाओं के तहत निर्मित 1.3 लाख से अधिक घरों का उद्घाटन और भूमि पूजन किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान आवास योजनाओं के लाभार्थियों से बातचीत भी की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी का सबसे अधिक लाभ अगर किसी को हुआ है तो दलित, ओबीसी और आदिवासी परिवारों को हुआ है। गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को विकसित भारत

का स्तंभ बताते हुए उन्होंने कहा कि इनका सशक्तीकरण हमारी प्रतिबद्धता है। देश में हर किसी को घर देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी गरीब के लिए उसका अपना घर उसके उज्ज्वल भविष्य की गारंटी होता है लेकिन समय के साथ परिवार बढ़ रहे हैं, इसलिए नए घरों की जरूरत भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि हर किसी के पास पक्की छत हो, अपना खुद का घर हो। प्रधानमंत्री ने पीएमएवाई के तहत आवास प्राप्त करने वालों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब ऐसे काम होते हैं, तभी देश कहता है 'मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की भी गारंटी।'

नवाज की पार्टी को 69 सीटें, पीपीपी को मात्र 51 सीटें मिली हैं

पाकिस्तान के आम चुनाव में पीटीआई समर्थित 98 उम्मीदवार जीते

एजेंसी। इस्लामाबाद

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से जुड़े निर्दलीय उम्मीदवारों ने आम चुनावों में नेशनल असेंबली की अधिकांश सीटें जीत लीं। धीमी गिनती और धांधली के आरोपों से प्रभावित नतीजों में यह आश्चर्यजनक जीत है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान चुनाव आयोग का कहना है कि निर्दलीय उम्मीदवारों ने अब तक 98 सीटें जीती हैं, जबकि 22 सीटों पर अभी भी दावा नहीं किया गया है। अधिकांश निर्दलीय उम्मीदवार खान की पीटीआई से संबद्ध हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएलएन) ने अब तक 69 सीटें जीती हैं जबकि पाकिस्तान

पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) 51 सीटों पर विजयी हुई है।

शेष 22 सीटें पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की अध्यक्षता वाली पीएमएलएन या पीपीपी को बढ़त दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं होंगी, भले ही वे सभी सीटें जीत लें। फिर भी देश की तीन बड़ी पार्टियों में से कोई भी संसद में बहुमत के लिए जरूरी 169 सीटें नहीं जीत पाएगी। इसलिए वे अपने दम पर सरकार बनाने में असमर्थ होंगे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को जारी एक भाषण में इमरान खान के एआई-जनरेटेड वर्जन ने चुनाव में जीत का दावा किया और अपने समर्थकों से 'अब अपने वोट की रक्षा करने की ताकत दिखाने' का आह्वान किया। इमरान खान अगस्त से जेल में हैं। वह अपने समर्थकों तक संदेश पहुंचाने के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं।

पाकिस्तान में पीपीपी के हिंदू नेता महेश मलानी चुनाव जीते

इस्लामाबाद। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय बेनजीर भुट्टो की विरासत वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के हिंदू उम्मीदवार महेश कुमार मलानी सिंध प्रांत की एनए-215 सीट से चुनाव जीत गए हैं। 2018 के चुनाव में वह पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के टिकट पर दक्षिणी सिंध प्रांत में थारपारकर सीट (एनए-222) से चुने गए थे। मलानी उन नेताओं में शुमार हैं जिनकी पैठ थारपारकर में न सिर्फ हिंदू बल्कि मुस्लिम समुदाय के बीच भी अच्छी खासी है। वो पार्टी के पुराने नेता हैं।

एबीवीपी और जेएनयूएसयू के बीच झड़प के बाद तनाव बढ़ा

सुरक्षा बढ़ाई

एजेंसी। नई दिल्ली

एबीवीपी और जेएनयूएसयू के बीच शुक्रवार रात को आम सभा की बैठक (जीबीएम) के दौरान झड़प हुई, जिसमें करीब 15 लोग घायल हुए। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को सुरक्षा बढ़ा दी है और कहा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन के संपर्क में हैं। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के डीसीपी रोहित मीणा ने कहा छात्रों के बीच बैठक के दौरान हाथापाई हुई। हम जेएनयू प्रशासन के संपर्क में हैं और मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए जेएनयू परिसर के बाहर भी सुरक्षा बढ़ा दी है। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन अनुरोध करेगा तो कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए परिसर में भी बल तैनात किया जाएगा।

चुनाव आयोग ने शुक्रवार देर रात 2024 जेएनयू छात्र संघ चुनावों के लिए सदस्यों को नामांकित करने के लिए बैठक बुलाई। इस दौरान आरएसएस से जुड़े एबीवीपी और वाम समर्थित समूहों के बीच जेएनयू परिसर में साबरमती ढाबा पर झड़प हो गई। सूत्रों के मुताबिक, झड़प के दौरान दोनों छात्र संगठनों के करीब 15 छात्र घायल हो गए।

शनिवार सुबह जेएनयूएसयू सदस्यों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि, एबीवीपी भी शिकायत दर्ज कराएगी। डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन ने एबीवीपी के सदस्यों पर मंच पर आकर यूजीबीएम को बाधित करने, परिषद के सदस्यों और वक्ताओं को परेशान करने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया पर दोनों समूहों से साझा किए गए वीडियो में एबीवीपी और जेएनयूएसयू सदस्य तीखी बहस में लगे हुए हैं, जबकि विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मी व्यवस्था बहाल करने का प्रयास कर रहे हैं।